CMYK

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

खबरें छुपाता नही, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शनिवार 11 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 3 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2083 | 22 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी ने रचा नया इतिहास: योगी पेज 2



पंजाब किंग्स का लक्ष्य एसआरएच के खिलाफ अपनी लय को बनाए रखना खेल टाइम्स



वृद्धावस्था का एक रोग जो बना चुनौती सम्पादकीय



होर्मुज में ईरान के टैक्स लेने पर भड़के ट्रम्प, बोले- यह वह समझौता नहीं जो हमने किया पेज 12

# ईरान-अमेरिका वार्ता पर सस्पेंस

## ईरान की ओर से अभी तक कोई साफ संदेश नहीं, जेडी वेंस पाक के लिए रवाना

### इस्लामाबाद में प्रस्तावित है वार्ता

**तेहरान/वाशिंगटन।**

अमेरिका के साथ होने वाली सीजफायर बातचीत के लिए ईरानी डेलिगेशन अब तक पाकिस्तान नहीं पहुंचा है। शनिवार को इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच अहम बैठक प्रस्तावित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान लेबनान में जारी इजरायली हमलों से नाराज है और इसी वजह से उसने बातचीत को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अभी तक उसकी ओर से बैठक में शामिल होने को लेकर साफ संकेत नहीं मिले हैं। इससे पहले खबर आई थी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, लेकिन ईरानी मीडिया ने इन दावों को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि 8 अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बनी थी। उसी के तहत इस्लामाबाद में यह बातचीत तय हुई है। अब यह देखना अहम होगा कि क्या तय समय पर यह बैठक हो पाती है या फिर हालात के चलते इसमें बदलाव होता है।

वहीं पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने कूटनीतिक मोर्चे पर बड़ा कदम उठाया है। जेडी वेंस इस्लामाबाद के लिए रवाना हो गए हैं, जहां वे ईरान के साथ अहम बातचीत में हिस्सा लेंगे। यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब क्षेत्र में संघर्षविराम बना हुआ है, लेकिन हालात अब भी नाजुक हैं। वेंस के बयान ने साफ कर दिया है कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन किसी भी तरह की चालबाजी बर्दाश्त नहीं करेगा। रवाना होने से पहले वेंस ने कहा कि अगर ईरान ईमानदारी से बातचीत करता है, तो अमेरिका भी सकारात्मक रुख अपनाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका खुले हाथ से बातचीत करना चाहता है, लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर ईरान ने बातचीत में खेल करने की कोशिश की तो अमेरिकी टीम सख्त रुख अपनाएगी। यह बयान साफ संकेत देता है कि बातचीत के साथ-साथ दबाव की रणनीति भी जारी रहेगी। यह वार्ता पश्चिम एशिया में एक महीने से जारी तनाव को खत्म करने के मकसद से हो रही है।



- **ईरान की मांग पहले लेबनान में सीजफायर, फिर होगी बात**
- **अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी, वार्ता असफल रही, तो ईरान पर होंगे भीषण हमले**



अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस

हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते का संघर्षविराम हुआ है। अब यह बातचीत उसी को आगे बढ़ाने और स्थायी शांति का रास्ता निकालने के लिए अहम मानी जा रही है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वेंस करेंगे। उनके साथ विशेष दूत स्टीव विटकाफ और जारेड कुशनर भी शामिल हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक यह बैठक शनिवार सुबह स्थानीय समय के अनुसार होगी और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

## होर्मुज में ईरान के टैक्स लेने पर भड़के ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमधय से तेल की आवाजाही को बाधित करने के तरीके पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ईरान इस मामले में बहुत खराब काम कर रहा है और इसे अशोभनीय बताया।

युद्धविराम की प्रभावशीलता पर सवाल राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल को गुजरने देने के मामले में बहुत खराब काम कर रहा है, कुछ लोग इसे अशोभनीय कहेंगे। यह वह समझौता नहीं है जो हमने किया है। डोनाल्ड ट्रम्प की यह टिप्पणी तेल टैंकरों से शुल्क लेने की रिपोर्टें सामने आने के बाद आई है। इससे पहले ट्रम्प ने यह भी ट्वीट किया था कि ऐसी रिपोर्टें हैं कि ईरान होर्मुज जलडमरूमधय से गुजरने वाले टैंकरों से शुल्क ले रहा है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और अगर वे कर रहे हैं, तो उन्हें अभी बंद कर देना चाहिए। व्हाइट हाउस युद्धविराम समझौते के हिस्से के रूप में जलडमरूमधय को फिर से खोलने का समर्थन करता है। हालांकि, उनका कहना है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के सैन्य बल का विरोध करते हैं, जो अभी भी जलमार्ग को नियंत्रित करता है और गुजरने वाले जहाजों पर टोल वसूल कर राजस्व बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

वहीं ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसियों ने एक चार्ट जारी कर संकेत दिया है कि युद्ध के दौरान ईरानी अद्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज जलडमरूमधय में समुद्री बारूदी सुरंगें बिछाई थीं। यह कदम अमेरिका पर दबाव बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है, जबकि दो सप्ताह के अस्थिर युद्धविराम के बीच पाकिस्तान में आगे की वार्ताओं की संभावना बनी हुई है। होर्मुज का यह चार्ट आईएसएनए समाचार एजेंसी के साथ-साथ तस्नीम ने जारी किया है, जिन्हें रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) का करीबी माना जाता है। चार्ट में फारसी में होर्मुज के ट्रैफिक रूट पर खतरनाक क्षेत्र दर्शाया गया है।

## जाति जनगणना रोकने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली, वार्ता**

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सीजेआई सूर्यकांत ने एक याचिककर्ता को कड़े शब्दों में फटकार लगा दी। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार को जाति जनगणना रोकने, संसाधनों के पुनर्वितरण को जनसंख्या उत्तरदायित्व से जोड़ने और एक बच्चे वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करने वाली नीतियां बनाने का निर्देश देने वाली याचिका लगाई गई थी।



- **ऐसी अभद्र भाषा कहां से लाते हैं, सीजेआई ने याचिककर्ता को लगाई कड़ी फटकार**

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की अधयक्षता वाली न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा कहां से सीखते हैं? ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं आप लोग? आप लोग याचिका कैसे लिखते हैं अदालत ने जनहित याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा के लिए याचिकाकर्ता की आलोचना की। सीजेआई सूर्यकांत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए याचिकाकर्ता से कहा कि आपने अपनी याचिका में बदतमीजी की भाषा लिखी है। आपने अपनी याचिका में अभद्र भाषा लिखी है। आपकी याचिका किसने लिखी ह। इससे पहले दो फरवरी को शीर्ष अदालत ने 2027 की आम जनगणना में नागरिकों के जातिगत आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली एक अलग जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया था। 2027 की जनगणना, जो आधिकारिक तौर पर 16वीं राष्ट्रीय जनगणना है, 1931 के बाद पहली बार व्यापक जाति गणना को शामिल करने वाली और देश की पहली पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी।

## गगनयान का दूसरा एयर ड्राप टेस्ट हुआ सफल

**नई दिल्ली।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारियों को लेकर एक अहम उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने इस सफलता पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि गगनयान मिशन के तहत दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्राप टेस्ट (आईण्डीटी-02) सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह परीक्षण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में आयोजित किया गया। आईण्डीटी यानी इंटीग्रेटेड एयर ड्राप टेस्ट गगनयान मिशन का एक बेहद अहम और तकनीकी रूप से जटिल परीक्षण है। इस मिशन की सबसे बड़ी चुनौती अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना है। जब अंतरिक्ष यात्री अपना मिशन पूरा कर लौटेंगे, तब उनका क्रू माड्यूल पृथ्वी के वायुमंडल में अत्यधिक गति से प्रवेश करेगा। इस दौरान उसकी रफ्तार को नियंत्रित करना और सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करना बेहद जरूरी होता है। यहीं पर पैराशूट सिस्टम की भूमिका अहम हो जाती है।

- **दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्राप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया, परीक्षण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में हुआ**

## यूपी में अंतिम मतदाता सूची जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में 166 दिन तक चली विषेश गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद (एसआईआर) प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है।

इस सूची के अनुसार प्रदेष्ठा में 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। प्रदेश के कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष, जबकि 45.46 प्रतिशत महिला मतदाता हैं। इसके पहले, प्रदेश में 27 अक्तूबर 2025 को फ्रीज मतदाता सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे। एसआईआर के बाद प्रदेश में 13 करोड़ 39 लाख मतदाता रह गए हैं। एसआईआर की प्रक्रिया में प्रदेश में दो करोड़ (2.05) करोड़ मतदाता घट गए हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 6 जनवरी को जारी की गई मसौदा मतदाता सूची के सापेक्ष अंतिम मतदाता सूची में कुल 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के नाम छूट गए हैं, वो मतदाता फार्म 6 भरकर सूची में शामिल हो सकते हैं। जारी की गई अंतिम मतदाता सूची के अनुसार प्रदेश में पुरुष मतदाताओं की संख्या 7 करोड़, 30 लाख, 71 हजार 61 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 6 करोड़, नौ लाख, नौ हजार 525 है। वहीं तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 4 हजार 206 है। प्रदेश में 18 से 19 आयुवर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख, 63 हजार 360 है। अंतिम मतदाता सूची के अनुसार प्रयागराज में मतदाताओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। यहां पर 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता बढ़े। वहीं लखनऊ में 2 लाख, 85 हजार 961 मतदाता, बरेली में 2 लाख 57 हजार 920 मतदाता, गाजियाबाद में 2 लाख 43 हजार 666 मतदाता और जौनपुर में 2 लाख 37 हजार 590 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इसके पहले 6 जनवरी को 12.55 करोड़ मतदाताओं की मसौदा सूची जारी की गई थी। उसके बाद 6 मार्च तक लोगों से इस ड्राफ्ट मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां ली गईं। कुल 86.69 लाख लोगों ने मतदाता सूची में नाम शामिल किए जाने के लिए फार्म-6 भरा। वहीं 3.18 लाख लोगों ने नाम कटवाने के लिए फार्म-7 भरा है। मतदाता सूची में 1.04 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनके नाम का मिलान माता-पिता, बाबा-दादी व नाना-नानी से न होने के कारण इन्हें नोटिस दिया गया था। वहीं 2.22 करोड़ लोग तार्किक विसंगति वाले थे।



- **राज्य में एसआईआर के बाद 2 करोड़ मतदाताओं के नाम कटे, कुल वोटर 13.39 करोड़**

## जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा, घर में मिले थे भारी मात्रा में जले हुए नोट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में तैनात जस्टिस यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। उनके दिल्ली वाले घर में भारी मात्रा में जले हुए नोट मिलने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच चल रही थी। साथ ही महाभियोग की भी चर्चा थी। इसी बीच उन्होंने पद से त्याग पत्र दे दिया है। दिल्ली वाले घर में जले हुए कैश मिलने के बाद उनका स्थानांतरण इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। पांच अप्रैल 2025 को उन्होंने शपथ ग्रहण किया था। न्यायिक कार्य से उनको फिलहाल अलग किया गया था। उनके खिलाफ महाभियोग लाने के मामले में कमेटी का गठन किया गया है। कई सांसदों ने संसद में जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए नोटिस दिया था। फिलहाल जस्टिस वर्मा के खिलाफ आतंरित जांच कमेटी जांच कर रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू को दिए गए त्यागपत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा ने लिखा है- यद्यपि मैं आपके आदरणीय कार्यालय को उन कारणों से विवश नहीं करना चाहता, जिनके कारण मुझे यह पत्र प्रस्तुत करना पड़ रहा है। फिर भी अत्यंत पीड़ा के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से अपना त्यागपत्र दे रहा हूं। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।

## नागल में गिट्टी से भरा ट्रक सो रहे मजदूरों के ऊपर पलटा, तीन की मौत



मृतकों के फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** थाना क्षेत्र के सीडकी झबरेड़ा मार्ग पर गांव बोहडुपुर के निकट बीती रात निर्माणाधीन पुल के निकट टीन की टपरी में सो रहे मजदूरों के पास खनन से भरे पलटे ट्रक की गिट्टी गिरने से उसके नीचे दबकर तीन मजदूरों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव बोहडूपुर के निकट नदी पर पुल निर्माण व सड़क चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते सड़क के बराबर मे वैकल्पिक मार्ग बनाकर यातायात को चलाया जा रहा है। निर्माण स्थल पर मजदूर टीन की टपरी डालकर रह रहे है। रात करीब बारह बजे खनन गिट्टी से भरा एक ट्रक (घोड़ा) एचआर 58 इ 6247 जो खेड़ामुगल की ओर जा रहा था। वैकल्पिक मार्ग पर जाने की बजाय सीधे बंद की गई सड़क पर आ गया और असंतुलित होकर पलट गया। ट्रक के पलटने से उसमें भरी गिट्टी अस्थायी रूप से टीन की बनाई गई टपरी पर गिर गई, जहां पर पांच मजदूर सो रहे थे। वे पांचों गिट्टी के नीचे दब गए। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। इस हादसे के बाद वहां पर अफरा तफरी मच गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचित कर खुद ही गिट्टी को हटाकर बचाव कार्य शुरू कर दिया और पुलिस के आने से पहले ही दो मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया। पुलिस के आने पर बचाव कार्य कर बाकी दबे अन्य मजदूरों को भी बाहर निकालकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने असगर 55 पुत्र नेफी व शौकीन 20 पुत्र हारून, इस्तकार 24 पुत्र अशफाक निवासी महमूदपुर थाना मिर्जापुर को मृत घोषित कर दिया। घायल कर्मवीर 22 पुत्र राजू निवासी असगरपुर थाना मिर्जापुर व गुलफाम को जिला चिकित्सालय मे रेफर कर दिया। पुलिस ने रात में ही सभी का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया कि अभी तक परिजनों द्वारा तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

- **निर्माणाधीन पुल के निकट टीन की टपरी में सो रहे मजदूरों पर झपटी मौत**

## मथुरा: यमुना में नाव पलटने से 10 श्रद्धालुओं की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मथुरा।** शुक्रवार को यमुना में श्रद्धालुओं की नाव पलटने से 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। राहत और बचाव कार्य में जिला प्रशासन ने सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की मदद ली। खबर लिखे जाने तक राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चल रहा था। 10 लोगों के शव बरामद किए जा चुके थे, जबकि 14 से 15 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया था। रेस्क्यू किए गए श्रद्धालुओं को तत्काल उपचार के लिए भेजा गया।

जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को भी इमरजेंसी अलर्ट पर रखा गया है। घटना दोपहर को करीब सवा तीन बजे हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त किया है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक व्यक्त किया है और बचाव और राहत कार्य बडे स्तर पर चलाने के निर्देश दिए हैं। वृंदावन में यमुना पर बंसीवट और केसी घाट के बीच में पेंटून पुल है उसी के पास यह दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों का यही कहना था कि पेंटून पुल से टकराने के बाद नाव नदी में पलट गई। नाव में लुधियाना पंजाब से आए श्रद्धालु सवार थे, जिनकी संख्या 30 से 32 बताई जा रही है। हालांकि श्रद्धालुओं की संख्या के बारे में कोई भी सटीक जानकारी नहीं दे पा रहा था। यहां तक कि जिन लोगों को रेस्क्यू कर बचाया गया वह भी एक निश्चित संख्या नहीं बता पा रहे थे।

बताया गया कि पंजाब के लुधियाना से एक ग्रुप आया है, जिसमें करीब 150 लोग हो सकते हैं, इन्हीं में से कुछ लोग इस नाव पर सवार थे। दूसरी नाव पर भी कुछ श्रद्धालु थे। यह इलाका गोताखोरों का है, गोताखोर बडी संख्या में यहां रहते हैं। नाव पलटने की घटना के पीछे बताया जा रहा है कि यहां विगत दिनों पेंटून पुल के पीपा हटा दिए गए थे, लेकिन उन्हें यमुना से बाहर नहीं निकाला गया था, इन्हीं में से किसी पीपा से नाव टकराई और हादया हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन मिलकर बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू कर दिया। गोताखोर यमुना के गहरे पानी में डूबे हुए लोगों की तलाश में जुटे थे। पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से 15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इनमें से एक श्रद्धालु को संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुखद रूप से, इस हादसे में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय ने इसकी पुष्टि की है। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने बिना देर किए बचाव अभियान शुरू कर दिया। दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी बाधा आ रही है।

- **मुख्यमंत्री ने जताया दुख, बचाव कार्य में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की मदद ली जा रही है**

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट ने एक ही वकील की ओर से पेश 25 जनहित याचिकाएं खारिज कीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को 25 अलग-अलग जनहित याचिकाएं दायर करने वाले वकील को सलाह दी कि उन्हें अदालत में आने के बजाय संबंधित अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए। जैसे ही मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ, याचिकाकर्ता और वकील सचिन गुप्ता ने सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष कहा कि वह अपनी पीआईएल वापस लेना चाहते हैं। पीठ ने गुप्ता से कहा कि आप अपने पेशे पर धयान केंद्रित करें। आपको अदालतों में आने के बजाय अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए, उन्हें कुछ मुद्दों पर अधिक जानकारी देनी चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत की अधयक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जायमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली भी शामिल थे।

### नीतीश कुमार ने राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** बिहार से राज्यसभा के लिए नवनिर्वाचित सदस्य नीतीश कुमार ने शुक्रवार को संसद भवन में सदन की सदस्यता शपथ ली। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने जनता दल यू के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शपथ दिलाई। कुमार ने हिदी भाषा में शपथ ली। वह राज्यसभा के लिए हाल ही में हुए द्विवार्षिक चुनाव में उच्च सदन के लिए चुने गए थे।

### सेना ने कर्नल पुरोहित को ब्रिगेडियर रैंक पर पदोन्नति की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सेना ने महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गिरफ्तारी के बाद चर्चा में आए सेना के कर्नल श्रीकांत पुरोहित की ब्रिगेडियर के रैंक पर पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सेना ने कर्नल पुरोहित के पदोन्नति के आवेदन को सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के स्थगनादेश के बाद मंजूरी दे दी है।

### आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एक बड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए इससे जुड़े 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके अहम कामयाबी हासिल की है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरिवंश सिंह ने ली राज्यसभा की सदस्यता की शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के निवर्तमान उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शुक्रवार को सदन की सदस्यता की शपथ ली। जनता दल यू के वरिष्ठ नेता श्री हरिवंश का राज्यसभा में दूसरा कार्यकाल गुरुवार को ही समाप्त हुआ था और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें आज ही उच्च सदन के लिए मनोनीत किया था। उन्हें उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा के मनोनीत सदस्य रंजन गोगोई के सेवा निवृत होने से रिक्त हुई सीट पर मनोनीत किया गया है। यह श्री हरिवंश का राज्यसभा में तीसरा कार्यकाल होगा। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने श्री हरिवंश को मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। उन्होंने हिन्दी भाषा में शपथ ली।

### धनंजय पर जानलेवा हमले के 24 वर्ष बाद आ सकता है फैसला

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत में शुक्रवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें रखीं। पूरी सुनवाई अंतिम चरण में पहुंचने के कारण इस प्रकरण में जल्द ही बड़ा फैसला आने की उम्मीद जताई जा रही है। अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। प्रकरण के अनुसार, 4 अक्टूबर 2002 को तत्कालीन विधायक और पूर्व सांसद धनंजय सिंह अपने साथियों के साथ जौनपुर लौटते समय जानलेवा हमला हुआ था। आरोप है कि वाराणसी के कैंट थाना क्षेत्र के नदेसर स्थित टकसाल सिनेमा हाल के समीप बोलेरो से उतरे अभय सिंह और उनके साथियों ने अंधाधुंध फायरिग की थी। हमले में धनंजय सिंह, उनके चालक, गनर समेत अन्य लोग घायल हो गए थे।

### सीडब्ल्यूसी की बैठक में खड़गे ने महिला आरक्षण प्रस्ताव पर जताई चिंता

# चुनावी फायदे के लिए श्रेय लेना चाहते हैं पीएम

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ सरकार लंबी खामोशी के बाद अचानक सक्रिय हुई, 33 प्रतिशत आरक्षण को 16 से 18 तक हो रही संसद की बैठक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिला आरक्षण बिल पर मोदी सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार 2029 से इसे लागू कर सीटों को 50 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है, जिसका परिसीमन प्रस्ताव गंभीर होगा। खड़गे ने इसे चुनावी लाभ का प्रयास बताया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में कहा कि आप सभी जानते हैं कि मोदी सरकार लंबी खामोशी के बाद महिला आरक्षण पर अचानक सक्रिय हो गई है। इसी कड़ी में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के मसले पर 16 से 18 अप्रैल के बीच संसद की बैठक होने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से इस बारे में अभी तक हम लोगों के पास कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं आया है। प्रधानमंत्री के लिखे लेख को पढ़कर हमें कुछ बातें पता चली हैं। इस सत्र में सरकार महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक को पास कराना चाहती है, ताकि इस बार के विधान सभा चुनावों में वे इसका श्रेय और फायदा ले सकें। खड़गे ने कहा कि अभी तक जो जानकारियां मिली हैं, उसके मुता. बिक सरकार महिला आरक्षण को 2029 के चुनावों से लागू करना चाहती है। इसके अलावा वह लोकसभा और विधानसभाओं की मौजूदा सीटों को 50 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है। वह लोकसभा की सीटों को 543 से बढ़ाकर 816 करना चाहती है। विधान सभाओं में भी इसी अनुपात में बढ़ोतरी होगी। इस डिलिमिटेशन प्रस्ताव के गंभीर परिणाम होंगे। इसलिए इस पर बहुत गहरे विचार विमर्श की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संसद की बैठक मोदी सरकार अपने राजनीतिक फायदे की मंशा से बुला रही है। वह जल्दी से जल्दी संविधान संशोधन विधेयक पारित करना चाहती है। हमने संसदीय कार्य मंत्री को तीन बार लिखकर कहा था कि 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए मतदान के आखिरी दिन के बाद सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाएं और गंभीरता से चर्चा की जाए, पर हम सबके अनुरोध के बाद भी सरकार ने केवल नैरेटिव बदलने और चुनावी लाभ के लिए हमारी बातों को नहीं माना।

### कांग्रेस ने केंद्र पर यू-टर्न का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर महिला आरक्षण को लेकर यू-टर्न लेने का आरोप लगाया है। रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री मीडिया में लेख लिखकर खुद को महिला आरक्षण का अकेला चैंपियन दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित हुआ था, तब कांग्रेस ने इसे 2024 से लागू करने की मांग की थी लेकिन सरकार ने इसे जनगणना और परिसीमन से जोड़ दिया, जिन प्रक्रियाओं में देरी हुई। करीब 30 महीने बाद संभावित चुनावी नुकसान को देखते हुए सरकार अब अपना रुख बदल रही है।

# यूपी में एसआईआर से काटे पीडीए के वोट: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ जब बीजेपी हारती है तो मिलती है ईसी से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही शुक्रवार को निर्वाचन आयोग द्वारा फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दिए जाने के बाद समा. जवादी पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है।

बीजेपी को निशाने पर लेते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी जब हारने लगती है, तो चुनाव आयोग से हाथ मिला लेती है। उन्होंने दावा किया कि यूपी में बीजेपी को सबसे पहले हराएंगे, उसके बाद राजस्थान या दूसरे राज्यों का रुख करेंगे।

उन्होंने एसआईआर के जरिए पीडीए के वोट काटने का भी आरोप लगाया। फाइनल वोटर लिस्ट आने के बाद अखिलेश यादव ने बीजेपी के साथ ही चुनाव आयोग पर भी सीधा हमला बोला है। जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बीजेपी जब भी हारती है, तो चुनाव आयोग को आगे कर देती है, लेकिन 2027 में बीजेपी को हराएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिये पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यकों के वोट काटे गए। योजना बद्ध तरीके से बीजेपी और चुनाव आयोग पीडीए के नाम डिलीट कर रहे हैं, फॉर्म-7 इसका बड़ा हथियार बना।

# प. बंगाल में महिलाओं को मिलेंगे 3 हजार

## छह महीने में राज्य में यूसीसी लागू करेंगे: अमित शाह

**नई दिल्ली/कोलकाता, वार्ता**



■ बेरोजगार युवकों को भी तीन हजार की मदद: गृहमंत्री

गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के देबरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनजी बंगाल के लोगों की चिंता नहीं करती हैं। उन्हें बस भतीजे अभिषेक बनर्जी को अगला सीएम बनाने में दिलचस्पी है।

भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी का घोषणा पत्र यानी 'भरोसे का पत्र' जारी किया। इसमें महिलाओं को 3 हजार महीना, युवा बेरोजगारों को 3 हजार महीना की मदद, पहले 6 महीने में यूसीसी लागू करना और सरकारी कर्मचारियों को 45 दिन में सातवां वेतनमान देने की घोषणा की गई। शाह ने पत्र जारी करते हुए कहा कि बंगाल की जनता के लिए पिछले 15 साल बुरे सपने के जैसे रहे हैं। ममता घुसपैठियों के जरिए तीसरी बार सीएम बनीं हैं। हम घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करेंगे। राज्य में दो फेज में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। रिजल्ट 4 मई को आएगा। देबरा में एक जनसभा को संबो. धित करते हुए अमित शाह ने कहा कि पिछले 15 सालों से ममता बनर्जी 'मा, माटी, मानुष' के नारे के साथ आती रही हैं, लेकिन हमारे युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ा है और लोगों को तकलीफें उठानी पड़ी हैं। किसानों को भी परेशान होना पड़ा है। भारतीय जनता पार्टी बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त कराना चाहती है, जबकि ममता बनर्जी उन्हें बचाना चाहती हैं। ममता दीदी, आप जो चाहें कर लें, हम हर घुसपैठिये की पहचान करेंगे और उन्हें बंगाल से बाहर निकाल देंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह संकल्प पत्र भरोसे का है। यह सोनार बांग्ला के निर्माण का भरोसा है। उन्होंने कहा कि इस भरोसे के आधार पर रचनात्मक रूप से चुनाव में जाना चाहते हैं। अमित शाह ने कहा कि मुझे भरोसा है कि बंगाल की जनता हमें पांच साल के लिए सरकार बनाने का मौका जरूर देगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं में यूपी ने रचा नया इतिहास: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सरकार ने इलाज को 1400 करोड़ रुपये दिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय में कार्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'नेशनल इंटरवेंशनल का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अब तक गरीब मरीजों के इलाज के लिए 1400 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने कहा कि करीब 9 वर्ष पहले तक यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन आज प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बदलती जीवनशैली पर चिंता जताते हुए कहा कि आधुनिक दिनचर्या ने बीमारियों को बढ़ावा दिया है। हमारे सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक बचाव और दूसरी उपचार। बीमारियों के तेजी से बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जागरूकता और समय पर इलाज बेहद जरूरी है। पहले जहां मात्र 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, वहीं अब केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा दो एम्स भी प्रदेश में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि हर जिले में आईसीयू की सुविधा विकसित की गई है और कई अस्पतालों को कैथलैब से लैस किया गया है। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और लोहिया संस्थान में टेली आईसीयू और टेली-कंसल्टेंसी सेवाओं का विस्तार किया गया है।

# डा. अम्बेडकर के सम्मान में मैराथन आयोजित करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजेंद्र पाल गौतम ने शुक्रवार को बताया कि पार्टी अप्रैल महीने को 'सामाजिक न्याय माह' के रूप में मना रही है और संविधान निर्माता भीमराव रामजी अम्बेडकर के सम्मान में मैराथन का आयोजना किया जाएगा। गौतम ने यहां सवाददाता सम्मेलन में कहा कि अप्रैल का यह महीना देश के लिए गौरवशाली है, क्योंकि इसी माह में कई महानायकों का जन्म हुआ था। इन महानायकों में ज्योतिबा फुले, डा. भीमराव अंबेडकर, राहुल सांकृत्यायन, जगजीवन राम और सम्राट अशोक जैसे महान व्यक्तित्व शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस का अनुसूचित जाति विभाग और पिछड़ा वर्ग विभाग मिलकर 11 अप्रैल को लखनऊ स्थित इंदिरा प्रतिष्ठान में ज्योतिबा राव फुले की जयंती मनाएंगे। इसके बाद रविवार सुबह छह बजे मंडी हाउस, नई दिल्ली से 'सामाजिक परिवर्तन मैराथन' की शुरुआत की जाएगी। इसका शुभारंभ पार्टी नेता राहुल गांधी करेंगे। इस मैराथन को 'रन फॉर अंबेडकर, रन फॉर संविधान' नाम दिया गया है। गौतम ने कहा कि इसका उद्देश्य डा. अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक है। इस मैराथन में भाग लेकर लोगों को उस संविधान के प्रति सम्मान प्रकट करना है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 77550.25
निफ्टी 24050.60



सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 239685
प्रति किलो



# शेयर बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स चढ़ा

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका-ईरान के बीच स्थाई युद्ध विराम के लिए जारी वार्ता के बीच घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौट आई और बीएसई का संसेक्स 918.60 अंक (1.20 प्रतिशत) चढ़कर 77,550.25 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी 275.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की बढ़त में 24,050.60 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 10 मार्च के बाद का उच्चतम बंद स्तर है। स्थाई युद्ध विराम के लिए पाकिस्तान में आज से हो रही वार्ता से बाजार में निवेश धारणा को मजबूती मिली है। चौतरफा लिवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा पैसा लगाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.65 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी की 1.91 फीसदी की गिरावट को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। ऑटो में सबसे अधिक 2.85 प्रतिशत की तेजी रही। बैंकिंग, वित्त और रियलटी सेक्टरों के सूचकांक भी दो प्रतिशत चढ़े। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर चार प्रतिशत के करीब मजबूत हुआ। आईसीआईसीआई बैंक में भी तीन फीसदी से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडिगो, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयर दो से तीन प्रतिशत चढ़े। अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावरग्रिड, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर एक से दो प्रतिशत तक ऊपर बंद हुए। इटरनल, मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा स्टील, बीईएल, एनटीपीसी, भारती एयरटेल और आईटीसी के शेयर भी हरे निशान में रहे। सनफार्मा का शेयर साढ़े तीन फीसदी से अधिक टूट गया। इंफोसिस में करीब तीन प्रतिशत और टीसीएस में करीब ढाई प्रतिशत की गिरावट रही। टेक महिद्रा का शेयर डेढ़ फीसदी और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का एक फीसदी के करीब नीचे बंद हुआ।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमोडिटी मार्केट में शुक्रवार को सोने-चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखी जा रही है, जिससे चांदी 2 लाख रुपये से ज्यादा सस्ती हो चुकी है। एमसीएक्स पर सोने-चांदी में यह गिरावट ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता होने जा रही है।

मल्टी कमोडिटी मार्केट में 10 ग्राम सोने का भाव 1700 रुपये टूटकर 151700 रुपये पर पहुंच गया। इसी तरह चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट आई है, जो 4000 रुपये से ज्यादा गिरकर 2,39,685 रुपये प्रति किलो पर कारोबार कर रही है। सोने के भाव में 1.10 फीसदी और चांदी की कीमतों में 1.70 फीसदी की गिरावट देखी जा रही है। चांदी को रिकॉर्ड हाई लेवल 4.39 लाख रुपये है और अभी 2.39 लाख रुपये पर कारोबार कर रही है।

# यूपी की आध्यात्मिक राजधानी का बौद्ध सर्किट बनेगा आधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ तीन हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों को अब बौद्ध सर्किट नई गति देने जा रहा है।

सारनाथ से कुशीनगर और श्रावस्ती से कपिलवस्तु तक फैला यह आध्यात्मिक गलियारा अब वैश्विक पर्यटन, निवेश और सांस्कृतिक कूटनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रदेश के बौद्ध स्थलों पर बढ़ती पर्यटकों की संख्या इस सर्किट की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है। वर्ष 2025 में कौशाम्बी, संकिसा समेत छह प्रमुख स्थलों पर 82 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे। इन स्थलों को बेहतर सड़क और हवाई कनेक्टिविटी, डिजिटल सुविधाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर की पर्यटन सेवाओं से जोड़ा जा रहा है। इसका सीधा लाभ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिल रहा है, जहां होटल, परिवहन, गाइड सेवा और हस्तशिल्प क्षेत्र में नए अवसर पैदा हो रहे हैं। कुशीनगर में आयोजित कॉन्क्लेव ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक आध्यात्मिक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया। इस आयोजन में 2,300 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जबकि थाईलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान और नेपाल से आए प्रतिनिधियों ने इसे अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप दिया। इस दौरान करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जो बौद्ध सर्किट की आर्थिक क्षमता को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'विकसित उत्तर प्रदेश/2047' के तहत पर्यटन आधारित सकल मूल्य वर्धन में प्रदेश की हिस्सेदारी को 9.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यूनेस्को मान्यता प्राप्त विरासत स्थलों की संख्या को 7 से बढ़ाकर 20 तक पहुंचाने की योजना है। भगवान बुद्ध से जुड़ी यह पावन भूमि, जहां उन्होंने प्रथम उपदेश दिया और महापरिनिर्वाण प्राप्त किया, आज नई वैश्विक पहचान की ओर अग्रसर है। सरकारी नीतियां, अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और निवेश प्रस्ताव मिलकर यूपी को आध्यात्मिक और पर्यटन हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि

### वैश्विक संस्थाओं ने कलपक्कम रिएक्टर को सराहा

**वाशिंगटन।** भारत ने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थित 'प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' ने सफलतापूर्वक काम करना शुरू कर दिया है।

यह भारत के तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण की महत्वपूर्ण शुरुआत है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रासी ने भारत के इस उपलब्धि की जमकर सराहना की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि यह कदम ईंधन की स्थिरता और परमाणु ऊर्जा के भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। पेरिस स्थित अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने भी इसे एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि बताया है। आईईए ने शोसल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा श्कई वर्षों के विकास के बाद हासिल की गई इस महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि के लिए भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वैज्ञानिकों व इंजीनियरों को बधाई। भारत अब दुनिया का दूसरा ऐसा देश बन गया है जिसके पास यह खास तकनीक है। रूस के अलावा अभी तक कोई भी देश इसे सफलतापूर्वक नहीं चला पाया है। अमेरिका और जापान जैसे देशों ने भी दशकों पहले इस जटिल तकनीक में महारत हासिल करने की कोशिशें छोड़ दी थीं। यह रिएक्टर 6 अप्रैल को रात 8.25 बजे चालू हुआ। इसमें ईंधन के रूप में प्लूटोनियम आधारित मिक्स्ड आक्साइड का इस्तेमाल होता है।

# हिन्दी भाषा विवाद पर कर्नाटक हाईकोर्ट का बड़ा एक्शन

### झूठी अफवाह फैलाने वालों पर 1 लाख का जुर्माना



**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के एक प्रस्तावित कदम को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं पर 1 लाख का भारी जुर्माना लगाया है। सरकार के इस प्रस्ताव में कर्नाटक माध्यमिक शिक्षा परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित एसएसएलसी (10वीं) की परीक्षा में हिंदी सहित 'तीसरी भाषा' के लिए अंकों के बजाय ग्रेड देने की बात कही गई थी।

मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति सी.एम. पूनाचा की खंडपीठ ने बेंगलुरु निवासी एच.एन. चंदना और एस. वेंकटेश की याचिका पर सुनवाई के दौरान सख्त रुख अपनाया। अदालत ने पाया कि यह याचिका केवल मीडिया रिपोर्ट्स और शिक्षा मंत्री के एक कथित बयान के आधार पर दायर की गई थी। कोर्ट ने इसे 'अत्यंत अनुचित' ठहराते हुए कहा कि सिर्फ अखबार की खबरों को आधार बनाकर हाईकोर्ट के असाधारण अधिकार क्षेत्र का उपयोग करना कतई उचित नहीं है। शुरुआत में अदालत ने इस याचिका को पब्लिसिटी पाने का जरिया मानते हुए याचिकाकर्ताओं पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया था। कोर्ट ने यह राशि 'कर्नाटक राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण' में जमा करने का आदेश दिया और स्पष्ट किया कि भुगतान न होने पर इसकी वसूली भू-राजस्व के बकाया के तौर पर की जाएगी।

# बिना अनुमति पुलिस अफसर पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने यह फैसला दिया है कि किसी पुलिस अधिक. ारी पर अवैध हिरासत और हिरासत में यातना देने के आरोप लगने पर भी उन्हें सरकार की पूर्व अनुमति का सुरक्षा कवच मिल सकता है, बशर्ते कि वे कार्य उनकी आधिकारिक ड्यूटी से तर्कसंगत रूप से जुड़े हों।

जस्टिस एम ए चौधरी ने अपने 12 पन्नों के फैसले में जम्मू निवासी राजेश्वर सिंह के खिलाफ मजिस्ट्रेट द्वारा संज्ञान लेने के आद. ेश और ट्रायल कोर्ट के 11 मई, 2015 के आदेश, दोनों को रद्द कर दिया। सिंह ने अपने वकील आक. ाश गुप्ता के माध्यम से जम्मू-कश्मीर सीआरपीसी की धारा 561(।) का सहारा लेते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# सिंधी भाषा में संविधान का नया अवतार

### उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने जारी किया संस्करण

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को देवनागरी और फारसी दोनों लिपियों में सिंधी भाषा में संविधान का नवीनतम संस्करण जारी किया।

उप राष्ट्रपति ने सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर उप राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंधी भाषी समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सिंधी सबसे प्राचीन भाषाओं में से एक है और इसकी साहित्यिक परंपरा वेदांतिक दर्शन और सूफी विचारों के अनूठे संगम को दर्शाती है, जो एकता, प्रेम और भाईचारे के सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देती है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार सिंधी भाषा में विशेष रूप से देवनागरी लिपि में संविधान का प्रकाशन, भाषाई समावेशिता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि राष्ट्र की जीवंत आत्मा है, जो इसकी आकांक्षाओं को समाहित करती है, अधिकारों की रक्षा करती है और लोकतांत्रिक शासन का मार्गदर्शन करती है उपराष्ट्रपति ने सरकार द्वारा संविधान को अनेक भारतीय भाषाओं में सुलभ बनाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल नागरिकों और शासन के बीच के अंतर को कम करने में सहायक होती है, क्योंकि इससे लोग संविधान को अपनी मातृभाषा में समझ पाते हैं, जिससे लोकतांत्रिक भागीदारी और विश्वास मजबूत होता है। श्री राधाकृष्णन ने संविधान को बोडो, डोगरी, संथाली, तमिल, गुजराती और नेपाली आदि भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रयास भारत की भाषाई विविधता का सम्मान करते हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि विभाजन के बाद के कठिन समय में यह भाषा दृढ़ता और एकता का प्रतीक रही है। उन्होंने कहा कि सिंधी भाषा को 1967 में 21वें संवैधानिक संशोधन के माध्यम से संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था, जिससे इसके सांस्कृतिक महत्व को मान्यता मिली और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसका संरक्षण सुनिश्चित हुआ। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मातृभाषा के साथ-साथ सभी भाषाओं को समान महत्व और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने बल दिया कि भारत की शक्ति उसकी विविधता में निहित है और भाषाएं संस्कृति, परंपरा और पहचान की महत्वपूर्ण वाहक हैं।

# EDUCATIONAL INSTITUTIONS CONTINUE NAINITAL's LEGACY AS EDUCATION HUB



**अफजल हुसैन फौजी**
नैनीताल।

▸ नैनीताल देश का प्रमुख शिक्षा हब है। ▸ इस शहर की 150 साल पुरानी शैक्षिक विरासत है। ▸ देश के कई स्थानों के साथ–साथ कई विदेशी छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। ▸ ICSE, CBSE व स्टेट बोर्ड के कई नामी स्कूल यहां स्थित है। ▸ नैनीताल से पढ़े छात्र देश–विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

**सरोवर नगरी नैनीताल** शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित हब के रूप में विख्यात है, यहां दी जाने वाली शिक्षा का कोई सानी हीं। पिछले कुछ सालों में शैक्षिक परिवेश में वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक बदलाव देखने को मिला है। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका इंटरनेट की रही है। नैनीताल के शिक्षण संस्थानों की बात की जाए तो वह पहले भी वैश्विक स्तर की थी और वर्तमान में भी देश में सर्वोपरि स्थान रखती हैं। इसका उदाहरण यहां स्थित आवासीय विद्यालय हैं, जहां शायद ही देश का कोई प्रान्त और विद्यार्थी हो जो यहां शिक्षा ग्रहण न कर रहा हो। इसके अलावा विदेशों के भी विद्यार्थी इन स्कूलों में अध्ययनरत हैं। नैनीताल की उत्कृष्ट शिक्षा का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। सर्वविदित है, नैनीताल का स्कूलों का अतीत डेढ़ सौ से भी अधिक वर्ष पुराना है। इन वर्षो में यहां के कई स्कूलों की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में शामिल रही है, जो वर्तमान में भी बरकरार है। यहां शिक्षा का पैर्टन अंतराष्ट्रीय स्तर का है। देश में चुनिंदा विद्यालय हैं, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होते हैं। यही वजह है कि यहां से शिक्षित विद्यार्थी हजारों की संख्या में दुनिया भर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपना व अपने परिवार के अलावा विद्यालय व नैनीताल का नाम रोशन कर रहे हैं।

प्रस्तुतिः दिग्विजय सिंह बिष्ट,आकांक्षी माड़मी

## बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा सेंट जॉन्स स्कूल








सेंट जॉन्स स्कूल की शुरुआत वर्ष 1982 में एक प्लेस्कूल के रूप में की गई थी। वर्ष 1989 में इसे श्रीमती ई.थॉमस और श्री एस.ए. थॉमस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया, जिन्होंने कक्षा 8 तक अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन शुरू किया। वर्तमान में श्रीमती विनीता रावत के रूप में वर्तमान प्राचार्या पद पर कार्य कर रही हैं। इस विद्यालय का वातावरण नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नगर में विशेष स्थान रखता है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित सेंट जॉन्स स्कूल बेहतर ढंग से बच्चों के चहुमुखी विकास में जुटा हुआ है। अनिवार्य विषयों के अलावा अतिरिक्त विषय भी चला रहा है। जिसके चलते इस विद्यालय के प्रति नगर में लोगों का विश्वास गहराता जा रहा है, जो कक्षा आठवीं तक संचालित की जा रही है।






## एकोर्न स्कूल बना नन्हें मुन्ने बच्चों की पहली पसंद



कक्षा पांचवी तक अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर में नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद बन गया है। स्कूल का वातावरण बच्चों को खूब भाता है। पढ़ाई का स्तर उच्च स्तरीय है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य आशा आर्या कहती हैं कि उनका जीवन बच्चों का भविष्य संवारने के लिए समर्पित है।






## छात्राओं का भविष्य संवार रहा एमएल साह बाल विद्या मंदिर



अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर के विद्यालयों में खास स्थान रखता है। देश के विभिन्न प्रांतों की छात्राएं इस विद्यालय में शिक्षारत हैं। यह विद्यालय आवासीय के साथ दिवसीय है, जो शिक्षा के तमाम मापदंडों की पूर्ति करता है और कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व निभा रहा है। हजारों छात्राए इस विद्यालय से अध्ययन कर अपना भविष्य संवार चुकी है। यह विद्यालय तमाम सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारारिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य अनुपमा साह कहती हैं कि यह विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाता रहेगा। प्रबंधक विनय साह के निर्देशन में विद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।

## शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय भूमिका निभा रहा रामा मॉन्टेसरी



शिक्षा के क्षेत्र में रामा मॉन्टेसरी विद्यालय की भूमिका अद्वितीय रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा 8वीं के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। बच्चों का बौद्धिक का शारीरिक विकास के साथ प्रतियोगात्मक विकास पर विद्यालय प्रबंधन विशेष ध्यान देता है। जिस कारण यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नीलू एलहंस कहती हैं कि बच्चों की चहुमुखी विकास को लेकर उन्होंने विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू किया था और इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर प्रयासरत रहती हैं।






## नगर का अग्रणी स्कूल सनवाल



उत्कृष्ट शिक्षा व कुशल प्रबंधन के चलते यह विद्यालय कक्षा 12वीं तक जा पहुंचा है। वर्ष 1952 में सनवाल स्कूल की स्थापना एंजेलिना ग्रेस सनवाल द्वारा की गई थी। लिहाजा सनवाल स्कूल अपने उद्देश्य की पूर्ति करता हुआ 73 साल का सफर तय करने में न केवल कामयाब हुआ है, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है।

सीबीएससी बोर्ड से संबद्ध सनवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रबंध निदेशक गौरव सनवाल विद्यालय का कुशल प्रबंधन का दायित्व निभा रहे हैं, जबकि ए इमेन्युअल प्रधानाचार्य के पद पर बेहतर शिक्षण कार्य रही हैं। वह कहती हैं कि विद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों का भविष्य संवारने हेतु दायित्व निभा रही हैं।






## नगर का अग्रणी विद्यालय है बिशप शॉ इंटर कॉलेज



नीलम दानी
(प्रबन्धक)



वीना मैसी
(प्रधानाचार्य)

बिशप शॉ इंटर कॉलेज उत्तराखंड बोर्ड से सम्बद्ध अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के अग्रणी विद्यालयों में स्थान रखता है और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय प्रबंधन की विशेषता है कि बेहद कम शुल्क में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर, शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व बखूबी निभाता आ रहा है। तल्लीताल क्षेत्र में झील के समीप विद्यालय का वातावरण शिक्षा के माकूल है। विद्यालय प्रबंधक नीलम दानी कहती है कि उनका प्रयास विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य बनाना है। भविष्य में भी उनका प्रयास जारी रहेगा। प्रधानाचार्य वीना मैसी कहती हैं कि वह वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में जुटी हुई हैं।




### जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने जनता दर्शन में सुनी जन समस्यायें

# डीएम ने महिला को उपचार हेतु प्रदान किया 40 हजार का चौक

**■ डीएम द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये।**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए।

जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार "जनता दर्शन" / जनसुनवाई की सीधे सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय ने जनमानस की सुविधा हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया हुआ है कि सभी कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे जन शिकायतें सुनेंगे और उनके साथ जूम पर लाइव रहेंगे।

जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं जूम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें शिकायतों से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए।

जनता दर्शन के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने एक महिला ओमकारी, आकाश नगर, निकट पुलिस लाईन, इन्होने पूर्व में जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी महोदय से अपनी बहू के ईलाज हेतु सहायता की गुहार लगाई और अपनी दयनीय स्थिति के बारे में अवगत कराया, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी ने उक्त परिवार का अन्तोदय कार्ड, आयुष्मान कार्ड और रेड क्रॉस सोसाईटी से 40 हजार रूपये की सहायता दिलाने हेतु सम्बंधित को आदे. शित किया।

तदक्रम में जिलाधिकारी ने ओमकारी को 40 हजार रूपये का चौक प्रदान किया और उनका अन्तोदय कार्ड व आयुष्मान कार्ड भी बनवाया। प्रार्थी महिला ने नम आंखों से डीएम सर का आभार प्रकट किया और कहा कि डीएम साहब बहुत अच्छे हैं। जनता दर्शन के दौरान एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एडीएम एल/ए अवनीश सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अजय प्रमुख ने नेशनल मास्टर गेम्स में जीते ब्रोंज मेडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेशनल मास्टर गेम्स 2026 ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स दिल्ली में एडवेंचर और मास्टर स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित नेशनल एथलेटिक चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश से खेलते हुए 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में दोनों में ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ 14 सेकंड और 200 मीटर दौड़ 34 सेकंड में पूर्ण की। आपको बता दें कि अजय प्रमुख ने राजनीति और सामाजिक कार्यों में जुड़े होने के साथ-साथ लगातार खेलों में भी मेडल प्राप्त किए हैं। इससे पहले भी वह स्टेट और नेशनल में मेडल प्राप्त कर चुके हैं और एशियाड भी खेल चुके हैं। वह शूटिंग बॉल फेडरेशन उत्तर प्रदेश के चौयरमैन भी हैं और गाजियाबाद डिस्ट्रिक्ट मास्टर एथलीट एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं।

## ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत एक अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें स्वस्थ, सजग एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेंद्र कुमार तिवारी (डी.सी.पी ग्रामीण, गाजियाबाद) भास्कर वर्मा (ए.सी.पी, मोदीनगर), आनन्द प्रकाश मिश्रा (एस.एच.ओ. मोदीनगर) तथा 'ऑपरेशन प्रहार' के संचालक विकास जी (उप-निरीक्षक) विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य वी. के. राणा जी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्या डॉ. गुरमीत गुप्ता, विंग प्रभारी डॉ. रश्मि तेवतिया, श्रीमति रिया भदवार, रोहित शर्मा एवं समस्त शिक्षकगण एवं छात्र, छात्राओ की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम का प्रारंभ उप-निरीक्षक विकास जी के ओजस्वी एवं प्रेरणादायक वक्तव्य से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत मुख्यत: दो गंभीर समस्याओ नशा एवं अवैध हथियारों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

## अखिल भारतीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में 12 राज्यों की 28 टीमें लेंगी भाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल खेल परिसर में 11 व 12 अप्रैल को होने वाली चौधरी चरण सिंह अखिल भारतीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है प्रतियोगिता के संयोजक डॉक्टर अरुण त्यागी द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया उन्होंने बताया की मोदीनगर के इतिहास में पहली बार बेटियों के सम्मान में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग ले रही हैं मेट पर खेली जानी जाने वाली इस प्रतियोगिता में नौ राज्यों की 28 टीमें भाग ले रही है जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस, आइटीबीपी, रेलवे आदि विभागों की खिलाड़ी भाग ले रही है आयोजन सचिव पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी व वर्तमान में रेलवे में कार्यरत गुलशन रावत ने बताया की प्रथम आने वाली टीम को 31000 रुपए नगद व ट्रॉफी द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को ₹21000 ट्रॉफी तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम को 11000व ट्रॉफी इस अवसर पर नेफको के चेयरमैन हर्ष मालिक खेल प्रशिक्षक आशीष त्यागी, गौरव वर्मा ओरिजिनल शर्मा मोनिका रंजू बिश्नोई मौजूद रहे।

## मोदीनगर में मनोनीत सभासदों का हुआ शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर पालिका परिषद कार्यालय में मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया! इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद वैशाली एवं अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र द्वारा मनोनीत सभासदों-हेमंत पाल. ीवाल, अरुण खन्ना, नवीन जायसवाल, सीमा चौधरी एवं ललित सैन-को विधिवत शपथ दिलाई गई।

सभी सभासदों ने अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभासद वेद प्रकाश चौधरी (अध्यक्ष, सभासद संघर्ष समिति), गुलाब सिंह, सूबे सिंह, रजनीश चौधरी, दुष्यंत यादव, बलराज गुज्जर, आलोक कौशिक, अंकुर चौधरी (सोनू), कृष्ण राज सैन, राहुल राणा, प्रदीप शर्मा, सोनू कुमार, जितेंद्र चौधरी, धर्मवीर, नीटू सिंह, संजय चौधरी, प्रवीण गुज्जर, रीता रानी ढोडी, अंकित चौधरी (आर आई), अंकित गोयल आदि मौजूद रहे।

## साध्वी दिव्या भारद्वाज से साध्वी दिव्यापुरी बनी महानिर्माणी अखाड़े में शामिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शहर से एक महत्वपूर्ण धार्मिक समाचार सामने आया है। परम पूजनीय साध्वी दिव्या भारद्वाज (बरसाना वाली) को महानिर्माणी अखाड़े में विधिवत शामिल किया गया है। हिंदू क्रांतिकारी सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मछेंद्र पुरी महाराज ने उन्हें साध्वी दिव्यापुरी नाम से संबोधित करते हुए इसकी घोषणा की जानकारी के अनुसार, साध्वी दिव्यापुरी को जल्द ही महानिर्माणी अखाड़े की ओर से महामंडलेश्वर पद भी प्रदान किया जा सकता है। फिलहाल इसकी आधिकारिक घोषणा होना शेष है, जिसे केवल औपचारिकता माना जा रहा है। महंत मछेंद्र पुरी महाराज ने कहा कि साध्वी दिव्यापुरी बीते कई वर्षों से सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। हाल ही में उन्होंने भगवान श्रीराम की कथा का आयोजन कर समाज में धार्मिक जागरूकता और एकता का संद. ेश दिया। उन्होंने सभी सनातन धर्मावलंबियों से अपील की कि वे धर्म के प्रचार-प्रसार में निरंतर योगदान दें और प्रभु भक्ति में लीन रहें।

### पुलिस हिरासत में पत्रकार की पिटाई मामला: मानवाधिकार आयोग सख्त

# पुलिस आयुक्त गाजियाबाद से 7 मई 2026 तक मांगी विस्तृत जांच रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थाना साहिबाबाद क्षेत्र में पत्रकार के साथ कथित पुलिस पिटाई और अवैध हिरासत के मामले में उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए गाजियाबाद पुलिस को विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं । आयोग ने इस मामले को गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन मानते हुए 7 मई 2026 तक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए हैं। मामला पत्रकार अभिषेक पंडित से जुड़ा है, जिन्होंने 23 मार्च 2025 को आयोग में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि 19 मार्च 2025 की रात थाना साहिबाबाद पुलिस के सब-इंस्पेक्टर प्रभाकर सिंह और सब-इंस्पेक्टर सौरभ गौतम ने उन्हें चौकी शनि चौक के बाहर और अंदर घसीटते हुए बेरहमी से पीटा तथा बिना किसी वैध कारण के अवैध हिरासत में रखा।

**मेडिकल के बाद भी हवालात में रखने का आरोप**

शिकायत के अनुसार, 20 मार्च 2025 की रात करीब 12 बजे उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया, लेकिन इसके बाद भी उन्हें थाना साहिबाबाद की हवालात में बंद रखा गया। जबकि पुलिस रिकॉर्ड में यह दर्शाया गया कि 20 मार्च 2025 की दोपहर 12:30 बजे उन्हें आर्य समाज मंदिर, लाजपत नगर से गिरफ्तार किया गया था। आयोग द्वारा 18 अगस्त 2025 को पारित आदेश में सहायक पुलिस आयुक्त श्वेता यादव की रिपोर्ट और बयान का हवाला देते हुए यह स्पष्ट किया गया था कि मेडिकल परीक्षण के बाद भी पत्रकार को हवालात में ही रखा गया था । सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारी द्वारा यह स्वीकार किया गया कि पत्रकार पहले से पुलिस हिरासत में था ।



**आयोग ने उठाया महत्वपूर्ण सवाल:** सुनवाई के दौरान आयोग की पीठ ने यह महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया कि 20 मार्च की रात से लेकर उसी दिन दोपहर 12:30 बजे तक पत्रकार कहां थे । इस पर पत्रकार ने आयोग को बताया कि वह पूरे समय हवालात में ही बंद रहे। आयोग के समक्ष प्रस्तुत अभिलेखीय साक्ष्य और पुलिस की जीडी एंट्री भी इस तथ्य की पुष्टि करती बताई गई ।

**जांच रिपोर्ट पर उठाई आपत्ति:** दिनांक 10 मार्च 2026 को लखनऊ स्थित आयोग की पीठ में सुनवाई के दौरान पत्रकार अभिषेक पंडित ने ट्रांस हिंडन उपायुक्त निमिष पाटिल एवं अतुल कुमार सिंह सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन की जांच रिपोर्ट को फर्जी मनगढ़ंत बताते हुए गंभीर आपत्ति दर्ज कराई ।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा आयोग को कथित रूप से भ्रमित करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों को बचाने का प्रयास किया गया जा रहा है तथा एक मौलिक रूप से त्रुटिपूर्ण और मनगढ़ंत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई । पत्रकार ने यह भी मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी जैसे ब्ठब्प्क, ब्ठप् या न्यायिक मजिस्ट्रेट से कराई जाए।

**आयोग ने दिए विस्तृत जांच के आदेश:** आयोग ने पत्रकार द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों और बयानों का संज्ञान लेते हुए गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त को मामले की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि 7 मई 2026 तक जांच पूरी कर रिपोर्ट आयोग के समक्ष प्रस्तुत की जाए।

## एचएलएम कॉलेज में टीबी मुक्त भरत अभियान पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एचएलएम कॉलेज में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में क्षय रोग विभाग की टीम द्वारा उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों का संवेदीकरण करते हुए उन्हें टीबी एवं एचआईवी के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी के टीबी रोग के लक्षणों, उपचार एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गई। डॉ यादव ने समस्त उपस्थित जनों से अपील की कि राष्ट्र को टीबी जैसे गंभीर रोग से मुक्त करने के लिए समाज को एक जुट होकर इस अभियान का हिस्सा बनना होगा । इस अवसर पर विभाग के डीपीसी राघवेंद्र सिंह चौहान द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति कारण दे कर सभी को टीबी की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कॉलेज के ग्रुप डायरेक्टर डॉ अनुज अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की गई। डॉ अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न सिर्फ जागरूकता बढ़ाने के लिए अपितु छात्रों के व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध की भावना उत्पन्न करने के लिए अत्यंत उपयोगी है।

## आईटीएस में किया गया फेशियल एस्थेटिक्स कोर्स के तीसरे मॉड्यूल का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज के पीरियडोनटोलॉजी विभाग द्वारा चौथे एडवांस फेशियल एस्थेटिक्स कोर्स के तीसरे मॉड्यूल का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। यह छ मॉड्यूल के कोर्स का चौथा चरण था, जिसमें प्रत्येक मॉड्यूल तीन दिनों का होता है, जिसमें 47 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें निजी दंत चिकित्सक, कॉलेज के पूर्व छात्र, संस्थान के दंत चिकित्सक, एम.डी.एस के विद्यार्थी और कॉलेज के अध्यापक शामिल थे। यह कोर्स डेंटोमैक्स इंटरनेशनल एकेडमी और प्रोफी विश्वविद्यालय, उज्बेकिस्तान के सहयोग से आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम आई.टी.एस-द एजुकेषन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य मरीजों के बीच चेहरे के सौन्दर्य चिकित्सा के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा चेहरे के सौन्दर्य में वृद्धि की मांग करने वाले रोगियों की प्राथमिक वैकल्पिक लक्ष्यों को प्राप्त करना एवं रोगी को समग्र उपचार प्रदान करना है। इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर डॉ आशीष कुमार सिंह, डॉ गौरव तिवारी, डॉ नितेश थे, जो फेशियल एस्थेटिक्स चिकित्सक के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय वक्ता भी है। जिन्होंने फेशियल एस्थेटिक्स पर इस तरह की अने. कों कार्यशालाएं की है। कार्यक्रम के दौरान डॉ आशीष एवं उनकी टीम ने कॉस्मेटिक डेंटिस्ट्री के अन्तर्गत चेहरे की सुंदरता को ज्यादा बढ़ाने के लिए विभिन्न विकल्पों के बारे में सभी प्रतिभागियों को समझाया। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को केमिकल पील्स, बोटॉक्स, लेजर हेयर रिडक्षन, डर्मल फिलर्स और अन्य फेशियल ऐस्थेटिक्स उपचार को सफलतापूर्वक एकीकृत करने के लिये तैयार करना है। मॉड्यूल के पहले दिन में प्रतिभागियों को लेजर तकनीकों के बारे में जानक. ारी प्रदान की, जिसमें स्किन टाइटनिंग, हाई इंटेंसिटी फोकस्ड अल्ट्रासाउंड द्वारा फेस लिफ्टिंग, लेजर हेयर रिडक्षन और सी0ओ02 लेजर द्वारा उपचार शामिल थे। दूसरे दिन मेडिफेशियल्स के माध्यम से त्वचा को निखारने से संबंधित उपचारों के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर ध्यान केन्द्रित किया गया। तीसरे दिन में केमिकल पील्स के जरिए मेलाज्मा और पिंपल्स के उपचार तथा त्वचा की गुणवत्ता सुधार पर फोकस किया गया। तीनों दिन प्रतिभागियों ने मरीजों पर इन नवीनतम प्रक्रियाओं का हैंड्स-ऑन किया, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

### इलाज में लापरवाही से मरे युवक के परिजनों ने की उच्चाधिकारीयों से शिकायत

# आरोपित डॉक्टर व अस्पताल संचालक पर कार्यवाही की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** 7 अप्रैल को मुरादनगर निवासी फिरोज की मोदीनगर के हापुड़ रोड़ स्थित श्री भरत अस्पताल में पित्त की थैली के ऑपरेशन के बाद हुई मौत मामले में मृतक के परिजनों ने शुक्रवार को डीएम ,पुलिस कमिश्नर, सीएमओ व एस डी एम से मुलाकात कर शिकायत दी व आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की। मृतक फिरोज के पिता शौकीन द्वारा सोंपी गयी शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 5 मार्च 2026 को श्री भरत हॉस्पिटल में डॉ. पारुल चौधरी एवं संचालक प्रवीन शर्मा द्वारा मरीज मो. फिरोज उम्र 33 वर्ष का पित्त की थैली का ऑपरेशन किया गया था। ऑपरेशन के दौरान कथित रूप से गंभीर लापरवाही बरती गई, जिसके परिणामस्वरूप CBD (Common Bile Duct) rupture हो गया। इसके बाद मरीज की हालत लगातार बिगड़ती गई और अंतत: उसकी मृत्यु हो गई।

इस गंभीर घटना को लेकर शौकीन द्वारा शुक्रवार को डीएम, पुलिस कमिश्नर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व एस डी एम मोदीनगर कार्यालय में लिखित शिकायत देकर मांग की है कि इस प्रकरण की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषी चिकित्सकों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पीड़ित पक्ष ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे इस मामले को लेकर जन आंदोलन एवं अन्य कानूनी विकल्पों का सहारा लेने के लिए बाध्य होंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल श्री अरविंद बजाज पुत्र स्वर्गीय विनोद कुमार बजाज (प्रोपराइटर वसुंधरा लैंड और फाइनेंस कंपनी) J-78 आरबीआई कॉलोनी पश्चिम विहार दिल्ली के निर्देश व सूचना पर सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे मुवक्किल द्वारा उनकी फर्म या निजी भूमि से संबंधित यदि कोई किसी प्रकार का लेन देन इकरारनामा, मुहाइदा, मुख्तारेआमनामा, बैनामा, किसी व्यक्ति या फर्म/ कंपनी से किया गया हो तब वे लोग केवल उन्हीं से व्यक्तिगत संपर्क कर बात करेंगे क्योंकि अभी स्वास्थ्य ठीक नहीं है जिस कारण असुविधा हो रही होगी। जिसके लिए वह क्षमा प्रार्थी हैं। मेरे मुवक्किल के रहते हुए या बाद में उनकी बहन रिचा धवन, बहनोई प्रदीप धवन, भांजा प्रतीक धवन व बेटी आदया का उनके व्यापारिक कार्यों में लेनदेन से कोई किसी प्रकार का वास्ता/ ताल्लुक नहीं है। अत: इन लोगों से किसी प्रकार की कोई बात न की जाए। चूकि वह किसी भी प्रकार से उनकी कृत्य के लिए उत्तरदाई नहीं है। मेरे मुवक्किल की बहन, बेटी, बहनोई, व भांजे को यदि कोई परेशान करता है या उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र रहेंगे।

**अशोक शर्मा एडवोकेट**
**चेंबर नंबर-173 कोर्ट, गाजियाबाद।**

**अदालती सूचना**

**न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) जनपद-गाजियाबाद**
**उपस्थिति श्रीमती शिवानी**
**पी. सी.एस.-जे**
**(सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 5 नियम 10)**
**मूल वाद सं0- 653 सन् -2025**
**(कम्प्यूटर रजि0 सं0- 656 सन् 2025)**
**यू0पी0 इंजीनियरिंग वर्क्स**
**बनाम**
**आन्या सर्जिकल और हैल्थ केयर**

यू०पी० इंजीनियरिंग वर्क्स 4/3/20, साउथ साईड जी०टी० रोड आफ इन्डस्टीयल ऐरिया गाजियाबाद उत्तर प्रदेश द्वारा प्रोपराईटर हरवीर चौहान पुत्र श्री शिव सघम सिंह निवासी म०-17, सै०-9, चिरंजीव विहार, गाजियाबाद

...प्रार्थी/वादी

**बनाम**

आन्या सर्जिकल और हैल्थ केयर, डी डी ए मार्किट बी-9, राजोरी गार्डन, टैगोर गार्डन वेस्ट दिल्ली प्रोपराईटर प्रशान्त शंकर

...विपक्षी/प्रतिवादी

यू०पी० इंजीनियरिंग वर्क्स ने आन्या सर्जिकल और हैल्थ केयर आपके विरुद्ध उक्त वाद संस्थित किया है, धनवाद के लिए आवेदन दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 22.05.2026 को दिन में 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है जिसमे असफल रहने पर वाद/आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा। आज यह तारीख 07.04.2026 के आदेशानुसार मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

**आदेशानुसार**
**मुंसरिम**
**सिविल जज (जू0 डि0),**
**गाजियाबाद।**

# गिग वर्कर्स के लिए बनेंगे रेस्टिंग सेंटर, एक ही छत के नीचे मिलेगा आराम व आहारः रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) की 35वीं बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में झुग्गीवासियों के पुनर्वास, गिग वर्कर्स और श्रमिकों के कल्याण और शहरी गरीबों के लिए बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य हर जरूरतमंद को सम्मानजनक आवास, बेहतर जीवन स्तर और सुदृढ़ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही, एक ऐसा समग्र शहरी तंत्र विकसित करना है जो विशेष रूप से श्रमिकों और जरूरतमंद वर्ग के जीवन को आसान बनाए। गिग वर्कर्स और श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दिल्ली में रेस्टिंग सेंटर और जन सुविधा केंद्र विकसित किए जाएं, जिन्हें अटल कैंटीन के साथ जोड़ा जाएगा।

इन केंद्रों पर कामकाजी वर्ग को एक ही स्थान पर भोजन, विश्राम और आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, इनमें से कई कैंटीनों में गिग वर्कर्स के लिए यूरिनल भी बनाए जाएंगे। डूसिब को ऐसे उपयुक्त स्थानों की पहचान कर उन्हें अधिसूचित करने के निर्देश दिए गए हैं, जहां इन सुविधाओं का विकास किया जा सके। गौरतलब है कि रेस्टिंग सेंटर का सुझाव स्वयं गिग वर्कर्स ने मुख्यमंत्री के साथ बैठक में दिया था।

मुख्यमंत्री ने गिग वर्कर्स से मिले सुझावों को न केवल बजट जोड़ा बल्कि इस पर तेजी से काम करने के निर्देश भी दे दिए हैं।अटल कैंटीन योजना को और प्रभावी बनाने के लिए इसके ढांचे और संचालन में बदलाव किया गया है। 100 कैंटीन और डिस्ट्रीब्यूशन सेंटरों को नए तरीके से व्यवस्थित किया गया है और 100 नई अटल कैंटीन स्थापित करने का लक्ष्य तय किया गया है। संचालन समय में भी बदलाव करते हुए लंच का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक और डिनर का समय शाम 6:00 बजे से रात 9:30 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसमें शुरू होने से पहले 30 मिनट का अतिरिक्त समय भी शामिल रहेगा। कामकाज को सुगम बनाने के लिए एजेंसियों को अतिरिक्त यूजर आईडी और पासवर्ड दिए जाएंगे और फेस रिकग्निशन सिस्टम से संबंधित डेटा अधिकतम एक माह तक ही सुरक्षित रखा जाएगा।

## प्रमुख सचिव ने किया नमो भारत कॉरिडोर का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रमुख सचिव डॉ. पीके मिश्र ने दिल्ली- गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर और पीएमओ के वरिष्ठ अधिकारी समेत आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथाला भी शामिल रहे। प्रमुख सचिव ने दौरे की शुरुआत सराय काले खां नमो भारत स्टेशन से की। यहां एनसीआरटीसी के प्रबंध निद. शक शलभ गोयल ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सराय काले खां स्टेशन को एक प्रमुख मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# 916 रु. की नकदी की कमी के आरोप में 37 साल पुरानी याचिका की खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली राज्य सहकारी संघ लिमिटेड के पूर्व कर्मचारी की 37 साल पुरानी रिट याचिका दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। न्यायमूर्ति शैल जैन की एकलपीठ ने औद्योगिक अधिकरण के 5 जुलाई 2002 के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें कर्मचारी की सेवा समाप्ति को वैध और उचित ठहराया गया था।

उमा शंकर शर्मा 14 जुलाई 1971 से दारियागंज बिक्री काउंटर पर सेल्स क्लर्क के पद पर कार्यरत थे। उन्हें 12 अप्रैल 1989 को चार्जशीट दी गई थी, जिसमें 1986-1989 के दस्तावेजों में 40 हजार रुपये की हेराफेरी और 916 रुपये की नकदी की कमी का आरा. प लगाया गया था। आंतरिक जांच में पाया गया कि बिक्री, सदस्यता और प्रकाशनों से प्राप्त नकदी राशि लेखों में दर्ज नहीं की गई। घरेलू जांच में आरोप सिद्ध पाए जाने के बाद 1989 को उनकी सेवा समाप्त कर दी गई। शर्मा ने औद्योगिक विवाद उठाया, जिस पर औद्योगिक अधिकरण ने जांच को अवैध माना, लेकिन प्रबंधन को साक्ष्य देने की अनुमति दी। अधिकरण ने अंततः प्रबंधन के पक्ष में फैसला देते हुए कहा कि कर्मचारी ने खुद लिखित नोटिंग में राशि जमा करने का वादा किया था।

## चंदर विहार में घर में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चंदर विहार में शुक्रवार को एक आवासीय इमारत में आग लग गई। इस घटना में पांच लोगों और दो पालतू कुत्तों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा को सुबह 11:32 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। आग एक छह मंजिला इमारत के भूतल पर लगी थी। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। अग्निशमन कर्मियों ने सभी पांच निवासियों और दो पालतू कुत्तों को बचाया। आग से भूतल पर रखे चार स्कूटर और एक मोटर पंप क्षतिग्रस्त हो गए।

# ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले चार सट्टेबाजों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने आईपीएल मैचों के दौरान अवैध सट्टेबाजी करते चार लोगों को करोल बाग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए, जिनसे वे सट्टा लगाते और रिकॉर्ड रखते थे। पुलिस ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने छापा मारा। यह छापा आठ अप्रैल को मध्य दिल्ली के करोल बाग इलाके में एक परिसर में मारा गया। वहां चार पुरुष सट्टेबाजी की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल पाए गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौके से दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। इन मोबाइल फोन का उपयोग सट्टा लगाने और रिकॉर्ड करने के लिए किया जा रहा था। आरोपियों की पहचान हिमांशु (30), अमन जैन (चौंतीस), आकाश गर्ग (31) और आशीष कुमार (35) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने खुलासा किया कि वे नियमित रूप से आईपीएल सट्टेबाजी में शामिल थे। वे सट्टेबा. जी के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आगे की जांच चल रही है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) की 35वीं बोर्ड बैठक आयोजित की गई।

## एक्सपायर्ड प्रॉडक्ट्स बेचने के आरोप में धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक्सपायर्ड खाने और कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स को स्टोर कर बेचने में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से बड़ी मात्रा में मैदा (राजधानी/फॉर्च्यून), सूजी (राजधानी/फॉर्च्यून), सुप्रीम हार्वेस्ट पोहा और रवा, मसाले (गोल्डी/एवरेस्ट), पीनट बटर, बच्चों के खाने के सप्लीमेंट्स (नेस्ले/डेक्सो ग्रो), अलग- अलग तरह के कॉस्मेटिक और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स, दालें और डेयरी प्रोडक्ट्स बरामद किए है।

# करतार नगर में श्रीमद् भागवत कथा का समापन



**नई दिल्ली।** करतार नगर चौथा पुस्ता, दिल्ली में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य समापन शुक्रवार, 10 अप्रैल को भण्डारे के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक आयोजन 3 अप्रैल से प्रारम्भ हुआ था, जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा का श्रवण किया और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

इस अवसर पर उत्तर पूर्वी दिल्ली के घोण्डा विधानसभा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता, अधिवक्ता अनिल कुमार शुक्ला विशेष रूप से कथा स्थल पर पहुंचे। उन्होंने विधिवत कथा श्रवण कर क्षेत्र के समस्त नागरिकों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों के बीच आपसी भाईचारा मजबूत होता है।

## डीयू में अब सिर्फ एक साल में ही पोस्ट ग्रेजुएशन करने का भी विकल्प

**नई दिल्ली।** डीयू ने इस वर्ष से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अवधि को लेकर नया विकल्प पेश किया है। अब चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम पूरा करने वाले छात्रों को केवल एक वर्ष में एमए करने का अवसर मिलेगा, जो अब तक संभव नहीं था। यह पहल राष्ट्र नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप मानी जा रही है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली को अधिक लचीला और छात्र-केंद्रित बनाना है।डीयू प्रशासन के अनुसार, चार साल की ग्रेजुएशन पूरी करने वाले छात्रों के पास यह विकल्प होगा कि वे एक वर्षीय एमए कार्यक्रम चुनें या पारंपरिक दो वर्षीय एमए पाठ्यक्रम में दाखिला लें।

# दिल्ली के धार्मिक स्थलों को कवर करने के लिए होगा विशेष वृक्षारोपण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में धार्मिक स्थलों पर वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए एक खास पहल शुरू की है। यह कदम दिल्ली की हरियाली बढ़ाने और वायु प्रदूषण से लड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसी कड़ी में पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने विभिन्न धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों, वन एवं पर्यावरण विभाग और अन्य एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने इस अभियान का पूरा रोडमैप साझा किया। यह पहल सरकार के उस बड़े लक्ष्य का हिस्सा है, जिसके तहत 22 विभागों के माध्यम से 70 लाख से अधिक पेड़, पौधे और झाड़ियां लगाई जानी हैं।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि धार्मिक संस्थान समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि "धार्मिक संस्थान हमारी संस्कृति और मूल्यों की मजबूत नींव हैं। अगर हम इन जगहों पर मिलकर पेड़ लगाएंगे, तो हम न केवल पर्यावरण सुधारेंगे बल्कि लोगों में जागरूकता भी बढ़ाएंगे। मंत्री ने बताया कि इस अभियान के तहत सभी पौधे वन विभाग और एमसीडी, एनडीएमसी और डीडीए के हॉर्टिकल्चर विभागों द्वारा मुफ्त दिए जाएंगे। उन्होंने संस्थानों से अपील की कि वे अपने परिसर में उपलब्ध जगह की पहचान करें और कितने पौधे और कौन-सी प्रजाति चाहिए, इसकी जानकारी समय पर दें।मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य साफ है। जहां लोग इकट्ठा होते हैं, प्रार्थना करते हैं और प्रकृति से जुड़ते हैं, वहां ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाएं। इन पवित्र स्थलों पर पेड़ लगाने से हवा भी साफ होगी और प्रकृति के प्रति सम्मान भी मजबूत होगा।यह अभियान वर्ष 2025 के वन महोत्सव के दौरान हुए सफल वृक्षारोपण कार्यक्रमों पर आधारित है, जिसमें धार्मिक संस्थानों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई थी। अब सरकार इसे एक व्यवस्थित योजना के तहत आगे बढ़ा रही है।अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के लिए एक समन्वित व्यवस्था बनाई गई है, जिसमें सरक. ारी अधिकारी, स्थानीय प्रतिनिधि और वन विभाग की टीमें मिलकर काम करेंगी।

# मेट्रो में बढ़ी रील्स की आदत व गाली-गलौच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो में यात्रियों की तरफ से नियमों का उल्लंघन लगातार बढ़ रहा है। आए दिन यू-ट्यूब, एक्स, इंस्टाग्राम और फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मेट्रो में हुड़दंग और अन्य वर्जित काम के वीडियो वायरल होते रहते हैं।

ऐसे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) लगातार इनपर नकेल कसने का काम कर रहा है। इसके चलते सफर के दौरान रील्स बनाना, गाली-गलौच करना और लड़ाई-झगड़ा करने समेत अन्य काम को रोकने के लिए कार्रवाई की है। डीएमआरसी के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच 8,251 यात्रियों पर विभिन्न अपराधों के लिए जुर्माना लगाया गया। डीएमआरसी के एक अधिकारी ने बताया कि सितंबर में 1,316, अक्तूबर में 1,381, नवंबर में 1,275, दिसंबर में 1,242, जनवरी में 1,656 और फरवरी में 1,381 यात्रियों को जुर्माने के दायरे में लाया गया। इस दौरान रील्स बनाने, अश्लील हरकतें करने और झगड़ा करने जैसी गतिविधियों की संख्या सबसे अधिक रही।

## यात्रियों को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे उपयोग की सलाह

**नई दिल्ली।** दिल्ली- सहारनपुर एक्सप्रेसवे (पावी सादकपुर पुश्ता रोड) पर चल रहे कंस्ट्रक्शन के काम की वजह से ट्रैफिक डायवर्जन की व्यवस्था लागू की गई है। इस वजह से पावी सादकपुर से खजूरी खास चौक के बीच के हिस्से पर ट्रैफिक मूवमेंट पर असर पड़ सकता है।

वहीं, ट्रैफिक पुलिस की ओर से यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे पहले से प्लान बना लें। अपील की गई है कि प्रभावित हिस्से से बचें और आसान यात्रा के लिए दूसरे रास्ते के तौर पर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल करें। दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेसवे (OP बॉर्डर) पर काम अगले 2-3 महीनों तक जारी रहने की उम्मीद है।



पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों, वन एवं पर्यावरण विभाग व अन्य एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

## पार्थ अजित पवार को दी सांसद बनने पर बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गोण्डा विधानसभा, दिल्ली क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला जब पार्थ अजित पवार के सांसद बनने पर विभिन्न पदाधिकारियों और नेताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष मनीष सबरवाल, जिला अध्यक्ष हरकेश निषाद सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी जाहिर की। विशेष रूप से गोण्डा विधानसभा, दिल्ली के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता, अधिवक्ता अनिल कुमार शुक्ला ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पार्थ अजित पवार का सांसद बनना युवाओं और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इसी प्रकार एकजुट होकर जनसेवा में लगे रहें। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने भी पार्थ अजित पवार को शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में विकास की नई उम्मीद जताई।

# कारोबारी से 1 लाख रुपये छीन, बदमाशों ने की फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मधु विहार थाना क्षेत्र के आईपी एक्सटेंशन स्थित जोशी कॉलोनी में गुरुवार देर रात लूट और फायरिंग की वारदात सामने आई।

बाइक सवार दो बदमाशों ने कारोबारी अनिल कुमार गुप्ता को निशाना बनाते हुए उनसे नकदी से भरा बैग छीन लिया। हालांकि अनिल गुप्ता के बेटे राहुल गुप्ता ने जब कार से बदमाशों की बाइक में टक्कर मारी तो वो रुपयों से भरा बैग और रिवॉल्वर छोड़कर भाग निकले।

पुलिस के अनुसार, अनिल कुमार गुप्ता नोएडा सेक्टर-62 में थोक एफएमसीजी (फूड व अन्य उपभोक्ता उत्पाद) का कारोबार करते हैं। इसके अलावा मधु विहार इलाके में उनका टेम्पो का भी व्यवसाय है। वीरवार रात वह अपने परिवार के सदस्यों और एक कर्मचारी के साथ नोएडा से घर लौटे थे।

रात करीब 10:30 बजे जब वह आईपी एक्सटेंशन स्थित रॉयल बैंक्वेट हॉल के पास वाहन से उतरकर घर की ओर जा रहे थे, तभी बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे। एक बदमाश ने पिस्टल निकालकर उन्हें धमकाया, जबकि दूसरे ने करीब एक लाख रुपये नकद से भरा बैग छीन लिया। घटना के दौरान शोर मचने पर परिवार के एक सदस्य ने कार से बदमाशों का पीछा किया और उनकी बाइक को टक्कर भी मारी। इसके बावजूद आरोपित मौके से भाग निकले। भागते समय उन्होंने हवा में फायरिंग की और जल्दबाजी में लूटा गया बैग व वारदात में इस्तेमाल हथियार मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए।

सूचना मिलने पर मधु विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने बैग और हथियार बरामद कर लिया है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपितों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# सदर बाजार में बढ़ी स्टोव की डिमांड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एलपीजी की किल्लत के बीच सदर बाजार में करीब 14 साल बाद केरोसिन स्टोव की वापसी हुई है। यहां की कुछ दुकानों पर उसकी बिक्री होने लगी है।

दुकानदारों के अनुसार, उसकी बिक्री में कई गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। पहले इसकी मांग नहीं थी। इसी तरह, डीजल चूल्हे की मांग भी खूब हो रही है। एलपीजी के व्यावसायिक सिलिंडरों की उपलब्धता में कमी के चलते यह ढाबे, कैटरिंग समेत अन्य में बड़ी राहत दे रहा है। हाल ही में सरकार ने रसोई गैस किल्लत के बीच केरोस. ीन (मिट्टी के तेल) की बिक्री के नियमों में ढील दी है। ताकि, नागरिकों को खाना पकाने में एलपीजी की किल्लत के बीच राहत मिले। ऐसे में बाजार की भी स्थिति बदल गई है। एलपीजी संकट से पुराने दिन वापस लौटे हैं। किसी समय सदर बाजार में स्टोव और लालटेन के कई विक्रेता व निर्माता थे। तब यह केरोसिन स्टोव मामले में पूरे देश का गढ़ था। वक्त के साथ रसोई गैस का चलन और उपलब्धता बढ़ी, तो केरोसिन स्टोव का प्रयोग घटता गया। अब, वैश्विक युद्ध की परिस्थितियों के बीच रसोई

# नजफगढ़ स्थित आरएचटीसी में डिस्ट्रिक्ट टीबी सेंटर स्थापित होगाः स्वास्थ्य मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में ट्यूबर क्लोसिस (टीबी) देखभाल सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार शराष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नजफगढ़ स्थित शग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्रश (आरएचटीसी) में एक जिला टीबी केंद्र/चेस्ट क्लिनिक स्थापित करेगी। इस विशेष केंद्र में 10 बिस्तरों वाला एक शइनडोर पेशेंट डिपार्टमेंटश (प्ल्क) स्थापित होगा, जहां ड्रग-सेंसिटिव और ड्रग-रेसिस्टेंट दोनों तरह के टीबी मरीजों को समुचित उपचार मिलेगा। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार ग्राउंड लेवल पर स्वास्थ्य ढांचे को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

नजफगढ़ स्थित आरएचटीसी में जिला टीबी केंद्र/चेस्ट क्लिनिक का विकास इस दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुविधा दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में टीबी मरीजों को समय पर जांच, विशेषज्ञों के परामर्श और समुचित इलाज की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करेगी। नजफगढ़ आरएचटीसी दक्षिण-पश्चिम जिले के रूरल आबादी का एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, जो नांगली, सकरावती, धर्मपुरा और भारत विहार समेत आसपास के क्षेत्रों के लगभग तीन से चार लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है।

वर्तमान में कई टीबी मरीजों को विशेष सेवाओं के लिए जाफरपुर स्थित आरएचटीसी अस्पताल तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। नजफगढ़ स्थित आरएचटीसी में प्रस्तावित यह केंद्र अपने स्थान और बेहतर सड़क और मेट्रो कनेक्टिविटी के चलते मरीजों की पहुंच को बेहद आसान बनाएगा।

## जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में तैनात जस्टिस यशवंत वर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। उनके दिल्ली वाले घर में भारी मात्रा में जले हुए नोट मिलने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच चल रही थी। साथ ही महाभियोग की भी चर्चा थी। इसी बीच उन्होंने पद से त्याग पत्र दे दिया है। दिल्ली वाले घर में जले हुए कैश मिलने के बाद उनका स्थानांतरण इलाहाबाद हाईकोर्ट में कर दिया गया था। पांच अप्रैल 2025 को उन्होंने शपथ ग्रहण किया था। न्यायिक कार्य से उनको फिलहाल अलग किया गया था। उनके खिलाफ महाभियोग लाने के मामले में कमेटी का गठन किया गया है।

# लक्ष्मीबाई कॉलेज की प्रो. के खिलाफ एफआईआर रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने लक्ष्मीबाई कॉलेज की एक एसोसिएट प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द कर दी है। यह एफआईआर मारपीट और जाति-आधारित दुर्व्यवहार के आरोपों से संबंधित थी। अदालत ने कहा कि जाति-आधारित अपमान के आरोप बाद में सोचे गए थे।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने रंजीत कौर द्वारा दायर रिट याचिका को स्वीकार किया। पीठ ने भारत नगर पुलिस थाना में 2021 में दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया। यह एफआईआर आईपीसी की धारा 323, 504 और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा तीन के तहत थी। मामला 16 अगस्त, 2021 की एक विभागीय बैठक से जुड़ा है।

इसमें याचिकाकर्ता और शिकायतकर्ता नीलम के बीच कथित तौर पर झगड़ा हुआ था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसे सहकर्मियों की उपस्थिति में थप्पड़ मारा गया और अपमानित किया गया।

# स्ट्रीट लाईट ठीक करते हुए कर्मचारी हुआ दुर्घटना का शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नंदनगरी थाना क्षेत्र मे एमसीडी की स्ट्रीट लाईट ठीक कर रहा कर्मचारी दुर्घटना का शिकार हो गया ओर उसकी जान पर बन आई, कर्मचारी ने करीब 14 फुट से कूदकर अपनी जान बचाई।

गौरतलब है कि इस हादसे के वक्त जब कर्मचारी काम कर रहा था तब उसने न सेफ्टी शूज पहन रखे थे ओर न ही सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग किया जा रहा था स शुक्रवार को सुंदरनगरी की 205 की पुलिया के पास दो कर्मचारी स्ट्रीट लाईट ठीक कर रहे थे, कपिल क्रेन पर ऊपर चढ़ा हुआ था जबकि बॉबी नीचे खड़ा था, जब कपिल ने दूसरे खम्बे से आ रहे तार को खींचा तो तो तार वहां से गुजर रहे हाई टेंशन तार से टकराया ओर आग लग गयी, आग कर्मचारी कपिल के कपड़ो मे भी आग लगी ओर लोगों ने चिल्लाकर उसे बताया जिसके बाद कपिल ऊपर से नीचे कूद गया उसके बाद वहां मौजूद लोगों ने उसकी आग बुझाई।

इस धमाके के बाद स्थानीय लोगों के घरो का सामान भी खराब हो गया, रश्मि, राजेंद्र, सावित्री, चंद्रवती, राजकुमारी ओर पवन के घरो मे पंखे ओर अन्य उपकरण खराब हो गए। रश्मि ने बताया की एक धमाका सुनाई दिया ओर उनकी गली मे धुआं फैल गया था। इस मामले मे देखा गया स्ट्रीट लाईट ठीक करने का काम ई-स्मार्ट लिमिटेड नाम की कम्पनी दिया है।

घायल कर्मचारी कपिल ने बताया उसे इस कंपनी ने पिछले 4 साल मे उसे कोई आई कार्ड नहीं दिया ओर उसे मात्र 12 हजार की सैलेरी पर काम करवाती है ओर कंपनी की तरफ से कोई सेफ्टी किट नहीं दी जाती है।

जब इस मामले के संदर्भ मे शाहदरा नार्थ डीसी से बात की गयी तो उन्होंने कहा अभी उन्हें इस मामले की पूरी जानकारी नहीं है लेकिन जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

## ड्रग सिंडिकेट की पचास हजार इनामी महिला सरगना गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने ड्रग सिंडिकेट की महिला सरगना को गिरफ्तार किया है। वह पीओ है और और मकोका एक्ट के तहत उस पर पचास हजार का इनाम घोषित किया गया था। दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीना ने बताया कि दिल्ली एनसीआर में सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने के साथ साथ मोबाइल फोन रिकॉर्ड की जांच के बाद दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर छापेमारी । इसी बीच 09. अप्रैल को टीम को विशिष्ट गुप्त सूचना प्राप्त हुई ।इस गुप्त सूचना पर एसीपी ऑपरेशन मोहिंदर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर महेश कसाना के नेतृत्व में टीम ने उक्त स्थान पर जाल बिछाकर मुखबिर द्वारा पहचान किए जाने पर,महिला आरोपी (54) ने को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान,पता चला कि महिला कई राज्यों में सक्रिय एक संगठित ड्रग सिंडिकेट की मुख्य सरगना है। उसके नेटवर्क में उसके करीबी परिवार के सदस्य शामिल थे, जिनमें उसकी बेटियाँ (जिन्हें पहले ही मकोका के तहत गिरफ्तार किया जा चुका है) ,उसका भाई और उसका साथी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि महिला आरोपी जान-बूझकर स्मार्टफोन का इस्तेमाल न करके और बार-बार अपने फोन, सिम कार्ड और ठिकाने बदलकर पुलिस की पकड़ से बचने की कोशिश कर रही थी।

# 10वीं कक्षा का छात्र स्कूल बिल्डिंग से गिरा, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जीटीबी एन्क्लेव थाना क्षेत्र के दिलशाद गार्डन मे स्थित नूतन विद्या मंदिर मे दसवीं कक्षा का छात्र ऊपरी मंजिल से नीचे जा गिरा जिससे उसे काफी चोट आई है, बच्चे की गंभीर हालत देखते हुए उसे मैक्स वैशाली मे रेफर किया गया है, गौरतलब है जब स्कूल मे जानक. ारी जुटाने का प्रयास किया गया तो स्कूल मे मौजूद लोग इस घटना को नकारते हुए दिखाई दिए।



अभी इस बात का भी खुलासा नहीं हो पाया है कि छात्र को किसी ने ऊपर से धक्का दिया है या वह किसी कारण ऊपर से नीचे गिरा है। शुक्रवार को छात्र वैदव स्कूल गया था लेकिन स्कूल से फोन द्वारा उनको जानकारी मिली कि वैदव स्कूल की बिल्डिंग से नीचे गिर गया है उसको चोट लगी है, जिसके बाद परिवार के लोग स्कूल पहुंचे ओर वैदव को लेकर स्कूल स्टाफ के साथ जीटीबी अस्पताल पहुंचे स छात्र कुछ भी बोलने की अवस्था मे नहीं था उसके पैर में फ्रैक्चर, पेट मे इंजरी ओर दांत टूटे है जिस वजह से उसकी हालत चिंताजनक बनी है, छात्र के पिता ने बताया की वैदव अभी बोलने की हालत मे नहीं है जिस वजह से यह नहीं बता लग पाया है की वह कैसे गिरा है उसे किसी ने धक्का दिया है या स्कूल की लापरवाई के कारण वह गिरा है।

# डीयू पहुंचीं सीएम, हस्ताक्षर अभियान में लिया भाग

## कहा: निर्णायक पदों पर महिलाओं की भागीदारी जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के आर्ट्स फैकल्टी में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में आयोजित हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रशासन और नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है। जब महिलाएं निर्णय लेने वाले पदों पर पहुंचेंगी, तभी वे समाज, परिवार और अपनी जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी बदलाव ला सकेंगी। दिल्ली में चलने वाली 'लखपति बिटिया' और 'अनमोल' जैसी योजनाएं इसी संवेदनशील दृष्टिकोण का परिणाम हैं, जो महिला सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करती हैं।

कार्यक्रम के दौरान 'अब नेतृत्व की बारी है, नारी शक्ति वंदन की जिम्मेदारी है' और 'सशक्त नारी, समृद्ध राष्ट्र' जैसे संदेशों के माध्यम से महिला नेतृत्व और समान प्रतिनिधित्व के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह 'बेटी बचाओ' से 'बेटी बढ़ाओ' तक की यात्रा को साकार करेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि महिलाओं के राजनीतिक प्रति. निधित्व की मांग दशकों पुरानी है।

1931 से शुरू हुई यह पहल कई चरणों से गुजरी और वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का कानून बनना इस लंबे संघर्ष का परिणाम है और अब इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनें और महिला सशक्तीकरण के इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दें।




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के आर्ट्स फैकल्टी में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में आयोजित हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते हुए।

## एक नजर

### पुष्पा इम्पॉसिबल की टीम ने जश्न मनाया

**नई दिल्ली।** सोनी सब का लोकप्रिय शो पुष्पा इम्पॉसिबल ने एक शानदार उपलब्धि हासिल की है 1200 एपिसोड पूरे कर लिए हैं! शो में करुणा पांडे द्वारा निभाई गई पुष्पा की प्रेरणादायक जर्नी दिखाई जाती है, जो जिंदगी की तमाम चुनौतियों के बावजूद कभी हार नहीं मानती। खुद को पढ़ा-लिखा कर वकील बनने का सपना, परिवार का सहारा बनना और अपनी पहचान बनानाख्इन सबने पुष्पा को हर उम्र के दर्शकों के लिए उम्मीद और मजबूती का प्रतीक बना दिया है। 1200 एपिसोड्स के दौरान शो ने सशक्तिकरण, दूसरा मौका और शिक्षा के महत्व जैसे सामाजिक रूप से अहम मुद्दों को कहानी में बखूबी पिरोया है।

### रोजमर्रा के इस्तेमाल को पेश किया नॉर्ड 6

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुडगांव।** वन प्लस ने नॉर्ड 6 पेश किया। यह स्मार्टफोन रोजमर्रा के इस्तेमाल में बढ़त प्रदान करने के लिए बनाया गया है। इसमें सेगमेंट का पहला 165 एफ.पी.एस गेमिंग अनुभव दिया गया है, जो बेजोड़ ग्राफिक स्मूथनेस प्रदान करता है। इसमें फ्लैगशिप ग्रेड का ए.आई, अल्ट्रा-ड्यूरेबल कंस्ट्रक्शन, व्यवहारिक और शक्तिशाली कैमरा है तथा इसके डिजाईन की प्रेरणा फ्लैगशिप वनप्लस 15 से ली गई है। इसलिए एक संपूर्ण और बिना समझौते की टूलकिट प्राप्त होती है, जो दैनिक कामों को बहुत आसान बनाते हुए यूजर्स को बढ़त प्रदान करती है।

### नैनो उर्वरक जागरूकता अभियान की शुरुआत की




**नई दिल्ली।** इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने 5 नैनो प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर ऐतिहासिक अभियान का शुभारंभ कियाअभियान 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 560 जिलों और 3,477 तहसीलों में व्यापक रूप से चलेगा

नैनो एनपीके लिक्विड (8-8-10) और नैनो एनपीके ग्रेन्युलर (20-10-10) को भारत के उर्वरक नियंत्रण आदेश में औपचारिक रूप से अधिसूचित किया गयाइस अवसर पर बोलते हुए इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने कहा कि भारत आज उस ऐतिहासिक संगम पर खड़ा है जहाँ परंपरा और तकनीक मिलती हैं, और यही संगम भारतीय कृषि को एक नई दिशा दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की समृद्धि गाँवों और किसानों से प्रवाहित होनी चाहिए, और श्आत्मनिर्भर भारतश तभी साकार हो सकता है जब किसान सशक्त और समृद्ध हो।

### अक्षय तृतीया मनाई

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर, धीरसन्स ज्वेलर्स, धीरज धीर ग्रुप, लाजपत नगर ने अपना दिल को छू लेने वाला अभियान श्सोने का रिश्ताश पेश किया ।

इस अभियान के बारे में बात करते हुए, राघव धीर, मैनेजिंग डायरेक्टर, धीरसन्स ज्वेलर्स, धीरज धीर ग्रुप, लाजपत नगर ने कहा, भारत में सोना खरीदने के लिए अक्षय तृतीया हमेशा से एक महत्वपूर्ण अवसर रहा है, लेकिन आज का ग्राहक अब इसमें अर्थ और दीर्घकालिक मूल्य भी तलाश रहा है। इस बात को आगे बढ़ाते हुए, रीवा धीर, क्रिएटिव डायरेक्टर, धीरसन्स ज्वेलर्स, धीरज धीर ग्रुप, लाजपत नगर ने कहा, 'सोने का रिश्ता' के साथ, हम सोने के गहरे भावनात्मक महत्व को सामने लाना चाहते थे, विशेष रूप से अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसर पर।

## वेदांता रिसोर्सेज को 2015 के बाद सबसे ऊंची रेटिंग मिली

**नई दिल्ली।** वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड, जो धातु, तेल एवं गैस, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा और तकनीक क्षेत्र की एक वैश्विक अग्रणी कंपनी है, ने आज घोषणा की कि फिच रेटिंग्स ने वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड की लॉन्ग-टर्म फॉरेन-करेंसी इश्यूअर डिफॉल्ट रेटिंग को 'B+' से बढ़ाकर 'BB-' कर दिया है, और इसका आउटलुक स्थिर रखा है। फिच ने इसके साथ ही वीआरएल की सीनियर अनसिक्योर्ड रेटिंग और वेदांता रिसोर्सेज फाइनेंस प्प पीएलसी द्वारा जारी अमेरिकी डॉलर बॉन्ड्स (जिनकी गारंटी वीआरएल देता है) की रेटिंग भी बढ़ाकर 'BB-' कर दी है।

# आप नेता पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवकता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है दिल्ली नगर निगम की स्थाई समिति के नाम से ही प्रकट होता है की यह एक स्थाई समिति है जो कभी भंग नही होती, बस जब भी नगर निगम का चुनाव होता है तो उसके बाद इसके सभी सदस्य नये चुने जाते हैं फिर पांच साल यह समिति स्थापित रहती है इसके एक तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं और उनकी जगह नये सदस्य आ जाते हैं।

विगत 31 मार्च को वित्त वर्ष समाप्ति के साथ से स्थाई समिति के कुछ सदस्य रिटायर हुए जिसमें आम आदमी पार्टी के भीतर कुछ प्रमुख नेता रिटायर हुए, उसके बाद से 'आप' नेता भ्रम फैला रहे हैं की भाजपा ने स्थाई समिति भंग कर दी है जबकि ऐसा कुछ नही है, स्थाई समिति विधमान है।

दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की 'आप' नेताओं का स्थाई समिति को लेकर रोज का विलाप एक पुरानी कहावत 'छज बोले तो बोले छलनी भी बोले जिसमे 72 छेंक' को चरितार्थ कर रहा है।

यह 'आप' नेता जो आज दिल्ली नगर निगम के नियमों का हवाला दे कर रोज भ्रम जाल फैला रहे हैं, खुद इन्होने 2022 में दिल्ली नगर निगम चुनाव जीतने के बाद लगभग 30 माह तक स्थाई समिति सहित नगर निगम की किसी भी समिति का गठन चुनाव नहीं होने दिया था, तब ना इन्हें नगर निगम के नियमों की चिंता थी ना दिल्ली के ठप्प हुए विकास कार्यों की।दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की समय के साथ साथ देश के हर नगर निगम ही नही सभी विभागों की आर्थिक शक्ति बढ़ती रहती हैं और दिल्ली नगर निगम के आयुक्त की आर्थिक शक्ति में बढ़ोतरी वर्तमान हालात देख कर, प्रोजेक्ट मूल्यों को समझते हुए किया गया है।

यदि 'आप' ने 30 माह तक स्थाई समिति का गठन बाधित ना किया होता तो शायद निगमायुक्त की आर्थिक शक्ति भी इतनी ना बढ़ती।

# इग्नू ने जून 2026 टीईई फॉर्म की तारीख एक बार फिर बढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि (इग्नू) ने जून 2026 टर्म-एंड एग्जाम (टीईई) के लिए ऑनलाइन परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तारीख एक बार फिर बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, अब छात्र 26 अप्रैल 2026 तक बिना लेट फीस के आवेदन कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय के इस फैसले से ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन कोर्स में नामांकित हजारों छात्रों को बड़ी राहत मिली है, जो किसी कारणवश तय समय-सीमा के अंदर फॉर्म नहीं भर पाए थे। पहले यह विंडो 10 मार्च से शुरू होकर 10 अप्रैल 2026 तक निर्धारित था, जबकि 11 अप्रैल से 24 अप्रैल तक लेट फीस के साथ आवेदन का विकल्प दिया गया था। अब संशोधित शेड्यूल के तहत पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया गया है।

नई समय-सीमा के अनुसार, जो छात्र 26 अप्रैल तक भी फार्म जमा नहीं कर पाएंगे, वे 27 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच 1100 रुपये की लेट फीस के साथ आवेदन कर सकते हैं।



## हज कमेटी चेयरपर्सन ने टर्मिनल 3 का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहाँ ने हज 2026 की तैयारियों को लेकर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट T3 पर अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर कौसर जहां ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हाजियों की सुविधा, सुरक्षा और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

# रक्षा मंत्री ने सचदेवा परिवार से मिलकर भाजपा अध्यक्ष के पिताश्री की मृत्यु पर संवेदना प्रकट की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के पिताश्री श्याम लाल सचदेवा की मृत्यु विगत मंगलवार 7 अप्रैल को हो गई थी। उनकी स्मृति के निमित्त कीर्तन समागम कल 11 अप्रैल को सांय 3 से 4 बजे के मध्य गुरुद्वारा माता सुंदरी जी, राउज एवेन्यू, आई.टी.ओ. के समीप होगा।



भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी आज श्री श्याम लाल सचदेवा जी के मयूर विहार स्थित पारिवारिक निवास पर पहुंचे और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी पत्नी श्रीमती कृष्णा सचदेवा एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा सहित उनके सभी पुत्रों से मिलकर संवे. दना प्रकट की। दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा, यमुनापार विकास बोर्ड अध्यक्ष सरदार अरविंदर सिंह लवली, दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह सहित अनेक भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी आज दिल्ली भाजपा अध्यक्ष के निवास पर जा कर संवेदना प्रकट की।

# सावदा-घेवरा में झुग्गीवसियों को मिलेंगे घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा सावदा-घेवरा स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स में 717 झुग्गीवासियों को आवास देने का निर्णय लिया गया है। इनमें 528 पात्र और 189 अपात्र श्रेणी के लाभार्थी शामिल हैं।

ये अपात्र लाभार्थी कुल 258 लोगों में से हैं, जिनमें गैर-रिहायशी झुग्गियां शामिल नहीं हैं और ये रेस कोर्स क्षेत्र की भाई राम कैंप, मस्जिद कैंप और डीआईडी कैंप बस्तियों से संबंधित हैं। प्रत्येक लाभार्थी के लिए केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 1,12,000 रुपये की सहायता राशि डूसिब को दी जाएगी, जबकि लाभार्थियों को अपने फ्लैट के रखरखाव के लिए 30,000 रुपये तीन महीने के भीतर जमा करने होंगे। इसके अतिरिक्त, इंदिरा कैंप (कल्याणपुरी), जी-पॉइंट (गोल मार्केट), न्यू संजय कैंप (ओखला) और राजीव कैंप (मंडावली) जैसी पहले ही हटाई जा चुकी चार बस्तियों के 221 लाभार्थियों को भी सावदा-घेवरा में फ्लैट दिए जाएंगे।बैठक में शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई विकास और मरम्मत कार्यों को मंजूरी दी गई। सुल्तानपुरी के साइट ए-3 पर बने 1060 (जी+4) ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स की मरम्मत की जाएगी, जबकि द्वारका सेक्टर 16-बी में 980, 736 और 288 पांच मंजिला मकानों को रहने योग्य बनाया जाएगा। इसके अलावा भलस्वा (जहांगीरपुरी पॉकेट-प्प) में 7400 फ्लैट्स के लिए सड़क, पार्क, सीवर सिस्टम और रास्तों का विकास किया जाएगा।

## जेएनयू में संगोष्ठी व दोहा वाचन प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में शनिवार को श्रीरामचरितमानस पर संगोष्ठी और दोहा वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम संस्कृति संज्ञान संस्था और जेएनयू के संस्कृत एवं प्राच्य विद्या अध्ययन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है, जिसका उद्देश्य सनातन सांस्कृतिक मूल्यों को पुनर्स्थापित और सशक्त करना है।

संस्था का लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश के हर परिवार तक श्रीरामचरितमानस के पाठ को पहुंचाना है। इसी क्रम में देशभर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मानवता के लिए श्रीरामचरितमानस विषय पर संगोष्ठियों की श्रृंखला चलाई जा रही है। अब तक 17 संगोष्ठियां आयोजित की जा चुकी हैं, जबकि पहली संगोष्ठी दिल्ली विश्वविद्यालय में अगस्त 2024 में हुई थी। कार्यक्रम में छात्रों के लिए दोहा वाचन प्रतियोगिता भी आयोजित होगी, जिसमें प्रतिभागी पांच दोहे या चौपाइयों का कंठस्थ पाठ और उनके जीवनोपयोगी संदेश प्रस्तुत करेंगे।

# पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट का उद्घाटन




**नई दिल्ली ।** विशेषीकृत और बाल-केंद्रित क्रिटिकल केयर सेवाओं को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल ने आज अपने परिसर में अत्याधुनिक पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट का उद्घाटन किया। इस पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट का औपचारिक उद्घाटन डॉ एस. खन्ना, संस्थापक एवं अध्यक्ष, धर्मशिला कैंसर फाउंडेशन एंड रिसर्च सेंटर द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए डॉ बिलाल खान, सीनियर कंसल्टेंट एवं इंचार्ज पीडियाट्रिक मेडिसिन और पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट ने कहा, हमारी समर्पित पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट की शुरुआत क्षेत्र में बाल चिकित्सा क्रिटिकल केयर को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम उपलब्धि है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# गौतमबुद्धनगर में 15 लाख पांच हजार 82 मतदाता

■ दो हजार 24 मतदेय स्थल, राजनितिक दलों को उपलब्ध कराई गई सूची



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** एसआईआर के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। इसी क्रम में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अंतिम मतदाता सूची भी उपलब्ध करा दी गई है। डीएम मेधा रूपम ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर में कुल 15 लाख 5 हजार 82 मतदाता रजिस्टर्ड हैं। जिनमें 8 लाख 23 हजार 304 पुरुष, 6 लाख 81 हजार 728 महिला व 50 ट्रांसजेंडर मतदाता सम्मिलित है।

विधानसभा क्षेत्र 61-नोएडा में कुल 5 लाख 87 हजार 195 मतदाता हैं। जिनमें 3 लाख 24 हजार 477 पुरुष, 2 लाख 62 हजार 708 महिला व 10 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र 62-दादरी में कुल 6 लाख 5 हजार 204 मतदाता हैं। जिनमें 3 लाख 28 हजार 244 पुरुष, 2 लाख 76 हजार 926 महिला व 34 ट्रांसजेंडर मतदाता सम्मिलित हैं।

विधानसभा क्षेत्र 63-जेवर में कुल 3 लाख 12 हजार 683 मतदाता रजिस्टर्ड हैं, जिनमें 1 लाख 70 हजार 583 पुरुष, 1 लाख 42 हजार 94 महिला व 06 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदान केंद्रों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि जनपद में वर्तमान में कुल 743 मतदान केंद्र स्थापित हैं। जिनमें विधानसभा क्षेत्र 61-नोएडा के 233, 62-दादरी के 303 व 63-जेवर के 207 मतदान केंद्र शामिल हैं।

इसी प्रकार जनपद में कुल 2,024 मतदेय स्थल हैं। जिनमें विधानसभा क्षेत्र 61-नोएडा के 811, 62-दादरी के 794 तथा 63-जेवर के 419 मतदेय स्थल सम्मिलित हैं।

# न थकने वाला पहरेदार, एआई रोबोटिक डॉग बना सुरक्षा का अवतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भीड़भाड़ वाली गलियों में चौकन्नी नजरें, हर हलचल पर पैनी पकड़ और बिना थके घंटों निगरानी। अब यह सब किसी इंसानी सुरक्षाकर्मी तक सीमित नहीं रहेगा। तकनीक ने एक नया मोड़ ले लिया है, जहां रोबो डॉग जैसी अत्याधुनिक मशीनें सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए तैयार हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस यह स्मार्ट सर्विलांस डॉग न केवल संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेगा, बल्कि रियल-टाइम डेटा के जरिए तुरंत प्रतिक्रिया भी दे सकेगा।

ग्रेटर नोएडा की कंपनी एडवर्ब कंपनी द्वारा विकसित यह रोबोटिक डॉग भविष्य की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कल्पना कीजिए एक ऐसी मशीन साथी जो भीड़ में आसानी से घूम सके, खतरनाक इलाकों में बिना जोखिम के पहुंच सके और हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर नजर बनाए रखे। आने वाले समय में यह रोबो डॉग न सिर्फ सुरक्षा एजेंसियों का भरोसेमंद साथी बनेगा, बल्कि स्मार्ट शहरों की निगरानी व्यवस्था का अहम हिस्सा भी बन सकता है।

इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित इलेक्ट्रॉनिक्स एंड प्रोडक्ट्रॉनिका इंडिया में कंपनी ने रोबो डॉग को प्रदर्शित किया है। एआई से लैस इस रोबो डॉग की खूबियां जानने के लिए लोग भी वहां जुट रहे हैं। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि सार्वजनिक जगहों से लेकर सेना और पुलिस के उपयोग के लिए भी इस रोबो डॉग ट्रैक को मशीन लर्निंग से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे भविष्य की स्मार्ट सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी का संकेत मिलता है। अभी इसका शुरुआती उपयोग औद्योगिक ऑटोमेशन और वेयरहाउस मॉनिटरिंग के लिए किया जा रहा है। इसमें 360 डिग्री मूवमेंट, एआई एनालिसिस कैमरा सिस्टम, पॉवर बैकअप और फास्ट चार्जिंग जैसी सुविधाएं दी गई हैं।

**एक्सपो में अन्य खास उद्योग** : बम्बू लैब की एआई कॉम्बों मशीन भी आकर्षण का केंद्र रही। यह मशीन प्लास्टिक से प्रोडक्ट तैयार करती है । यह यूजर द्वारा अपलोड किए गए डिजाइन को सीधे प्रोडक्ट में बदल देती है। इसका उपयोग खिलौने, पार्ट्स और प्रोटोटाइप बनाने में किया जाता है। वेर्डे मोबिलिटी का छोटा ईवी चार्जर भी प्रदर्शित किया गया, जिसे घर पर आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है।

## बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी किशोर को सुधार गृह भेजा

**नोएडा।** पुलिस ने सेक्टर-113 थाना क्षेत्र स्थित गांव में छह वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी किशोर को पकड़ लिया। बच्ची के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। न्यायालय ने उसे बाल सुधार गृह भेज दिया। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाले एक व्यक्ति की छह साल की बेटी है। बच्ची के माता-पिता मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। बच्ची के घर से थोड़ी दूर ही गैर समुदाय का 16 वर्षीय किशोर रहता है। बच्ची के माता-पिता बुधवार की सुबह मजदूरी करने निकल गए।

# हर्षित मौत मामले में तीनों दोस्तों पर हत्या की एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में एमिटी यूनिवर्सिटी के 23 साल के छात्र हर्षित भट्ट की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर थाना सेक्टर-126 थाने में तीनों दोस्तों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हर्षित की मां ने पुलिस से कहा- मेरा बेटा तैरना जानता था। वो गड्ढे में डूब ही नहीं सकता। उसकी हत्या की गई है। मैं उसके दोस्तों को नहीं जानती, कौन कैसा है।

बुधवार शाम को परीक्षा खत्म होने के बाद हर्षित अपने तीन दोस्तों के साथ पिक. निक मनाने गया था। पुलिस के मुताबिक, इसी दौरान वह गड्ढे में उतर गया। वह गहराई में चला गया और डूबने लगा। दोस्तों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। 20 मिनट बाद पुलिस गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंची और हर्षित को बाहर निक. लकर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। लेकिन दोनों पक्षों ने जांच की बात कही है। जांच और साक्ष्य संकलन के बाद ही आरोपियों के खिलाफ कोई एक्शन लिया जाएगा। तीनों छात्र भी जांच में पूर्ण सहयोग करने की बात की है।

**बुधवार को डूबा था छात्र:** गाजियाबाद के इंदिरानगर में वाला हर्षित भट्ट (23) एमिटी यूनिवर्सिटी में पढ़ता था। वो बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (बीपीएड) के छठे सेमेस्टर में पढ़ता था। उसके पिता ललित चंद्रभट भारतीय सेना में टेक्निकल विभाग में हैं। अभी लद्दाख में तैनात हैं। परिवार में मां, एक भाई और एक बहन है।

बुधवार को हर्षित परीक्षा खत्म होने के बाद अपने दोस्तों के साथ नोएडा में सुपरना.




वा के पास एक खाली निर्माण स्थल पर पिकनिक मनाने गया। पुलिस के मुताबिक, सभी दोस्त इस गड्ढे के किनारे बैठे हुए थे। फिर वह नहाने के लिए गड्ढे में उतर गए। देखते ही देखते हर्षित गहराई में चला गया और डूबने लगा।दोस्तों ने उसे बचाने की को. शिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। 20 मिनट बाद पुलिस गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंची और हर्षित को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शुरुआती पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में ड्रॉनिंग यानी पानी में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। फेफड़ों में रेत और पानी भरा हुआ है। बिसरा सुरक्षित रखा गया है।

**हर्षित तैरना जानता था, गड्ढे में डूबा कैसे:** हर्षित की मां ने कहा- मेरा बेटा तैरना जानता था। ऐसे में बेटा गड्ढे में डूब नहीं सकता। बुधवार सुबह साढ़े 8 बजे वो घर से निकला था। उसका 10 बजे से पेपर था। इंदिरापुरम से कॉलेज पहुंचने में 1-2 घंटे लगते हैं। उसने कहा था- मैं 4 बजे तक घर आ जाऊंगा।

कॉलेज जाने के बाद मैंने उसको फोन किया। कहा- घर की मोटर खराब हो गई है। मैंने उससे कहा था कि सोसाइटी के ऑफिस में फोन कर लेना, जिससे इलेक्ट्रिशियन आकर चेक कर लेगा। शाम को पता चला कि बेटे की मौत हो गई है।

## एक नजर

### शराब की दुकानों के आवंटन से 28 करोड़ के राजस्व का बनाया रिकॉर्ड

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा में जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में आबकारी नीति 2026-27 के अंतर्गत द्वितीय चरण की ई-लॉटरी संपन्न हो गई। इस प्रक्रिया के माध्यम से अवशेष देशी मदिरा की एक दुकान, मॉडल शॉप की चार दुकानें, नवसृजित देशी मदिरा की 23 दुकानें और कंपोजिट मदिरा की दो दुकानों सहित कुल 30 मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन किया गया। ऑनलाइन आवंटन का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कलेक्ट्रेट सभागार एवं परिसर में किया गया। ग्रेटर नोएडा जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि देशी मदिरा की 24 दुकानों के लिए 3535 आवेदन, कंपोजिट मदिरा की दो दुकानों के लिए 507 आवेदन और मॉडल शॉप की चार दुकानों के लिए मात्र पांच आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 4047 आवेदनों में से ई-लॉटरी के जरिए दुकानों का आवंटन किया गया। 28 **करोड़ रुपये का राजस्व:** इस प्रक्रिया से जिले को लगभग 28 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। ई-लॉटरी की पूरी प्रक्रिया अत्यंत पारदर्शिता और सुचिता के साथ संपन्न की गई। आयोजन के दौरान एडीएम प्रशासन मंगलेश दुबे, आबकारी विभाग द्वारा नामित सहायक आबकारी आयुक्त मोहन मीं. कंग आसवनी गाजियाबाद श्रीरविशंकर समेत पुलिस विभाग के नामित अधिकारी सहित समस्त आबकारी निरीक्षक मौजूद रहे।इस ई-लॉटरी में गौतमबुद्ध नगर जनपद ने पूरे प्रदेश में सबसे अधिक आवेदन प्राप्त करने का रिकॉर्ड बनाया है।

### निवासियों ने बिल्डर प्रबंधन से हैंडओवर लेने से किया इन्कार

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित निराला एस्टेट सोसाइटी के फेज एक के निवासियों ने बिल्डर प्रबंधन से हैंडओवर लेने से इन्कार कर दिया। निवासियों का कहना है कि यह पूरी परियोजना एक ही है, जिसे बिल्डर ने फेज-1 और फेज-2 में विभाजित कर रखा है। ऐसे में दोनों फेज के लिए एक ही एओए का गठन होना चाहिए। लोगों ने कहा कि अधूरे काम पूरे होने के बाद ही हैंडओवर प्रक्रिया पूरी की जाएगी। निवासी सौरव कुमार ने बताया कि फेज-1 के लोग लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं जबकि फेज-2 में करीब दो साल पहले लोग बसना शुरू हुए। आरोप है कि बिल्डर प्रबंधन फेज-1 के लोगों पर अलग एओए बनाकर हैंडओवर लेने का दबाव बना रहा है। उन्होंने कहा कि जब प्राधिकरण के नक्शे में पूरी परियोजना एक है, तो इसे दो हिस्सों में बांटना गलत है। ऐसे में दोनों फेज की एक संयुक्त एओए बनाई जानी चाहिए, तभी हैंडओवर लिया जाएगा।

**क्लब हाउस और स्विमिंग पूल को लेकर भी विवाद:** फेज-एक के लोगों का आरोप है कि बिल्डर ने हैंडओवर से पहले बड़े क्लब हाउस और स्विमिंग पूल की सुविधा देने का वादा किया था, जिसे फेज-2 में बनाकर तैयार भी किया गया, लेकिन अब फेज-1 के लोगों को उसका उपयोग करने नहीं दिया जा रहा है। बावजूद उनसे हर महीने 500 रुपये क्लब शुल्क लिया जा रहा है। फेज एक के लोगों के अनुसार फेज-2 के कुछ लोगों का कहना है कि यह सुविधाएं उनके लिए विकसित की गई हैं। फेज-1 के लोगों का उस पर अधिकार नहीं है। लंबे समय से इस मुद्दे पर विवाद चल रहा है।

### 1912 नंबर पर देर से उठती है कॉल शिकायत पर नहीं होता निरस्तारण

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-82 ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 के आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने स्मार्ट मीटर और अन्य विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर मुख्य अभियंता संजय जैन से मुलाकात की। सेक्टर-16 स्थित कार्यालय पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने एक शिकायती पत्र मुख्य अभियंता को सौंपा।

### फर्जी वसीयत के जरिए संपत्ति पर दावे का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर में फर्जी वसीयत के जरिए संपत्ति हड़पने के मामले में बृहस्पतिवार को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। दिल्ली निवासी विपन चोपड़ा ने बताया कि सेक्टर-61 नोएडा निवासी कृष्ण सैनी ने उनकी संपत्ति पर फर्जी दस्तावेज के जरिए दावा किया है। जबकि उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से उक्त संपत्तियों का वैध स्वामी घोषित किया गया है।

## नोएडा में औद्योगिक विवाद सुलझा

■ प्रशासन की मध्यस्थता से श्रमिक-प्रबंधन में बनी सहमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में उत्पन्न औद्योगिक अशांति का शुक्रवार को शांतिपूर्ण समाधान हो गया। जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की मध्यस्थता में श्रमिक संगठनों और विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधन के बीच हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति बनी। इस बैठक में रेनबो फैबर्ट, पैरामाउंट फैशन एंड स्टाइल्स, रिचा ग्लोबल, साहू एक्सपोर्ट और अनुभव अपैरल्स सहित कई कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), उप जिलाधिकारी दादरी तथा पुलिस आयुक्त के निर्देशन में संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में वार्ता कराई गई। बैठक में श्रमिकों ने वेतन वृद्धि, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, साप्ताहिक अवकाश, बोनस भुगतान, महिला श्रमिकों की सुरक्षा और शिकायत निवारण व्यवस्था जैसी प्रमुख मांगें रखीं।

प्रबंधन ने श्रमिकों की कई मांगों को स्वीकार करते हुए 11 अप्रैल 2026 से ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से करने, साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करने तथा रविवार को कार्य कराने पर दोगुना भुगतान देने पर सहमति जताई।

## डीएम ने 20 सिलेंडर का इंतजाम किया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में जिलाधिकारी मेधा रूपम ने एक पिता की गुहार पर तत्काल कार्रवाई की। बेटियों की शादी के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडरों का इंतजाम न होने पर पिता ने डीएम से मदद मांगी थी। जिलाधिकारी ने 24 घंटे के भीतर 20 सिलेंडरों की व्यवस्था सुनिश्चित की। ग्रेटर नोएडा के खानपुर गांव निवासी अनिल भाटी की बेटियों की शादी 27 अप्रैल को होनी है। उन्हें शादी समारोह के लिए 20 कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आवश्यकता थी, लेकिन गैस एजेंसियों से सिलेंडर नहीं मिल पा रहे थे। इसी समस्या को लेकर अनिल भाटी गुरुवार को जिलाधिकारी मेधा रूपम के पास पहुंचे और मदद की गुहार लगाई।

# किस्त भरने पर भी जब्त की कार, कंपनी को ब्याज समेत पैसा लौटाने के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पूरी किस्त जमा करने के बाद भी फाइनेंस कंपनी ने कार जब्त कर उसे बेच दिया। जिला उपभोक्ता आयोग ने अब फाइनेंस कंपनी पर 6 प्रतिशत ब्याज के हिसाब से उपभोक्ता को 8.5 लाख रुपये 30 दिनों के भीतर लौटाने के आदेश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा ने मामले की सुनवाई की।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा के तुस्याना गांव निवासी जितेंद्र ने साल 2012 में महेंद्रा एंड महेंद्रा फाइनेंशियल सर्विस लिमिटेड से एक कार फाइनेंस कराई थी। तय शर्तों के अनुसार, उन्हें हर महीने 13,050 रुपये की किस्त जमा करनी थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह समय पर सभी किस्तों का भुगतान करते रहे। 26 अगस्त 2017 उनके दोस्त कार लेकर गए थे। जब वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट के शाहबेरी गांव के पास पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी कार रुकवा ली और हथियार दिखाकर कार छीनकर ले गए। बाद में कंपनी ने उनके पास फोन कर बताया कि बकाया किस्तों के कारण कार जब्त की गई है।

जितेंद्र ने कंपनी को बताया कि उन्होंने सभी किस्तें जमा कर दीं हैं, यदि कोई बकाया है तो वह उसे भी चुका देगा। बावजूद कंपनी ने न तो कार वापस की न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया। बाद में उन्हें पता चला कि उसकी कार किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी गई है। काफी प्रयासों के बाद भी जब कंपनी ने कार और जमा रकम नहीं लौटाई तो उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई।

आयोग ने इसे कंपनी का अनुचित व्यापारिक व्यवहार माना। आयोग ने कंपनी को ब्याज समेत पूरी रकम वापस करने के आदेश दिए हैं। साथ ही कहा कि पांच हजार रुपये मान. सिक पीड़ा और पांच हजार रुपये वाद व्यय के रूप में भी भुगतान करने होंगे।

## बदमाशों की तलाश में चार टीमें गठित

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के चक शाहबेरी गांव में जनसेवा केंद्र संचालक से हुई लूट के मामले में पुलिस अब तक गली-मोहल्लों में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल चुकी है। कई फुटेज में बाइक सवार संदिग्ध बदमाश नजर आए हैं, जिनके आधार पर पुलिस उनकी पहचान कर रही है। बता दें कि केंद्र के संचालक शाहबेरी गांव निवासी हरेंद्र सिंह से बुधवार को बाइक सवार दो बदमाश तमंचे के बल पर करीब साढ़े तीन लाख रुपये से भरा बैग लूटकर भाग गए थे। पीड़ित की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। शुरुआती जांच में सामने आया कि वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाशों की तस्वीरें कैद हुईं हैं।

# फेज-2 के इंस्पेक्टर और सिपाही सस्पेंड

■ स्ट्राइक की जानकारी नहीं दी थी, कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा- लापरवाही बर्दाश्त नहीं




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए क्राइम मीटिंग के दौरान फेज-2 थाना के प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार और एलआईयू (लोकल इंटेलिजेंस यूनिट) के सिपाही प्रतीक को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। गुरुवार को जनपद के सभी थाना प्रभारियों और संबंधित अधिकारियों के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सामने आया कि कुछ मामलों में अपेक्षित सतर्कता और त्वरित कार्रवाई नहीं की गई।

जिसे गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को यह सख्त कदम उठाया गया। सख्त कदम उठाते हुए नोएडा के फेस-2 में स्थापित फेस-2 के थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार व एलआइयू के सिपाही प्रतीक को सस्पेंड कर दिया गया है।

बताया गया कि फेज-2 में कंपनी के कुछ कर्मचारियों ने वेतन बढ़ाने को लेकर स्ट्राइक की थी, जिसकी जानकारी समय पर नहीं दी गई। शुक्रवार को उन्ही कर्मचारियों ने हड़ताल और मार्च निकाला। जिससे लॉ एंड आर्डर की स्थिति बिगड़ सकती थी। ऐसे में पुलिस कमिश्नर ने सख्त एक्शन लिया।

# वेतन वृद्धि पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने हंगामा किया। उन्होंने होजरी कॉम्प्लेक्स सड़क पर सड़क जाम कर दी। लंबा जाम लगने पर पुलिस हस्तक्षेप करने आई तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। जवाब में पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इसके बाद भीड़ वहां से तितर बितर हो गई।

मजदूरों का कहना है कि चाय से लेकर सिलेंडर तक सब महंगा हो गया है, लेकिन उनका वेतन नहीं बढ़ाया जा रहा है। श्रम कानूनों को ठेंगे पर रखकर उनसे काम लिया जा रहा है। मजदूरों का कहना है कि महंगाई की वजह से उनके कई साथी उत्थ्तराखंड और बिहार में वापस अपने गांव चले गए। एक मजदूर ने बताया कि 900 रुपये में मिलने वाला सिलेंडर ब्लैक में 3 हजार रुपये में मिल रहा है। सारा पैसा अगर सिलेंडर पर खर्च कर देंगे तो बचाएंगे क्या। जब फैक्ट्री वाले पैसा बढ़ाएंगे तब वे वापस नोएडा आएंगे।

**कागज पर सैलरी कुछ, मिलता कुछ है:** मजदूरों का कहना है कि फैक्ट्री प्रबंधन पांच मिनट देरी करने पर पैसा काट लेता है। कागजों पर हमारी सैलरी 20 हजार दिखाई जाती है पर हमें मिलता केवल 14 हजार रुपये है। इसके अलावा ओवरटाइम का पैसा ठीक से नहीं मिलता है। हमसे बोला जाता है कि बाहर बोलना कि ओवरटाइम का पैसा डबल मिलता है लेकिन ऐसा होता नहीं है।

# बाइक इंजन सीज होने पर खुद पर डाला पेट्रोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में एक युवक ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। आग लगाता इससे पहले ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उस पर पानी डाल दिया। पुलिस ने युवक को समझाया और उसे घर भेजा। युवक गतल तेल भरने से नाराज था। इसलिए उसने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया था।

ये पूरा मामला 8 अप्रैल का है। इसका एक वीडियो अब सामने आया। वीडियो में दिख रहा है कि एक पुलिस कर्मी युवक पर पानी की कैन डाल रहा है। युवक का नाम रवी है और निठारी का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि घटना से दो से तीन दिन पहले इसने सेक्टर-49 थाना क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप से तेल भरवाया।

**इंजन में खराबी से थे नाराज:** एक दिन बाद ही बाइक का इंजन खराब हो गया। जिससे नाराज युवक पेट्रोल पंप गया और पेट्रोल के पैसे वापस मांगने लगा। पेट्रोल पंप पर मोजूद लोगों ने पैसे देने से मना किया। जिससे आहत होकर रवि ने पेट्रोल अपने ऊपर डाल लिया। आग लगाने की धमकी देने लगा। मौके पर पहुंची पीआरवी 4803 ने तत्परता दिखाई। और रवि को पकड़ा लिया। रवि को पानी की कैन से नहला दिया। इसके बाद उसे समझाया।

# एक करोड़ के फ्लैट की बालकनी गिरी

## छज्जे का प्लास्टर टूटकर नीचे गिरा, युवती बोली- बाल-बाल बची जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की एक महंगी सोसाइटी में फ्लैट की बालकनी का प्लास्टर गिरने का मामला सामने आया है। बीटा 2 थाना क्षेत्र के सेक्टर चाई-5 स्थित निम्बस 2 सोसाइटी में यह घटना हुई, जहां अचानक बाल. कनी का एक बड़ा हिस्सा नीचे गिर गया। एक युवती ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।

सोनम सिंह नामक युवती ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा करते हुए बताया कि वह चाई-5 में स्थित इस फ्लैट में रहती हैं। उन्होंने जानकारी दी कि वे इस



फ्लैट का 28,000 रुपये मासिक किराया देती हैं और इसकी कीमत 1 करोड़ रुपये है।

युवती के अनुसार, रात करीब 2 बजे वे टीवी देख रहे थे तभी अचानक तेज आवाज आई। बाहर जाकर देखने पर पता चला कि बालकनी का एक बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया था। सोनम सिंह ने वीडियो में निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि उस समय कोई व्यक्ति बालकनी के नीचे होता तो उसकी जान भी जा सकती थी।

यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, वीडियो में दिख रही युवती ने इस मामले पर मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया।

यह ग्रेटर नोएडा में इस तरह की पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई सोसाइटियों में महंगे फ्लैटों के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ चुके हैं। इन फ्लैटों की कीमत करोड़ों में होने के बावजूद, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता अक्सर खराब पाई गई है।


**कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा (उ0प्र0)**

संख्या-एफ-चार-01/2026-27-मॉन्टेसरी स्कूल विज्ञापन दिनांक : 07/04/2026

यह सूचित किया जाता है कि ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा के मॉन्टेसरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा केच, नर्सरी, एल.के.जी व यू.के.जी के लिए अस्थायी तौर पर विशुद्ध रूप से अनुबंधात्मक आधार पर नियत तिथि 01/07/2026 से 31/05/2027 तक के लिए महिला मुख्याध्यापिका, महिला अध्यापिका एवं महिला आया के पदों हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:-

| क्र.स | पद | संख्या | मानदेय प्रतिमाह | आयु | शैक्षणिक योग्यता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मुख्याध्यापिका | 01 | रु0 15,000/- | 30-45 वर्ष | कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक तथा बी.एड या प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा या बी.टी.सी. या समकक्ष तथा बेसिक स्कूल में पाँच वर्ष का अध्यापन अनुभव। | मुख्याध्यापिका होने के साथ अध्यापिका का भी कार्य करेगी। |
| 02 | अध्यापिका | 04 | रु0 12,500/- | 21-40 वर्ष | कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक तथा बी.एड या प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा या बी.टी.सी. या समकक्ष। | ---------- |
| 03 | आया (मॉन्टेसरी स्कूल के लिए) | 03 | रु0 10,000/- | 18-40 वर्ष | पाँचवी कक्षा या हिन्दी के साथ समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। | ---------- |
| 04 | आया (क्रेच के लिए) | 02 | रु0 10,000/- | 18-40 वर्ष | पाँचवी कक्षा या हिन्दी के साथ समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। | ---------- |

नोट:- छात्रों के नामांकन के आधार पर किसी भी समय उपर्युक्त पदों की संख्या घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है।

02 आवेदन पत्र/आवेदन करने का तरीका:- (अ) आवेदन पत्र निम्नलिखित प्रारुप में जमा करना होगा- (1) आवेदक का नाम/पस्पा फोटो (2) आवेदक के पिता/पति का नाम (3) पद जिसके लिए आवेदन किया जाना है (4) आवेदक का स्थाई पता (5) आवेदक का वर्तमान पत्राचार का पता एवं मोबाईल नम्बर (6) आवेदक की नागरिकता (7) आवेदक की जन्मतिथि (8) आवेदक की जाति (9) आवेदक की शिक्षा (10) आवेदक का नर्सरी, एल.के.जी एवं यू.के.जी का शैक्षिक अनुभव (11) अन्य कोई जानकारी (12) आवेदक के हस्ताक्षर (ब) आवेदन करने का तरीका:- उक्त पदों पर नियुक्ति के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन दिनांक 25/04/2026 तक 1600 बजे तक पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ग्रेटर नोएडा-201306 पर भेजे। आवेदन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को दिनांक 27/04/2026 को 10:00 बजे ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, ग्रेटर नोएडा-201306 में साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। नोट:- विस्तृत विज्ञापन के.रि.पु.बल की वेबसाईट www.crpf.gov.in पर देखी अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

पुलिस उप महानिरीक्षक,
ग्रुप केन्द्र केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा

# जटिल सर्जरी में बड़ी कामयाबी, चार साल की मानवी को मिला नया जीवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में चिकित्सकों ने चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए चार वर्षीय बच्ची मानवी को दुर्लभ जन्मजात बीमारी से निजात दिलाई है। कर्ण, नासिका एवं कंठ (ईएनटी) विभाग की विशेषज्ञ टीम ने द्विपक्षीय ब्रांचियल फिस्टुला जैसे अत्यंत जटिल और दुर्लभ रोग का सफल ऑपरेशन कर बच्ची को नई जिंदगी दी है।



चिकित्सकों के अनुसार, द्विपक्षीय ब्रांचियल फिस्टुला एक जन्मजात विकार है, जिसमें गर्दन के दोनों ओर असामान्य नलिकाएं विकसित हो जाती हैं। ये नलिकाएं त्वचा और शरीर के अंदरूनी हिस्सों के बीच असामान्य संपर्क बना देती हैं, जिससे बार-बार संक्रमण, सूजन और पस का स्राव जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। समय पर उपचार न मिलने पर यह बीमारी गंभीर रूप ले सकती है और मरीज के सामान्य जीवन को प्रभावित कर सकती है। ऐसे जटिल मामलों में सटीक निदान और अत्यधिक सावधानी के साथ सर्जरी करना बेहद जरूरी होता है। सर्जरी के दौरान फिस्टुला के पूरे पथ को पहचानकर उसे पूर्ण रूप से निक. ालना आवश्यक होता है, क्योंकि यदि इसका कोई हिस्सा रह जाए तो बीमारी दोबारा हो सकती है। इसी चुनौती को स्वीकार करते हुए SIMS के ईएनटी विभाग की टीम ने कुशलता और आधुनिक तकनीकों के सहारे इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। विभागाध्यक्ष डा. अविनाश कुमार के नेतृत्व में डा. शुभम मित्तल, डा. नंदिनी और डा. थजाना की टीम ने ऑपरेशन के दौरान बच्ची के गर्दन के दोनों ओर मौजूद फिस्टुला पथ को पूरी तरह निकाल दिया। इस सफलता पर संस्थान प्रबंधन ने भी चिकित्सकों की सराहना की। प्राचार्या डा. बरखा गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार ब्रिगेडियर डा. आर. के. सहगल, महाप्रबंधक एन. वर्धराजन, निदेशक रघुवर दत्त और चिकित्सा अधीक्षक मेजर जनरल डा. सी. एस. आहलूवालिया ने ईएनटी विभाग की टीम को बधाई देते हुए उनके समर्पण और कुशलता की प्रशंसा की। वहीं, सरस्वती समूह संस्थानों के संस्थापक एवं अध्यक्ष डा. जे. रामचंद्रन और उपाध्यक्ष रम्या रामचंद्रन ने भी इस उपलब्धि को संस्थान की उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं का प्रमाण बताते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। समय पर उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। SIMS हापुड़ आधुनिक सुविधाओं, अनुभवी चिकित्सकों और उन्नत तकनीकों के माध्यम से क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है और भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।

# सड़क पर 'भोकाल' बनाना पड़ा भारी, ट्रैफिक कर्मी ने सिखाया नियमों का पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर की सड़कों पर नियमों को ठेंगा दिखाते हुए भाजपा का झंडा लगाए एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो तेज हूटर बजाते हुए फर्राटा भर रही थी। वाहन चालक सड़क पर रौब झाड़ते हुए लोगों में धौंस जमाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन तहसील चौराहे पर उसकी यह हनक ज्यादा देर तक नहीं चल सकी। सतर्क यातायात कर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए न केवल वाहन को रोका, बल्कि सख्त कार्रवाई कर नियमों का उल्लंघन करने वालों को कड़ा संद. ेश भी दिया।



जानकारी के अनुसार, जैसे ही तेज आवाज में हूटर बजाती स्कॉर्पियो तहसील चौराहे पर पहुंची, वहां तैनात यातायात कर्मी मनोज कुमार और पीआरडी जवानों ने वाहन को रोकने का प्रयास किया। चालक ने पहले तो रौब दिखाते हुए गाड़ी नहीं रोकी और आगे बढ़ने लगा। इस पर यातायात कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन का पीछा किया और आगे खड़े होकर किसी तरह स्कॉर्पियो को रुकवाया। वाहन रुकवाने के बाद जब जांच की गई तो चालक ने साफ तौर पर कार में हूटर होने से इनकार कर दिया। उसने चुनौती देते हुए कहा कि जितना चाहें जांच कर लें, गाड़ी में कोई हूटर नहीं मिलेगा। हालांकि, यातायात कर्मियों को पहले ही हूटर की आवाज सुनाई दे चुकी थी, इसलिए उन्होंने बारीकी से जांच जारी रखी। जांच के दौरान पीआरडी कर्मी ने जब गाड़ी के नीचे झांककर देखा तो वहां छिपाकर लगाया गया हूटर बरामद हो गया। इसके बाद मौके पर ही मिस्त्री बुलवाकर गाड़ी से अवैध हूटर उतरवाया गया और नियमों के उल्लंघन पर स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ 10,500 रुपये का चालान किया गया। यातायात पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# अम्बेडकर जयंती को लेकर सख्त सुरक्षा, 27 हॉटस्पॉट पर विशेष फोर्स तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। 14 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार जिले में 99 शोभायात्राएं और 33 अन्य कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, जिन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।



जिले में डा. भीमराव अम्बेडकर की 83 प्रतिमाएं स्थापित हैं, जहां माल्यार्पण और अन्य आयोजन होंगे। शोभायात्राओं के मार्ग में पड़ने वाले 27 स्थानों को संवेदनशील (हॉटस्पॉट) चिन्हित किया गया है। इन स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा और लगातार गश्त की व्यवस्था रहेगी। पूरे मेरठ रेंज में बनाए गए सुरक्षा प्लान के तहत हापुड़ में भी पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है ताकि किसी भी सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रमों के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पुलिस ने पहले ही आयोजकों, धर्मगुरुओं, शांति समितियों और संभ्रांत लोगों के साथ कई दौर की बैठकों का आयोजन किया है। साथ ही नगर पालिका, स्वास्थ्य और विद्युत विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर साफ-सफाई और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परंपरा से हटकर कोई आयोजन न हो और नई विवादित परंपराओं को अनुमति न दी जाए। संवेदनशील स्थलों का पहले ही निरीक्षण कर संभावित विवादों को समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सोशल मीडिया की निगरानी बढ़ा दी गई है। डिजिटल वॉलंटियर्स को सक्रिय कर दिया गया है, ताकि किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट पर तुरंत कार्रवाई हो सके। पुलिस लाइन और थानों में रिजर्व फोर्स को भी दंगा निरोधक उपकरणों के साथ तैनात रखा गया है।

# संदिग्ध गतिविधियों से परेशान लोग, पुलिस से हस्तक्षेप की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के चंडी मंदिर के पीछे खैरपुर रोड स्थित एक खेत के पास संदिग्ध गतिविधियों को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि यहां असामाजिक तत्वों की लगातार आवाजाही से माहौल प्रभावित हो रहा है, जिससे महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता गहरा गई है।



लोगों के अनुसार, पिछले कुछ समय से इस स्थान पर दिन-रात बाहरी लोगों का जमावड़ा लगा रहता है। आरोप है कि कई बार नशे की हालत में कुछ लोग आसपास से गुजरने वाली महिलाओं और छात्राओं पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हैं, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन गया है। इससे ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है। बताया गया कि कई बार मौखिक विरोध के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद शुक्रवार को क्षेत्र के नागरिकों ने एकजुट होकर पिलखुवा कोतवाली पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी। शिकायत पत्र में कई लोगों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें प्रमुख रूप से मनोज तोमर, सचिन कुमार, अजीत कुमार, हरिओम सैनी और इंद्रेश कुमार सैनी शामिल हैं। नागरिकों ने मामले में शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और प्राप्त शिकायत के आधार पर जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सीवर खुदाई बनी मुसीबत, 200 मीटर सड़क ध्वस्त जनजीवन ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में विकास कार्यों की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। अचपलगढ़ी में सीवर लाइन डालने के नाम पर करीब 200 मीटर लंबी सड़क को पूरी तरह उखाड़ दिया गया, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से हालात बेहद खराब हो गए हैं। सड़क ध्वस्त होने के कारण दर्जनों गांवों का संपर्क प्रभावित हो गया है और क्षेत्र में आवागमन लगभग ठप हो गया है।

स्थिति को बेमौसम बारिश ने और विकराल बना दिया है। उखड़ी हुई सड़क अब दलदल में तब्दील हो चुकी है, जहां हर कदम पर फिसलने का खतरा बना हुआ है। इस मार्ग से रोजाना गुजरने वाले स्कूली बच्चे, व्यापारी और अन्य लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर हैं। दोपहिया वाहन फिसलने से कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। स्थानीय व्यापार पर भी इसका गहरा असर पड़ा है। दुकानदारों का कहना है कि सड़क खराब होने के कारण ग्राहकों की आवाजाही कम हो गई है, जिससे कारोबार प्रभावित



हो रहा है। क्षेत्रवासियों में प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी है। उनका आरोप है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के सड़क की खुदाई कर दी गई, जो स्पष्ट रूप से लापरवाही को दर्शाता है। लोगों का कहना है कि जिम्मेदार विभाग केवल आश्वासन दे रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्य नहीं हो रहा। बारिश के चलते काम में बाधा आई थी, लेकिन अब मौसम साफ होने के बाद प्राथमिकता के आधार पर सड़क को जल्द दुरुस्त कर आवागमन बहाल कराया जाएगा। यदि जल्द ही प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो समस्या और गंभीर हो सकती है, जिसका खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ेगा।

# रोडवेज बस-ट्रक भिड़ंत से मचा हड़कंप, टला बड़ा हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-9 पर शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एलिवेटेड पुल के नीचे डूहरी पेट्रोल पंप के सामने करीब 10 बजे तेज रफ्तार रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि आसपास के इलाके में तेज धमाके जैसी आवाज गूंजी और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



गनीमत रही कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए और किसी बड़ी जनहानि की सूचना नहीं है। हादसे में एक मासूम के घायल होने की जानकारी सामने आई है, जिसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। टक्कर के बाद हाईवे पर यातायात कुछ समय के लिए पूरी तरह बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी मनीष चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाल लिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस और ट्रक को सड़क से हटवाकर यातायात को जल्द ही सुचारू करा दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही सामने आ रही है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### यूपीएसआईडीसी में चोरी का पर्दाफाश, 4 एल्युमीनियम सैक्शन के साथ दो आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने यूपीएसआईडीसी क्षेत्र स्थित एक एल्युमीनियम फैक्ट्री में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई चार एल्युमीनियम सैक्शन भी बरामद की हैं।

थाना प्रभारी के अनुसार, फैक्ट्री में चोरी की घटना सामने आने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम गठित कर जांच शुरू की गई थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने पूठी तिराहा की ओर जाने वाले मार्ग पर दबिश देते हुए दोनों आरोपियों को सड़क किनारे से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी की गई एल्युमीनियम सैक्शन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन पुत्र सत्यप्रकाश निवासी गाजियाबाद तथा सोहेब पुत्र कमरुद्दीन निवासी थाना धौलाना, हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में दोनों से चोरी की घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है और अन्य संभावित वारदातों को लेकर भी पूछताछ जारी है। थाना धौलाना पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### गांजा तस्करी पर पुलिस का शिकंजा, गंजे सहित शातिर आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक शातिर आरोपी को 1.210 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी पिलखुवा के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना हाफिजपुर पुलिस ने शुक्रवार सुबह ब्रजनाथपुर शुगर मिल के पास खंडजे पर हाईवे से करीब 100 कदम की दूरी पर दबिश दी। इस दौरान संदिग्ध गतिविधि करते हुए एक युवक को पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1.210 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शराफत उर्फ इमरान पुत्र शौकत निवासी ग्राम कोटला मेवातियान थाना हापुड़ नगर, हाल निवासी ग्राम खिचरा थाना धौलाना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से कई मामले दर्ज हैं, जिनमें अवैध हथियार, चोरी और अन्य आपराधिक धाराएं शामिल हैं। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क और अन्य संभावित संलिप्त लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### ihlh,l e p;fur lkue ;kno dk nh cèkkÃ ,o 'kHkdkeuk,

y[kuÅ अयोध्या विधानसभा गद्दोपुर मजरे द्वारिका पाण्डेय का पुरवा निवासी सुरेश यादव की सुपुत्री कु. सोनम यादव का पहले प्रयास में ही यूपीपीसीएस में चयनित होकर उपजिलाधिकारी बनने पर गौशाईगंज विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रभारी / प्रयासी चौ. लौटन राम निषाद ने परिवार वालों से मिलकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कु. सोनम यादव का पीसीएस में चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है इसी कड़ी में निषाद ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम अचल यादव के आवास पर पहुंचकर यूपीपीएससी द्वारा समीक्षा अधिकारी उत्तर प्रदेश सचिवालय के पद पर चयनित होने पर उनकी सुपुत्री कु. प्रिया यादव को साबित्रीबाई फूले की तस्वीर, अंगवस्त्रम् भेंटकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ करते हुए समाज एवं राष्ट्र की उत्कृष्ट सेवा करेंगी। गौशाईगंज विधानसभा अंतर्गत तारुन ब्लॉक के ग्राम गदुरहवा-बेलगरा की होनहार बिटिया कु. वंदना वर्मा पुत्री रामनयन वर्मा ने पीसीएस -2024 परीक्षा चतुर्थ प्रयास में उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार बनकर परिवार, समाज और पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। गौशाईगंज के सपा प्रभारी लौटन राम निषाद ने शिक्षा की देवी साबित्रीबाई फूले -ज्योतिबा फूले की तस्वीर, अंगवस्त्रम् भेंट कर और वरिष्ठ सपा नेता रामसागर वर्मा ने सरदार पटेल की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया।

# लोकदल का भव्य सदस्यता अभियान का आयोजन

'kkg VkbEl lokndnkrk

y[kuÅ राष्ट्रीय लोकदल के संगठन विस्तार अभियान को गति देते हुए आज एक भव्य सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लो. कदल के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री रोहित अग्रवाल जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव अनीता यादव के अथक प्रयासों से बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान प्रमुख रूप से उषा मौर्य, रेणुका वर्मा, राम लोटन एवं अंजू रावत सहित कई लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों एवं विचारधारा में विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी से जुड़ने का निर्णय लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रोहित अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि चौधरी चरण सिंह की नीतियां सदैव किसानों और व्यापारियों के हित में रही हैं। उन्होंने कहा कि आज के बदलते आर्थिक परिवेश में छोटे और मध्यम व्यापारियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे समय में राष्ट्रीय लोकदल उनकी आवाज बनकर खड़ा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव ने की, जबकि संच. ालन का दायित्व रामवती तिवारी जी ने सफलतापूर्वक निभाया।

# औद्योगिक क्षेत्र में 5 किलो गैस सिलेंडर की नियमित सप्लाई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना क्षेत्र के मसूरी-गुलावठी रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को बड़ी राहत मिली है। लंबे समय से 5 किलोग्राम एलपीजी गैस सिलेंडर की कमी से जूझ रहे श्रमिक परिवारों के लिए अब नियमित आपूर्ति शुरू कर दी गई है। यह पहल एमजीआर इंडस्ट्रियलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रयासों से संभव हो सकी है।



शुक्रवार को एसोसिएशन के नेतृत्व में 25 जरूरतमंद श्रमिक परिवारों को 5 किलो गैस सिलेंडर वितरित किए गए। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी और गैस एजेंसी से जुड़े अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में यह निर्णय लिया गया कि अब प्रतिदिन 25 से 30 छोटे गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, ताकि श्रमिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि गैस की कमी के कारण श्रमिकों को भोजन बनाने में गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कई परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना चुनौती बन गई थीं, लेकिन अब इस व्यवस्था के लागू होने से स्थिति में तेजी से सुधार आएगा। उपाध्यक्ष धीरज कुमार तोमर ने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य है कि कोई भी श्रमिक क्षेत्र छोड़ने को मजबूर न हो और किसी भी परिवार को भोजन के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि यह पहल श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस व्यवस्था के लागू होने से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना है और श्रमिक परिवारों में राहत की भावना देखी जा रही है। औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया है।

# सीएम योगी के निर्देश पर उप मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री ने किया हवाई सर्वे

'kkg VkbEl lokndnkrk

y[kuÅ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और कृ षि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को आपदा से सर्वाधिक प्रभावित बाराबंकी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, फतेहपुर, उन्नाव तथा लखनऊ जनपदों का हवाई सर्वेक्षण किया। योगी सरकार ने प्रदेश में इस सप्ताह हुई असामयिक वर्षा, तेज हवाओं और चक्रवात के कारण किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान का जायजा लेने के लिए त्वरित कदम उठाए हैं। उप मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री ने किसानों को आश्वस्त किया संकट की घड़ी में सरकार साथ खड़ी है।

योगी सरकार पीड़ित किसानों को आर्थिक सहायता समेत हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों को बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फसल नुकसान की वास्तविक स्थिति का आकलन करने और किसानों को तत्काल राहत पहुंचाने के उद्देश्य से इन सभी जनपदों के प्रशासन को विस्तृत सर्वेक्षण करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। आजमगढ़ तथा फतेहपुर जनपदों में स्थिति की जमीनी हकीकत परखने के लिए महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। इन बैठकों में जिलाधिक. ारी, मुख्य विकास अधिकारी, उप निदेशक कृषि और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान फसल सर्वेक्षण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई और सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे पूरी तत्परता के साथ आपदा प्रभावित किसानों की फसलों का सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण कर शासन को विस्तृत आख्या प्रेषित करें, ताकि प्रभावित अन्नदाताओं को अविलंब राहत राशि उपलब्ध कराई जा सके।

# Toyu'khy inkFkZ ls dj [kfygkuksa dk cpko

'kkg VkbEl lokndnkrk

y[kuÅ प्रदेश के कुछ जनपदों में खेत-खलिहानों में आगजनी की घटनाओं पर कृषि विभाग किसानों को जागरूक कर रहा है। कृषि विभाग ने जनपदों में तैनात कृषि अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इस समय किसान बेमौसम बारिश से परेशान हैं।

वहीं कुछ जनपदों में आग. जनी की घटनाएं भी सामने आई हैं। ऐसे में किसानों के पास पहुंचकर उन्हें जागरूक करें कि वे खलिहानों का सिगरेट, बीड़ी व अन्य ज्वलनशील पदार्थों से बचाव करें। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन दिनों निरंतर किसानों से संपर्क में रहें। उन्हें किसी प्रकार की परेशानी हो, इसके लिए भी लगातार किसानों से संवाद स्थापित करें। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की कि वर्तमान में सरसों, चना, मसूर, मटर जैसी फसलों की कटाई एवं मड़ाई पूर्ण करते हुए भण्डारण इत्यादि किया जा रहा है। सर्वाधिक क्षेत्र में उगाई गई गेहूं की फसल को कुछ दिनों से विभिन्न क्षेत्रों में हो रही वर्षा से क्षति की आशंका है। ऐसे में किसान इस समय फसलों की कटाई एवं मड़ाई के समय सावधानी बरतें।

वभाग ने किसानों से कहा कि खेतों में यदि खड़ी फसल है और भीग गई है तो एक या दो दिन सूखने का मौका दें। यदि फसल की कटाई हो गई है और लांक खेत में पड़ी है तो खेत में पानी न रुकने दें अथवा बोझा बांधकर खड़ा कर दें। यदि फसल कटकर खलिहान में पड़ी है और भीग गई है तो उसे खोलकर हवा व धूप लगने दें जिससे जल्द ही सूख जाए, तत्पश्चात मड़ाई करें। यदि दाने भीग गए हैं तो उसे मात्र 10 प्रतिशत तक नमी बचने के बाद ही भंडारित करें। बीज उत्पादक कृषक हार्वेस्टर कंबाइन से कटाई कराते समय सफाई का विशेष ध्यान रखें। वर्तमान में नमी के दृष्टिगत भण्डारण के समय भण्डार स्थल अथवा बखारी, बोरा, दीवाल आदि को धूमरीकरण / फ्यूमिगेशन अवश्य कर लें, जिससे भण्डारगृह साफ सूखा एवं कीटमुक्त रहे। थोड़ी सी सावधानी व उचित प्रबंधन से वर्षा से होने वाले संभावित नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# फाइनल सूची में मेरठ के 21 लाख 93 हजार 637 मतदाता शामिल

## अंतिम रूप से प्रकाशित हुई मतदाता सूची, जनसामान्य करें अवलोकन: जिला निर्वाचन अधिकारी

- निर्वाचन विभाग ने राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों को सौंपी मतदाता सूची
- 11 लाख 96 हजार 871 पुरुष व 9 लाख 96 हजार 622 महिला व अन्य में 144 मतदाता





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 10 अप्रैल (शुक्रवार) को किया गया।

अंतिम प्रकाशन जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन कार्यालय में, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (तहसील) कार्यालयों में तथा प्रत्येक पदाभिहीत स्थलों (मतदान केन्द्रों) एवं मतदेय स्थलों पर संबंधित अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किया गया। उक्त मतदेय स्थलों पर अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची जनसामान्य के अवलोकन हेतु उपलब्ध है। इसी क्रम में एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई गई।

### ऑनलाइन भी देख सकते हैं मतदाता सूची में अपना नाम

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनसामान्य को सूचित किया कि वे 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची का अवलोकन संबंधित मतदेय स्थलों पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट http://meerut.nic.in पर भी उपलब्ध है, जहां जाकर मतदाता अपना नाम सूची में देख सकते हैं।

### जनपद में अंतिम प्रकाशन के दौरान विधानसभा वार मतदाताओं का विवरण

**43-सिवालखास विधानसभा मतदाता**
कुल मतदाता 2,96,4885
पुरुष मतदाता 1,64,445
महिला मतदाता 1,32,023
कुल मतदान स्थल 390

**44-सरधना विधानसभा मतदाता**
कुल मतदाता 3,07,817
पुरुष मतदाता 1,69,421
महिला मतदाता 1,38,370
अन्य मतदाता 26
मतदेय स्थल होंगे 420

**45-हस्तिनापुर विधानसभा**
कुल मतदाता 3,03,351
पुरुष मतदाता 1,67,166
महिला मतदाता 1,36,167
अन्य मतदाता 18
मतदेय स्थल 397

**46-किठौर विधानसभा**
कुल मतदाता 3,22,769
पुरुष मतदाता 1,77,334
महिला 1,45,419
अन्य 16
मतदेय स्थल 413

**47- मेरठ कैंट विधानसभा**
कुल मतदाता 3,16,239
पुरुष मतदाता 1,68,286
महिला मतदाता 1,47,921
अन्य मतदाता 32
मतदेय स्थल 474

**48-मेरठ शहर**
कुल मतदाता 2,55,238
पुरुष मतदाता 1,38,596
महिला मतदाता 1,16,627
अन्य मतदाता 15
मतदेय स्थल 342

**49-मेरठ दक्षिण विधानसभा**
कुल 3,91,738
पुरुष मतदाता 2,11,623
महिला मतदाता 1,80,095
अन्य मतदाता 20
मतदेय स्थल 545

# अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर 'राका' टाइटल का ग्लोबल ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय सिनेमा के दिग्गज निर्देशकों में शामिल एटली की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक एए22 एक्स ए6 (एए22 एक्स ए6) का आधिकारिक टाइटल अब 'राका' हो चुका है और इसका ऐलान आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन के जन्मदिन के मौके पर किया गया है, जिसने एटली और अल्लू अर्जुन के फैंस का उत्साह और बढ़ा दिया है। टाइटल रिवील के साथ जारी पोस्टर फिल्म की दुनिया की एक झलक रही है, जो डार्क, इंटेंस और रहस्यमयी विजुअल टोन से भरपूर है। पोस्टर में दिखाए गए क्रिएचर जैसे एलिमेंट्स एक बड़े और अलग सिनेमाई यूनिवर्स की ओर इशारा करते हैं, जो दर्शकों को नया अनुभव देने वाला है। फिलहाल फिल्म के टाइटल रिलीज के साथ ही 'राका' ने यह भी साफ कर दिया है कि यह फिल्म एक भव्य और नया सिनेमाई अनुभव देने वाली है, जो ग्लोबल स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाएगी।

# शोभित विवि के एमबीए के विद्यार्थियों का दौराला शुगर वर्क्स में औद्योगिक भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज, शोभित विश्वविद्यालय के द्वारा विद्यार्थियों के लिए दौराला स्थित दौराला शुगर वर्क्स का ज्ञानवर्धक औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया।एमबीए (एग्री. बिजनेस) सहित प्रबंधन के अन्य विद्यार्थियों के लिए दौराला शुगर वर्क्स का एक सफल एवं अत्यंत ज्ञानवर्धक औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया।



यह भ्रमण विशेष रूप से एमबीए (एग्रीबिजनेस) के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि उन्हें कृषि आधारित उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली को निकट से समझने का अवसर मिला। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक औद्योगिक प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने गन्ने की खरीद से लेकर चीनी के अंतिम उत्पादन, प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग तक की संपूर्ण प्रक्रिया को निकट से समझा। विद्यार्थियों को क्रशिंग (गन्ना पेराई), जूस एक्सट्रैक्शन (रस निष्कर्षण), क्लैरिफिकेशन (शोधन), एवापोरेशन (वाष्पीकरण), क्रिस्टलाइजेशन (स्फटीकरण) तथा रिफाइनिंग (शुद्धिकरण) जैसी प्रमुख उत्पादन प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करने का अवसर प्राप्त हुआ। दौराला शुगर वर्क्स के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उत्पादन प्रबंधन की दक्षता, गुणवत्ता नियंत्रण, सतत (सस्टेनेबल) प्रक्रियाओं तथा चीनी उद्योग के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर अपने ज्ञान को और अधिक सुदृढ़ किया। इस औद्योगिक भ्रमण का सफल आयोजन डॉ सलभ मेहरोत्रा, डॉ नेहा त्यागी एवं डॉ. गार्गी चौधरी द्वारा किया गया।

# मेरठ में कांग्रेसियों ने फूंका असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा का पुतला

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर की थी हेमंत बिस्वा ने विवादित टिप्पणी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे पर विवादित टिप्पणी करने के विरोध में शुक्रवार को दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मेरठ कमिश्नरी चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेसियों की पुलिस से तीखी नोक-झोंक और धक्का-मुक्की भी हुई लेकिन आखिरकार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला फूंक दिया। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन करते हुए कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा ने कहा कि खड़गे पागल की तरह बोल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खड़गे उम्रदराज हो चुके हैं और उनके बयान समझ से परे हैं।



यह बयान उस समय आया जब खड़गे और कांग्रेस नेताओं ने सरमा और उनके परिवार से जुड़े कुछ आरोपों पर सवाल उठाए थे। इसके जवाब में सरमा ने खड़गे की आलोचना करते हुए कहा कि वे बिना तथ्यों के बातें कर रहे हैं और पागल की तरह बोल रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेता लगातार कांग्रेस नेताओं पर विवादित बयान और टिप्पणियां करते रहते हैं जबकि ऐसे बयान और टिप्पणियां करके भाजपा नेता खुद ही अपने बयानों से बदल जाते हैं। असम के मुख्यमंत्री के एक बयान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में तीखी नाराजगी देखने को मिल रही है। उन्होंने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे को लेकर टिप्पणी की, जिसे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपमानजनक बताया। इस बयान के बाद कई जगहों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री का यह बयान राजनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ है और इससे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन हुआ है।

वहीं भाजपा नेताओं का कहना है कि मुख्यमंत्री के बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है और विपक्ष राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस ने मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

# मेरठ में 99 और 90 वर्ष के बुजुर्गो की रीढ़ सर्जरी, रचा नया कीर्तिमान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चिकित्सा क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उपलब्धि सामने आई है, जहां 99 और 90 वर्ष की आयु के दो बुजुर्ग मरीजों की रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन कर नया इतिहास रचा गया। यह जटिल सर्जरी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रोहित कम्बोज और उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गई।

दोनों मरीज लंबे समय से गंभीर दर्द और चलने-फिरने में असमर्थता जैसी समस्याओं से जूझ रहे थे। अधिक आयु के कारण सर्जरी चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन आधुनिक तकनीक और सटीक योजना के चलते ऑपरेशन सफल रहा। ऑपरेशन के बाद दोनों मरीजों की हालत स्थिर बताई जा रही है और उनमें लगातार सुधार हो रहा है।

डॉ. कम्बोज ने कहा कि उम्र केवल एक संख्या है, सही उपचार और इच्छाशक्ति से कठिन से कठिन सर्जरी भी संभव है। परिजनों ने भी डॉक्टरों का आभार जताते हुए इसे नई उम्मीद बताया। यह उपलब्धि मेरठ के चिकित्सा क्षेत्र के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनकर सामने आई है। इस दौरान डॉक्टर संदीप गर्ग भी उपस्थित है।

# यूपी पुलिस बनी एनएसएम क्रिकेट टूर्नामेंट की चैंपियन

## फाइनल में सुपर स्मैशर्स को 7 विकेट से हराया, साहिल हसन बने मैन ऑफ द मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में आयोजित प्रथम एनएसएम क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला यू पी पुलिस और सुपर स्मैशर्स, मेरठ के बीच खेला गया। जिसमें यू पी पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

टॉस जीतकर सुपर स्मैशर्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन पूरी टीम 19.2 ओवर में केवल 106 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से सोनू चौहान ने 33 रन तथा गौरव कुमार ने 16 रन बनाए। यू पी पुलिस की ओर से गेंदबाजी में साहिल हसन (3/18), विवेक कुमार (3/28) और मनजीत सिंह (2/21) ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए यू पी पुलिस ने 17.4 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। यू पी पुलिस टीम की ओर से अनिल सरोज ने 28 रन, चौतन्य गहलोत ने नाबाद 24 रन, अतुल चौहान ने 21 रन तथा रोहित यादव ने नाबाद 16 रन बनाए।

### सुपर स्मैशर्स की ओर से हरीश नेगी ने लिए 2 विकेट

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार यू पी पुलिस के गेंदबाज साहिल हसन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन (3/18) के लिए दिया गया। टूर्नामेंट में विवेक कुमार को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तथा अनुज कुमार को सर्वश्रेष्ठ फील्डर चुना गया। यूपी पुलिस टीम के कोच व पूर्व रणजी खिलाड़ी डीएसपी विश्व जीत सिंह के कुशल मार्ग निर्देशन में विजेता टीम यूपी पुलिस को आकर्षक विजेता ट्रॉफी के साथ 1,51,000 की नकद राशि प्रदान की गई तथा उप विजेता टीम को उप विजेता ट्रॉफी के साथ 71000 की राशि प्रदान की गयी।






# मंत्री चौ. यशवीर सिंह ने आगे बढ़ाया भाजपा का गांव-बस्ती चलो अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवाल खास।** भाजपा के दर्जा प्राप्त मंत्री चौधरी यशवीर सिंह शुक्रवार को 'गांव-बस्ती चलो अभियान' के अंतर्गत जनपद मेरठ की सिवालखास विधानसभा के ग्राम सिसौला खुर्द और सिसौला कला में क्षेत्र के सम्मानित निवासियों के साथ मौजूद रहे उन्होंने इसे ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के बीच रहने का सौभाग्य बताया। इस प्रवास के दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से सीधा संवाद कर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की जनकलयाणकारी योजनाओं के बारे में पत्रक वितरित कर जनता को अवगत कराया। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओ को सुन कर उनके त्वरित निस्तारण हेतु अधिकारीयों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, मंडल महामंत्री मनोज सिसौला, बूथ अध्यक्ष आदेश कुमार, जाटव, अमन सिंह कश्यप आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।


# गन्ने में टॉप बोरर कीट को खत्म करने के लिए शुगर मिल ने बनाई योजना

## अभियान चलाकर किसानों को करेंगे जागरुक, अप्रैल के महीने में विकसित होना शुरू होता है कीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** गन्ने की फसल चोटी बेधक (टॉप बोरर) कीट का प्रकोप शुरू हो गया है। यदि किसानों ने इसके लिए सही प्रबंधन नहीं किया तो इससे फसल को भारी नुकसान होने की आशंका है। इसके लिए मवाना शुगर मिल ने किसानों के बीच जागरुकता अभियान चलाकर कीट चक्र तोड़ने की दिशा में कदम उठाना शुरू कर दिया है।

मवाना चीनी मिल के वैज्ञानिक एवं उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर के भूतपूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डा मैनेजर सिंह व मिल के केन जीएम प्रमोद बालियान ने संयुक्त रूप से बताया कि गन्ने की फसल में इस समय चोटी बेधक कीट का प्रकोप दिखना शुरू हो गया है। कीट की प्रथम पीढ़ी की सुंडी पेड़ी फसल में प्रवेश कर चुकी है, जोकि गन्ने की पत्ती मध्य शिरा पर लाल/सफेद धारी के मध्यम से साफ दिखाई दे रही है। यह कीट वर्ष में पांच पीढ़ियों में विकसित होता है। प्रथम पीढ़ी मार्च-अप्रैल में सक्रिय होती है, जो पौधों की शुरूआती वृद्धि को



प्रभावित करती है। दूसरी व तीसरी पीढ़ी मई से जुलाई के बीच गोफ में सुरंग बनाकर पौधों को नुकसान पहुंचाती है। चौथी व पांचवी पीढ़ी अगस्त से अक्टूबर तक फसल की गुणवत्ता व उपज पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

### कैसे रोकें इस घातक कीट को

डा. सिंह ने बताया कि यांत्रिक नियंत्रण को इस कीट के प्रभावी प्रबंधन का सबसे सरल व कारगर उपाय बताया और कहा कि समय पर प्रभावित भागों की कटाई से कीट के प्रसार को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस कीट के कारण गन्ने की पैदावार में निरंतर कमी देखी जा रही है। केन जीएम प्रमोद बालियान व उप प्रबंधक हरिओम शर्मा ने बताया कि मिल द्वारा फील्ड स्टॉफ के माध्यम से मोटिवेटर लगाकर प्रभावित कल्लों की कटाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और खुरपी, हंसिया या ट्रैश मल्चर जैसे उपकरणों से प्रभावित पौधों की जमीन की सतह से कटाई करें। इस प्रक्रिया से दोहरे लाभ प्राप्त होंगे। एक ओर कीट की आगामी पीढ़ियों का प्रभावी नियंत्रण होगा और दूसरी ओर कटाई के कारण बयांत में वृद्धि होगी। जिससे फसल की उत्पादकता में सुधार होगा। मवाना चीनी मिल के यूनिट हैड संजय चौधरी ने सभी किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें और समय पर आवश्यक नियंत्रण उपाय अपनाएं।

# भारत में पेट केयर पर होने वाले खर्च और पेट केयर अर्थव्यवस्था में हो रही वृद्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पेट्स के साथ गहरे भावनात्मक जुड़ाव के कारण भारत में 'पेट पैरेंट्स' बढ़ रहे हैं। भारत में पेट इंडस्ट्री पर जारी हुई आई.बी.ई.एफ रिपोर्ट के अनुसार यह सेक्टर लगभग 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जिसमें लोगों की बढ़ती आय, शहरी जीवनशैली और पेट की सेहत के प्रति बढ़ती प्राथमिकता का महत्वपूर्ण योगदान है। यह वृद्धि फ्लिपकार्ट पर भी प्रदर्शित हो रही है, जहाँ पेट-केयर के प्रति जीवनशैली पर आधारित बढ़ते दृष्टिकोण के साथ इस श्रेणी में 50 प्रतिशत से अधिक की साल-दर-साल वृद्धि दर्ज हो रही है। ग्राहकों द्वारा फ्लिपकार्ट पर कुत्ते और बिल्लियों से लेकर मछलियों, पक्षियों और अन्य पालतू जानवरों तक कई दैनिक उपयोगिता की वस्तुओं और विशेष प्रीमियम प्रोडक्ट्स की खरीदारी की जा रही है। पेट केयर में अब न्यूट्रिशन, ग्रूमिंग, वैलनेस और एनरिचमेंट आदि जैसी कई श्रेणियों की शॉपिंग शामिल हो गई है।क्लीन-लेबल, ब्रीड-स्पेसिफिक और फोर्टिफाईड पेट फूड की मांग में 40 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज हुई है।

# एसवीएस मवाना में फिएस्टा पार्टी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** हस्तिनापुर रोड स्थित एसवीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में शुक्रवार को अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के विदाई व नव प्रवेशित के लिए फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. सौरभ कंवर, कॉलेज सचिव विक्रांत देशवाल, डायरेक्टर मोहित त्यागी, प्रधानाचार्य सोनू कुमार, रजिस्ट्रार विरेंद्र कुमार, प्रधानाचार्या डीफार्मा कु. प्रियंका त्यागी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। डायरेक्टर मोहित त्यागी ने अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की व नव प्रवेशित को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसवीएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य विकास जयरथ मनोज चौधरी, अतुल वशिष्ठ, उदयवीर सिंह, रोबिन कुमार, प्रवीण तोमर, मनीष चौधरी, नमन जैन, विरेंद्र नागर, गौरव शर्मा, गौरव धामा, साजिद अली, टीनू कुमार, सुर्यांश डेढा, शगुन शर्मा, आमरीन सैफी, चंचल सैनी सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।


# हॉकी इंडिया ने टिम व्हाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का कोच बनाया



नई दिल्ली, वार्ता। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर टिम व्हाइट को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कोच नियुक्त कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई के टिम व्हाइट ने हाल ही में जनवरी 2026 में हॉकी इंडिया लीग (हीरो एचआईएल) में अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स के मुख्य कोच के रूप में काम किया था। अब वह भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच की भूमिका संभालेंगे।

उनका मुख्य लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सितारों की अगली पीढ़ी को तैयार करना है। भारत आने से पहले, व्हाइट बेल्जियम की अंडर-21 महिला टीम के कोच थे, और उन्होंने दिसम्बर में हुए 2025 जूनियर विश्व कप में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। 2021 से 2024 के बीच, वह बेल्जियम की राष्ट्रीय महिला टीम के कोचिंग स्टाफ का भी एक अहम हिस्सा थे। इस दौरान टीम ने अपनी विश्व रैंकिंग में जबरदस्त सुधार करते हुए 12वें स्थान से तीसरे स्थान पर जगह बनाई, और विशेष रूप से 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। अपनी नियुक्ति को लेकर टिम व्हाइट ने कहा कि हाल ही में तमिलनाडु ड्रैगन्स के कोच के तौर पर भारत में समय बिताने के बाद, मैं इस देश के जबरदस्त जुनून और हॉकी की समृद्ध संस्कृति से एक बार फिर यहां खिचा चला आया। मैंने जूनियर वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ कोचिंग करते हुए यहां की युवा प्रतिभा को करीब से देखा है, और ऐसे जुनूनी खिलाड़ियों के साथ एक फुल-टाइम प्रोग्राम में काम करने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरा लक्ष्य ऐसे तकनीकी रूप से दक्ष खिलाड़ी तैयार करना है, जो जूनियर और सीनियर टीम के बीच के अंतर को पाटने और सीनियर टीम में अपनी जगह बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हों। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डा. दिलीप टिर्की ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा कि हमें टिम व्हाइट को अपने साथ जोड़कर बहुत खुशी हो रही है। बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया के जूनियर प्रोग्राम्स में उनका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड खुद अपनी कहानी कहता है, खासकर जूनियर वर्ल्ड कप में टीमों को पोडियम तक पहुंचाने में उनकी सफलता। हमें विश्वास है कि हाई-परफॉर्मेंस कोचिंग और एथलीट डेवलपमेंट में उनका विशाल अनुभव हमारी जूनियर महिला टीम को सीनियर इंटरनेशनल हॉकी की चुनौतियों के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# भारत की पहली टेस्ट जीत का हिस्सा रहे सीडी का निधन



**चेन्नई, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पहली टेस्ट जीत का हिस्सा रहे सीडी गोपीनाथ का कल शाम यहां निधन हो गया। भारतीय क्रिकेट के 'ग्रैंड ओल्ड मैन' कहे जाने वाले सीडी गोपीनाथ 1952 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पहली टेस्ट जीत का हिस्सा रहे आखिरी जीवित सदस्य थे।ऑस्ट्रेलिया के नील हार्वे के बाद, वह दुनिया भर में दूसरे सबसे उम्रदराज जीवित क्रिकेटर थे। वह 96 वर्ष के थे।

उनके परिवार में उनकी पत्नी कोमाला, तीन बच्चे और पोते-पोतियां हैं। एक मार्च, 1930 को जन्मे चिगलपुट दोराईकन्नू गोपीनाथ, दाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज थे। उन्होंने 1951 से 1960 के बीच आठ टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 12 पारियों में 242 रन बनाए, जिसमें 50 रन (नाबाद) उनका सर्वोच्च स्कोर था। आठ टेस्ट मैचों में भारत के लिए गेंदबाजी की एकमात्र पारी में, उन्होंने 11 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में, उन्होंने 83 मैचों (119 पारियों) में 4,259 रन बनाए, जिसमें नौ शतक और 23 अर्धशतक शामिल थेद्ध उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 234 रन था। गेंदबाजी में उन्होंने 14 विकेट लिए, जिसमें 15 रन देकर 3 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। वह मद्रास (अब तमिलनाडु) टीम के भी एक प्रमुख सदस्य थे, जिसने 1954-55 के सत्र में रणजी ट्रॉफी जीती थी। 1970 के दशक में, वह राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में फिर से सामने आए, और 1979 में उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर गई भारतीय टीम का प्रबंधन किया। गोपीनाथ के निधन पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह भारत की ऐतिहासिक पहली टेस्ट विजेता टीम के सदस्य थे, और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में देश की यात्रा में शुरुआती योगदान देने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक थे। गोपीनाथ ने 1951 से 1960 के बीच आठ टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। अपने डेब्यू मैच में ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 50 नॉट आउट और 42 रन बनाकर तुरंत अपनी छाप छोड़ी। बीसीसी के अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा कि श्री सी-डी-गोपीनाथ उस दौर का प्रतिनिधित्व करते थे जब भारतीय क्रिकेट अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाना शुरू कर रहा था।

## खेल विशेष

### टी-20 विश्वकप कप से पहले पाकिस्तान करेगा जिम्बाब्वे की मेजबानी

**हरारे, वार्ता।** आगामी महिला टी-20 विश्वकप से पहले जिम्बाब्वे की महिला टीम पाकिस्तान में छह मैचों की सफेद गेंद सीरीज खेलेंगी। यह पहली बार होगा जब जिम्बाब्वे की महिला टीम इस उपमहाद्वीप के देश का दौरा करेगी। इस सीरीज में तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच शामिल हैं, फ सभी कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में खेले जाएंगे।आईसीसी के अनुसार, जिम्बाब्वे की टीम 29 अप्रैल को कराची पहुंचेगी। इसके बाद, तीन मई को एकदिवसीय मैचों के साथ दौरे की शुरुआत होगी। इसके बाद 12 मई से टी-20 सीरीज की शुरुआत होगी। तीनों एकदिवसीय मैच आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2025-29 का हिस्सा होंगे, जबकि टी-20 मैच पाकिस्तान के लिए इस साल के आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप से पहले तैयारी के लिहाज से बेहद अहम होंगे। आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 12 जून से शुरू होगा। इस बड़े टूर्नामेंट से पहले, पाकिस्तान आयरलैंड का दौरा भी करेगा, जहां वह मेजबान टीम और वेस्टइंडीज के साथ मिलकर एक टी-20 त्रिकोणीय सीरीज में हिस्सा लेगा।

### आर्यना सबालेंका स्टटगार्ट ओपन से हटीं

**स्टटगार्ट (जर्मनी), वार्ता।** विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी आर्यना सबालेंका चोट के कारण स्टटगार्ट ओपन से हट गई हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि मुझे यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मैं इस साल पोर्श टेनिस ग्रां प्री में नहीं खेल पाऊंगी। दुर्भाग्य से, मियामी के बाद मुझे चोट लग गई, और हालांकि मैंने समय पर ठीक होने के लिए हर संभव कोशिश की, लेकिन मैं अभी मुकाबले के लिए तैयार नहीं हूं। सबालेंका पिछले महीने 'सनशाइन डबल' जीतने वाली सिर्फ पांचवीं महिला खिलाड़ी बनीं, जब उन्होंने इंडियन वेल्स में अपनी जीत के बाद मियामी में भी सफलता हासिल की। बेलारूस की यह खिलाड़ी, जो स्टटगार्ट में चार बार उपविजेता रही हैं, उनकी जगह इस टूर्नामेंट में पोलैंड की मैग्डालेना फेच लेंगी। यह टूर्नामेंट सोमवार से शुरू हो रहा है।

### विश्वनाथ ने जीता गोल्ड, पांच स्वर्ण के साथ भारतीय अभियान समाप्त

**उलानबटोर, वार्ता।** भारतीय पहलवान विश्वनाथ सुरेश ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों के 50 किग्रा भार वर्ग में जापान के दाइची इवाई को 5-0 के बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ भारत ने पांच स्वर्ण पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। सचिन (60 किलोग्राम) भार वर्ग में भी कड़ी टक्कर देते हुए रजत पदक जीता। चैंपियनशिप में भारत पांच स्वर्ण पदकों, कजाकिस्तान से एक कम, के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। हालांकि भारत ने कुल मिलाकर सबसे अधिक 16 पदक जीते। इस प्रदर्शन की मुख्य बात भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा।

# रोजाना 100-150 छक्के मारने का अभ्यास करता हूं: मुकुल चौधरी

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स को तीन विकेट से रोमांचक जीत दिलाने वाले मुकुल चौधरी का कहना है कि वह प्रतिदिन 100 से 150 छक्के मारने का अभ्यास करते है। गुरुवार को अपनी टीम को जीत दिलाने के बाद संवाददाता सम्मेलन में मुकुल चौधरी ने छक्के लगाने की अपनी काबि. लियत पर कहा कि मेरे शरीर में थोड़ी ताकत है और यह स्वाभाविक रूप से मुझे मिली है।

मैं प्रतिदिन 100-150 छक्के मारने का अभ्यास भी करता हूं तो इससे आपकी बैट स्पीड अच्छी होती है। पिछले पांच या छह महीनों में मैंने बहुत अधिक अभ्यास किया है तो अब यह मेरे खेल का हिस्सा बन चुका है। 17वें ओवर में वैभव अरोड़ा के खिलाफ लगाए गए हेलीकॉप्टर शॉट को लेकर चौधरी ने कहा, ष्मैंने बचपन से ही उस शॉट का बहुत अभ्यास किया है। मुझे हमेशा से वो शॉट और जिस तरह से धोनी पारी का अंत करते हैं वो पसंद था। वह यॉर्कर पर भी छक्का मार देते थे। यदि आप उस तरह की गेंद पर छक्का मार देते हैं तो गेंदबाज कुछ अलग करने के बारे में सोचने लगता है। चौधरी ने 2025-26 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में ही अपने टैलेंट का परिचय दे दिया था। उन्होंने राजस्थान के लिए दिल्ली के खिलाफ 176 रनों की चेज में केवल 26 गेंदों में नाबाद 62 रन बनाए थे जिसमें सात छक्के शामिल रहे थे। उन्होंने एलएसजी के अपने साथी खिलाड़ी आयुष बदोनी को छक्का मारकर ही मैच का अंत किया था। चौधरी ने टूर्नामेंट में 57-66 की औसत और 198-85 की स्ट्राइक-रेट के साथ 173 रन बनाए। इसके बाद एलएसजी ने उनके लिए नीलामी में 2-6 करोड़ रूपफ खर्च कर दिए और एलएसजी के कोच जस्टिन लैंगर ने तो यहां तक कह दिया कि वह चार महीनों में चौधरी को भारत का सबसे खतरनाक नंबर 6 या 7 का बल्लेबाज बना देंगे। चौधरी ने लैंगर की बातों से मिली प्रेरणा पर कहा कि जब उनके जैसा एक बड़ा कोच आपके बारे में कुछ ऐसा बोलता है तो निश्चित तौर पर उसे आपके अंदर कुछ दिखा होगा।

# पंजाब किंग्स का लक्ष्य एसआरएच के खिलाफ अपनी लय को बनाए रखना



**मुल्लांपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स आईपीएल 2026 में अपनी शुरुआती लय को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखेगी, जब वे शनिवार को मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 17वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेंगे। यह मुकाबला दोनों टीमों की फॉर्म, संतुलन और खेल के तरीके में अंतर के लिए जाना जाएगा। पंजाब किंग्स ने इस सीजन की शुरुआत मजबूती से की है, उन्होंने अपने पहले तीन मैचों में से दो जीते हैं और खुद को शुरुआती दावेदारों के रूप में स्थापित किया है।

उनकी बैटिंग यूनिट ने कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में स्थिरता दिखाई है, जबकि प्रभसिमरन सिंह, प्रियांश आर्य, कूपर कोनोली, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्कस स्टोइनिस और रमनदीप सिंह ने मिडिल ऑर्डर में गहराई और लचीलापन प्रदान किया है। उनका बॉलिंग अटैक भी हर चरण में प्रभावी रहा है, जिसकी अगुवाई अर्शदीप सिंह, लॉकी फर्ग्यूसन, विजयकुमार वैशाक और मार्को यानसन कर रहे हैं। वहीं, युजवेंद्र चहल, हरप्रीत बरार और अनुकूल रॉय की स्पिन जोड़ी ने मिडिल ओवर्स में मैच पर नियंत्रण बनाए रखने में मदद की है। इस तालमेल की बदौलत पंजाब किंग्स ज्यादा स्कोर वाले और कम स्कोर वाले, दोनों तरह के मुकाबलों में संतुलन बनाए रखने में सफल रही है।

सनराइजर्स हैदराबाद का अब तक का सफर मिला-जुला रहा है, उन्होंने तीन मैचों में से सिर्फ एक जीता है। उनकी टीम में जबरदस्त क्षमता तो है, लेकिन वे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में कमजोर साबित हुए हैं। उनकी बैटिंग लाइनअप में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन द्धविकेटकीपरत्र्, हेनरिक क्लासेन, नीतीश कुमार रेड्डी, एडेन मार्करम, अब्दुल समद और लियाम लिविंगस्टोन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। फ सभी खिलाड़ी अकेले दम पर मैच जिताने की क्षमता रखते हैं, लेकिन लगातार लंबी साझेदारियां बनाने में उन्हें संघर्ष करना पड़ा है। वहीं, उनके बॉलिंग यूनिट में हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा, टी नटराजन, शिवम कुमार और हर्ष दुबे शामिल हैं।

# तीन हार के बाद दिल्ली को हराने के इरादे से उतरेगी चेन्नई

- लगातार अच्छे प्रदर्शन से दिल्ली आत्मविश्वास से भरी,
- एमएस धोनी की कमी लगातार चेन्नई को सता रही



**चेन्नई, वार्ता।** पांच बार की विजेता और इस समय लड़खड़ा रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अब तक का सफर काफी कड़वा रहा है। लगातार तीन हार झेलने के बाद, घरेलू मैदान पर खेल रही यह पसंदीदा टीम शनिवार रात यहां के एम-ए- चिदंबरम स्टेडियम में एक अहम आईपीएल मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना करते हुए अपनी किस्मत पलटने की उम्मीद करेगी।

टीम के प्रदर्शन से यह साफ जाहिर होता है कि उसे अपने दिग्गज खिलाड़ी एम-एस- धोनी की कमी कितनी खल रही है। धोनी पिडली की मांसपेशियों में खिचाव से उबर रहे थे, जिसके चलते वे शुरुआती दो हफ्तों तक मैदान से बाहर रहे। अच्छी खबर यह है कि वे तेजी से ठीक हो रहे हैं और अगले मुकाबले में उनकी वापसी की पूरी संभावना है। चोट से उबर चुके बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस की संभावित वापसी इस अहम मुकाबले में टीम के मध्यक्रम को मजबूती देगी। इस मैच में जीत 'फ्लो ब्रिगेड' (सीएसके) की किस्मत को फिर से चमका सकती है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में महज एक रन से मिली दिल तोड़ने वाली हार के बाद वापसी करने को बेताब होगी। इस सीजन के अपने चौथे मैच में पहली जीत की तलाश में जुटी सीएसके अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर खिसक गई है, और अब तक जीत का स्वाद नहीं चखने वाली एकमात्र टीम बनी हुई है। वहीं, तीन मैचों में दो जीत के साथ चौथे स्थान पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) अपने पिछले मैच में जीटी के खिलाफ मिली एक रन की हार को भुलाकर अपनी तीसरी जीत दर्ज करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

तीन हार झेल चुकी सीएसके का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक बिल्कुल नहीं रहा है। उसे एक मुश्किल पिच पर राजस्थान रॉयल्स के हाथों करारी शिकस्त मिलीद्ध घरेलू मैदान पर एक हाई-स्कोरिग मुकाबले में 200 से ज्यादा रन बनाने के बावजूद पंजाब किंग्स ने उसे पांच विकेट से हरा दिया, और बेंगलुरु में मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने उसे 43 रनों के बड़े अंतर से मात दी। टीम का शीर्ष क्रम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहा है, पावरप्ले के दौरान एक साथ कई विकेट गिरते रहे हैं (जिसमें युवा आयुष म्हात्रे एकमात्र अपवाद रहे हैं), और मध्यक्रम भी काफी कमजोर नजर आया है। सभी बातें चिंता का सबब हैं और सीएसके को इस समस्या का समाधान तुरंत निक. ालना होगा। ओपनर संजू सैमसन, टी-20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद, अब अपनी पुरानी लय हासिल करने के लिए बेताब हैं, जबकि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ का प्रदर्शन अब तक काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। इन दोनों खिलाड़ियों को अपनी फॉर्म वापस पाने की जरूरत के अलावा, म्हात्रे अपनी अच्छी लय को जारी रखने के लिए उत्सुक होंगे और सरफराज खान को भी अपने शानदार अंदाज से कमाल दिखाना चाहिए। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी ब्रेविस की वापसी से बल्लेबाजी क्रम में और गहराई आएगी, वहीं बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा और प्रशांत वीर को बड़े स्कोर बनाने होंगे, जबकि इस बेहद अहम मुकाबले में स्पिनर नूर अहमद से भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है। गेंदबाजी के मोर्चे पर भी लगभग सभी गेंदबाजों ने काफी रन लुटाए, खासकर आरस. ीबी के खिलाफ, जिसने 250 रन बनाए थे।

# एमएस धोनी को अपना आदर्श मानते हैं मुकुल चौधरी

**कोलकाता, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स को कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाफ रोमांचक जीत दिलाने वाले मुकुल चौधरी पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी को अपना आदर्श मानते हैं। जियोहॉटस्टार से बात करते हुए, मुकुल चौधरी ने एम एस धोनी के प्रति अपनी प्रशंसा के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा एमएस धोनी को अपना आदर्श मानता हूं क्योंकि मैं भी एक फिनिशर हूं।

मैं हमेशा उनसे प्रेरणा लेता हूं। उनका 'हेलीकॉप्टर शॉट', जो कि बहुत मशहूर है, मेरा पसंदीदा है। जिस तरह से उन्होंने 2011 वर्ल्ड कप में भारत की कप्तानी की थी, वह हर किसी को याद है। मैं भी उनकी तरह बनना चाहता हूं, मैचों को फिनिश करना चाहता हूं और अपनी टीम को जीत दिलाने में मदद करना चाहता हूं। अपने पिता के त्याग और क्रिकेट खेलने के अपने सफर की कहानी पर उन्होंने कहा कि बड़े लेवल पर क्रिकेट खेलना मेरे पिता का सपना था, हम एक बहुत ही गरीब परिवार से आते हैं और वह चाहते थे कि परिवार का कोई सदस्य क्रिकेट खेले। आजकल, क्रिकेट में बहुत पैसा और शोहरत है। क्रिकेट उनका पसंदीदा खेल है, लेकिन हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह खुद पेशेवर तौर पर क्रिकेट खेल पाते। शादी से पहले ही उन्होंने यह तय कर लिया था कि जब उनका बेटा होगा, तो वह उसे क्रिकेट जरूर खिलाएंगे। जब मैं छोटा था, तब हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी और उनके लिए मुझे किसी क्रिकेट एकेडमी में दाखिला दिलाना मुमि. कन नहीं था। उस समय, वह एक कॉलेज में पढ़ाते भी थे और साथ ही आरएएस की तैयारी भी कर रहे थे, तब उन्हें यह समझ आ गया कि या तो वह राजस्थान एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस (आरएएस) की तैयारी कर सकते हैं।

# खिलन जोशी ने चार शॉट से जीता आंध्र ओपन का खिताब

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** खिलन जोशी ने विशाखापट्टनम के ईस्ट पॉइंट गोल्फ क्लब में खेले गए 1 करोड़ रुपफ के आंध्र ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2026 में दो-अंडर 69 का स्कोर बनाते हुए अपना सातवां पेशेवर खिताब जीता। 33 वर्षीय बेंगलुरु के खिलन (68-68-70-69) ने कुल नौ-अंडर 275 के स्कोर के साथ चार शॉट के आरामदायक अंतर से जीत दर्ज की। इस जीत से उन्हें 15 लाख रुपफ की पुरस्कार राशि मिली और वे 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 55वें स्थान से 12वें स्थान पर पहुंच गए,

जबकि उनकी सीजन कमाई 18,13,875 रुप हो गई। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (70-70-74-65), जो टूर पर दो बार के विजेता हैं, ने अंतिम राउंड में कोर्स रिकॉर्ड छह-अंडर 65 का स्कोर बनाकर 13वें स्थान से छलांग लगाई और कुल पांच-अंडर 279 के साथ उपविजेता रहे, जो विजेता से चार शॉट पीछे थे।

जोशी ने अंतिम राउंड की शुरुआत सात-अंडर पर तीन शॉट की बढ़त के साथ की और दो-अंडर 69 का स्कोर बनाते हुए पांच बर्डी और तीन बोगी के साथ खिताब अपने नाम किया। यह उनकी अगस्त 2022 में कोयंबटूर के बाद 44 महीनों में पहली जीत रही।

अपने प्रदर्शन पर जोशी ने कहा कि मैं खासकर बैक-नाइन पर थोड़ा नर्वस था, लेकिन मैंने धैर्य बनाए रखा और अपनी प्रक्रिया पर भरोसा किया। शुरुआत वैसी नहीं रही जैसी मैं चाहता था, लेकिन मैं अपने एप्रोच पर कायम रहा और अच्छी वापसी की। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने दबाव में संयम बनाए रखा और राउंड अच्छे से खत्म किया। पूरे हफ्ते मेरी बॉल- स्ट्राइकिंग मजबूत रही-मैंने हवा में अच्छा कंट्रोल रखा, ड्राइविंग लगातार अच्छी रही और काफी ग्रीन्स हिट किए। पटिंग मेरी सबसे अच्छी नहीं थी, लेकिन ग्रीन्स हिट करना ही फर्क बना। उपविजेता अक्षय शर्मा के कोर्स रिकॉर्ड अंतिम राउंड 65 में सात बर्डी और एक बोगी शामिल रही। उनकी पांच बर्डी बैक-नाइन पर आईं। सप्तक तलवार (70-74-68-68), जो वर्तमान डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई रैंकिंग लीडर हैं और पिछले महीने इंडोरामा वेंचर्स ओपन के विजेता रहे, चार-अंडर 280 के स्कोर के साथ दुबई के यश मजमुदार (71-69-69-71) के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। तलवार ने 5,49,800 रुपफ की कमाई के साथ अपनी कुल सीजन कमाई 75,80,000 रुपफ तक पहुंचाई और रैंकिंग में अपनी बढ़त और मजबूत की।

# 37 सेट जीतने का रिकॉर्ड टूटने के बाद सिनर अंतिम आठ में



**मोनाको, वार्ता।** जानिक सिनर ने 186 दिनों में पहली बार किसी एटीपी मास्टर्स इवेंट में एक सेट गंवाया, लेकिन फिर भी वह टॉमस माचाक को हराकर मोंटे कार्लो क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे। इस इतालवी खिलाड़ी ने पिछले तीन मास्टर्स 1000 खिताब - पेरिस, इंडियन वेल्स और मियामी- बिना कोई सेट गंवाए जीते थे। हालांकि, उनके लगातार 37 सेट जीतने का सिलसिला अचानक तब टूट गया जब दूसरे सेट में उनका नियंत्रण खो गया और चेक गणराज्य के माचाक ने इसका फायदा उठाकर टाई-ब्रेक जीत लिया।

अक्टूबर में शंघाई मास्टर्स के बाद यह पहली बार था जब सिनर ने इस स्तर पर कोई सेट गंवाया थाद्ध उस समय वह नीदरलैंड के टैलन ग्रीक्सपोर के खिलाफ चोट के कारण मैच से हट गए थे। लेकिन सिनर ने मोनाको में अपना संयम वापस पाया, निर्णायक सेट को जीता और 6-1, 6-7 (3-7), 6-3 से जीत पूरी की - मास्टर्स टूर्नामेंट में यह उनकी लगातार 19वीं जीत थी। दूसरे वरीयता प्राप्त सिनर, जिन्होंने कभी क्ले-कोर्ट मास्टर्स 1000 खिताब नहीं जीता है, अंतिम आठ में कनाडा के छठी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम का सामना करेंगे। यदि सिनर मोंटे कार्लो टूर्नामेंट जीत जाते हैं, तो सोमवार को जब रैंकिंग अपडेट होगी, तो वह कार्लोस अल्काराज की जगह दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। मई की शुरुआत में होने वाले इटैलियन ओपन तक उन्हें अपने किसी भी रैंकिंग अंक का बचाव नहीं करना है, क्योंकि पिछले साल इसी समय वह दो डोपिग टेस्ट में फेल होने के कारण तीन महीने का निलंबन झेल रहे थे।

अल्काराज ने मोंटे कार्लो में अपने खिताब बचाने के अभियान को जारी रखा, दूसरे सेट में कई गलतियां करने के बाद उन्होंने वापसी की और अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 6-1, 4-6, 6-3 से हराया। शुरुआती सेट को 26 मिनट में आसानी से जीतने के बाद, इस स्पेनिश खिलाड़ी का खेल थोड़ा गिरा और दूसरे सेट में उन्होंने 23 'अनफोर्स्ड एरर' (बिना दबाव के की गई गलतियां) किए।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 11 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# यह कैसा युद्धविराम

पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट के बीच यह पहला मौका था, जब ईरान और इस्राईल-अमेरिका के बीच 14 दिनों के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। मगर इस्राईल ने बुधवार को ही जिस तरह लेबनान पर हमला किया, उससे साफ है कि युद्धविराम में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। गौरतलब है कि लेबनान पर इजराइली हमले में दो सौ से ज्यादा आम लोग मारे गए। विचित्र है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका और इस्राईल साझा मोर्चे के तहत हमले कर रहे थे, लेकिन जब दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी, तो उसे ठोस आकार देने के बजाय इस्राईल ने समझौते को तोड़ने की पृष्ठभूमि बनानी शुरू कर दी। विडंबना यह भी है कि लेबनान पर इस्राईल के हमले के बाद अब ईरान ने फिर से होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की घोषणा की है। निश्चित रूप से ईरान के इस रुख को उसकी प्रतिक्रिया कहा जा सकता है, लेकिन सवाल है कि इस समूचे परिदृश्य में किसी भी पक्ष की जिद और अकड़ का नतीजा क्या निकल रहा है। इस्राईल और अमेरिका ने जिस दिन ईरान पर साझा हमला किया था, तभी से यह आशंका बनी हुई थी कि इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। इसके बाद ईरान ने स्वाभाविक ही रणनीति के तहत होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया और उसके बाद दुनिया के ज्यादातर देशों में प्राकृतिक तेल और गैस की आपूर्ति रुक गई। भारत सहित बहुत सारे ऐसे देश हैं, जहां पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस का संकट पैदा हो गया और आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। युद्धविराम की घोषणा के बाद यह उम्मीद जगी थी कि अब होर्मुज जलमार्ग के खुलने से जहाजों की आवाजाही का रास्ता खुलेगा और स्थिति सुधरेगी, मगर लेबनान पर इजराइल के ताजा हमले में जिस तरह बड़े पैमाने पर आम लोगों की मौत की खबर आई है, उससे एक बार फिर शांति की उम्मीदों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। सवाल है कि अगर युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी इस्राईली हमले रोकना शामिल था, तो इस पर अमल के बजाय इसे ताक पर रख कर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने के पीछे कौन-सी मंशा काम कर रही है। इस्राईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इस्राईल फिर से ईरान के खिलाफ लड़ाई शुरू करेगा। खुद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस भड़काऊ लहजे में बात कर रहे हैं, उसे कैसे देखा जाएगा। हैरानी की बात है कि ट्रंप युद्धविराम और उसकी शर्तों पर सहमति जताने के बाद लेबनान पर हमले के मसले को समझौते से अलग बताते हैं। दूसरी ओर, ईरान ने कहा कि युद्धविराम और इस्राईल के जरिए जंग, दोनों साथ नहीं चल सकते। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पश्चिम एशिया के इस युद्ध का खमियाजा दुनिया के ज्यादातर देश उठा रहे हैं।

## उप्र अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन



उप्र अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है, करीब 9 वर्ष पहले तक यूपी को बीमारू राज्य माना जाता था, लेकिन आज प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, आधुनिक दिनचर्या ने बीमारियों को बढ़ावा दिया है, हमारे सामने दो बड़ी चुनौतियां हैं-एक बचाव और दूसरी उपचार, बीमारियों के तेजी से बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जागरूकता और समय पर इलाज बेहद जरूरी है, पिछले एक दशक में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ है, पहले जहां मात्र 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, वहीं अब केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, इसके अलावा दो एम्स भी प्रदेश में कार्यरत हैं, हर जिले में आईसीयू की सुविधा विकसित की गई है और कई अस्पतालों को कैथलैब से लैस किया गया है।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र**

# रूढ़ियों के विरुद्ध प्रकाश, समता का सूर्य, विचारों के कृषक फुले का दर्शन





श्वेता गोयल

भारत का सामाजिक और सांस्कृतिक इतिहास अनेक विभूतियों की गाथाओं से सुसज्जित है किंतु समय के अनंत प्रवाह में कुछ ऐसे व्यक्तित्व उभरते हैं, जो केवल कालखंड विशेष की उपज नहीं होते बल्कि युगों-युगों तक मानवता का मार्ग प्रशस्त करने वाले ध्रुवतारे बन जाते हैं। 19वीं सदी के भारत में जब रूढ़िवादिता, जड़ता और अमानवीय भेदभाव का अंधकार अपने चरम पर था, तब महाराष्ट्र की पावन धरा पर महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले के रूप में एक ऐसी प्रखर रश्मि का प्रादुर्भाव हुआ, जिसने सदियों से सोई हुई दलित चेतना को न केवल झकझोरा बल्कि उसे आत्मसम्मान और ज्ञान के आलोक से मंडित कर दिया। ज्योतिबा फुले मात्र एक समाज सुधारक नहीं थे, वे उस वैचारिक क्रांति के शिल्पी थे, जिन्होंने भारतीय समाज की ऊसर और पथरीली भूमि को अपने पसीने और संकल्प से सींचकर उसमें समता, बंधुत्व और न्याय के बीज बोए। आज हम जिस आधुनिक भारत के संवैधानिक मूल्यों, स्त्री-शिक्षा और मानवाधिकारों पर गर्व करते हैं, उस विराट वटवृक्ष की जड़ें वास्तव में फुले के उन साहसिक संघर्षों में निहित हैं, जो उन्होंने उस दौर में किए थे, जब शिक्षा प्राप्त करना एक वर्ग विशेष का एकाधिकार और स्त्रियों का शिक्षित होना महापाप माना जाता था। 11 अप्रैल 1827 को पुणे में एक साधारण परिवार में जन्मे ज्योतिबा का जीवन संघर्ष की वह महागाथा है, जो यह सिद्ध करती है कि मनुष्य की महानता उसके कुल या जाति में नहीं बल्कि उसके उन उदात्त कार्यों में छिपी है, जो वह समूची मानवता के कल्याण हेतु समर्पित करता है।

ज्योतिबाफुले के व्यक्तित्व का निर्माण उन विसंगतियों के बीच हुआ, जहां पग-पग पर उन्हें जातिगत ऊंच-नीच और अपमान का दंश झेलना पड़ा। एक प्रसंग उनके जीवन की दिशा बदलने वाला सिद्ध हुआ, जब उन्हें एक उच्चवर्णीय मित्र के विवाह समारोह में केवल इसलिए अपमानित होकर निकलना पड़ा क्योंकि वे 'निम्न' समझी जाने वाली जाति से थे। वह अपमान ज्योतिबा के लिए केवल व्यक्तिगत पीड़ा नहीं थी बल्कि उन्होंने उसे समाज की उस सड़ी-गली व्यवस्था के विरुद्ध एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया, जो मनुष्य को मनुष्य समझने से इनकार करती थी। उस क्षण उनके भीतर जो विद्रोह उपजा, वह घृणा में नहीं बल्कि सृजन में परिवर्तित हुआ। उन्होंने अनुभव किया कि समाज की इस दासता की बेड़ियों को काटने का एकमात्र शस्त्र 'शिक्षा' है। फुले का दर्शन अत्यंत स्पष्ट था कि अज्ञान ही समस्त दुखों की जड़ है। उनकी प्रसिद्ध काव्य पंक्तियां 'विद्या बिना मति गई, मति बिना नीति गई, नीति बिना गति गई, गति बिना वित्त गया, वित्त बिना शूद्र टूटे, इतने अनर्थ एक अविद्या ने किए', आज भी सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा मूलमंत्र मानी जाती हैं। उन्होंने यह भली-भांति समझ लिया था कि जब तक समाज का वंचित वर्ग और आधी आबादी यानी स्त्रियां शिक्षित नहीं होंगी, तब तक राष्ट्र की प्रगति का स्वप्न एक मृगतृष्णा मात्र बना रहेगा। इसी बोध के साथ उन्होंने 1848 में पुणे के भिडेवाड़ा में देश का पहला बालिका विद्यालय स्थापित कर एक ऐसे शैक्षिक आंदोलन की नींव रखी, जिसने भारतीय इतिहास की धारा को सदैव के लिए बदल दिया।

महात्मा फुले की महानता इस तथ्य में निहित है कि उन्होंने जो उपदेश दिए, उन्हें पहले अपने आचरण में उतारा। जब उन्होंने बालिकाओं को पढ़ाने का निश्चय किया तो समाज के कट्टरपंथियों ने भारी विरोध किया। किसी भी शिक्षिका का मिलना असंभव था, तब ज्योतिबा ने अपनी जीवनसंगिनी सावित्रीबाई फुले को स्वयं शिक्षित किया और उन्हें शिक्षिका के रूप में तैयार किया। यह भारतीय इतिहास का सबसे क्रांतिकारी युगल था, जिसने समाज के पत्थरों और कीचड़ की बौछार को सहते हुए भी ज्ञान की लौ को बुझने नहीं दिया। सावित्रीबाई जब स्कूल जाती तो रूढ़िवादी लोग उन पर गंदगी फैंकते किंतु ज्योति. बा के अटूट समर्थन और प्रेरणा ने उन्हें कभी डिगने नहीं दिया। इन दोनों महामानवों ने मिलकर केवल स्कूल नहीं खोले बल्कि स्त्री-शक्ति को उसकी अस्मिता और अधिकारों से परिचित कराया। फुले दंपति का मानना था कि एक पुरुष की शिक्षा केवल एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाती है किंतु एक स्त्री की शिक्षा पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को आलोकित करती है। उनके प्रयास केवल शिक्षा तक सीमित नहीं थे बल्कि उन्होंने विधवाओं के मुंडन की कुप्रथा के विरुद्ध नाइयों को संगठित किया, बाल विवाह का पुरजोर विरोध किया और विधवा विवाह का समर्थन कर समाज की जड़ चेतना पर सीधा प्रहार किया।

ज्योतिबा फुले का सामाजिक दर्शन केवल सहानुभूति पर आधारित नहीं था, वह तार्किक और बौद्धिक विद्रोह था। उनकी कालजई कृति 'गुलाम. गिरी' इस दृष्टि से एक क्रांतिकारी घोषणापत्र है। इस पुस्तक में उन्होंने पौराणिक आख्यानों की तर्कसंगत व्याख्या करते हुए उजागर किया कि किस प्रकार कुछ विशिष्ट वर्गों ने धर्म और शास्त्रों की आड़ लेकर बहुजन समाज को मानसिक और शारीरिक रूप से दास बनाए रखा। उन्होंने 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना 1873 में इसी उद्देश्य से की थी कि लोग पुरोहितों और बिचौलियों के चंगुल से मुक्त होकर ईश्वर की प्रत्यक्ष आराधना कर सकें और अपने मानवीय अधिकारों के प्रति सचेत हों। सत्यशोधक समाज ने विवाहों में पुरोहितों की अनिवार्यता को समाप्त कर सादगीपूर्ण और समतावादी संस्कारों को बढ़ावा दिया। फुले का यह आंदोलन केवल धार्मिक सुधार नहीं था बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्निर्माण था, जिसने शूद्रों और अति-शूद्रों के भीतर यह आत्मविश्वास भरा कि वे भी इस धरती के समान उत्तराधिकारी हैं। वे वर्ण व्यवस्था के उस ढांचे को ध्वस्त करना चाहते थे जो जन्म के आधार पर श्रेष्ठता का दंभ भरता था। उनके विचारों ने ही आगे चलकर डॉ. अंबेडकर जैसे महापुरुषों को प्रेरणा दी, जिन्होंने महात्मा फुले को अपना वैचारिक गुरु माना और उनके अधूरे कार्यों को संवैधानिक परिणति तक पहुंचाया। समाज सुधारक होने के साथ-साथ ज्योतिबा फुले एक अत्यंत सूक्ष्म दृष्टि वाले अर्थशास्त्री और किसानों के मसीहा भी थे। उन्होंने ग्रामीण भारत की जर्जर स्थिति को बहुत करीब से देखा था। उनकी पुस्तक 'किसान का कोड़ा' भारतीय कृषि व्यवस्था पर किया गया एक मार्मिक और तथ्यात्मक प्रहार है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अनपढ़ किसान साहूकारों के कर्ज, सरकार के भारी करों और धार्मिक कर्मकांडों के बोझ तले दबा हुआ है। फुले ने किसानों को आधुनिक खेती, सिंचाई के साधनों और पशुपालन के वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने अकाल के समय पशुओं के चारे और किसानों के अनाज के लिए जो लड़ाई लड़ी, वह आज के समय में भी नीति-निर्धारकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी संवेदना का विस्तार इतना व्यापक था कि उन्होंने अपने घर का पानी का हौज अछूत समझे जाने वाले लोगों के लिए खोल दिया, जो उस समय के समाज में एक अकल्पनीय और अत्यंत साहसी कदम था। वे केवल अस्पृश्यता के उन्मूलन की बात नहीं कर रहे थे, वे मनुष्य की गरिमा को पुन:स्थापित कर रहे थे। उन्होंने 'दलित' शब्द को संघर्ष की पहचान दी और उसे मुख्यधारा में लाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। महात्मा फुले की दृष्टि वैश्विक थी, उन्होंने 'गुलामगिरी' को अमेरिका के उन अश्वेत लोगों को समर्पित किया, जो दासता के विरुद्ध संघर्ष कर रहे थे। यह उनकी इस सोच को दर्शाता है कि विश्व में कहीं भी होने वाला अन्याय समस्त मानवता के लिए खतरा है। 11 मई 1888 को मुंबई की एक विशाल जनसभा में जनता ने उन्हें 'महात्मा' की उपाधि से विभूषित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इस बार की गर्मियों में यहां घूमने का बनाएं प्लान

**हिमाचल प्रदेश में स्पीति वैली एक खूबसूरत जगह है। इस समय यहां की सड़के , घटिया, ठंडे रेगिस्तान और बर्फ से ढंके पहाड़ आपका मन को खुश कर देगी। यहां चारों तरफ हिमालय से घिरी स्पीति घाटी, 12,500 फीट की ऊंचाई पर है। इस समय स्पीति में न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री है और अधिकतम तापमान 6 डिग्री बना रहता है।**

इस समय देश में भीषण गर्मी पड़ रही है, लेकिन इस बार हालात और भी बदतर हैं। भारत के कई राज्यों में तापमान 52 डिग्री पार हो चुका है। ऐसे में गर्मी से लोगो का बुरा हाल हो चुका है। गर्मी के कहर से बचने के लिए लोग घर के अंदर रहना ही पंसद कर रहे हैं। अगर आप गर्मियों की छुट्टियो में कहीं घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो भारत में ऐसी कई जगह हैं, जहां इस समय बर्फ जमी होती है और तापमान जोरी डिग्री से नीचे रहता है। जानिए भारत से ठंडी जगहों के बारे में।

**सेला पास**

जून-जुलाई में घूमने के लिए अरुणाचल प्रदेश में स्थित सबसे ठंडी जगह है। यह 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। यहां हमेशा चारों तरफ से बर्फ से ढकी रहती वर्तमान में यहां का तापमान 6 डिग्री सेल्सियस है। यह हिल स्टेशन बहुत ही सुंदर है और यहां फोटोग्राफी के लिए सबसे बढ़िया जगह है।

**स्पीति वैली**

हिमाचल प्रदेश में स्पीति वैली एक खूबसूरत जगह है। इस समय यहां की सड़के , घटिया, ठंडे रेगिस्तान और बर्फ से ढंके पहाड़ आपका मन को खुश कर देगी। यहां चारों तरफ हिमालय से घिरी स्पीति घाटी, 12,500 फीट की ऊंचाई पर है। इस समय स्पीति में न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री है और अधिकतम तापमान 6 डिग्री बना रहता है।

**द्रास**

गर्मी के कहर से बचने के लिए आप द्रास घूमने जा सकते हैं। यह जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में लद्दाख का प्रवेश द्वार है। यह हिल स्टेशन सबसे ठंडा है। बता दें कि कारगिल अपनी



खूबसूरती और युद्ध के लिए जाना जाता है। यहां इस समय तापमान 11 डिग्री सेल्सियस है।

**सोनमर्ग**

गर्मी से बचने के लिए आप सोनमर्ग जा सकते हैं। इन दिनों यहां का तापमाम 15 डिग्री सेल्सियस रहता है। खूबसूरत नजारों और सुंदर घाटी के लिए यह जाना जाता है। सोनमर्ग में अल्पाइन घास के मैदानों, ग्लेशियर, झीलों और ट्रेकिंग के लिए बहुत फेमस है। प्रकृति प्रेमी के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।


# वृद्धावस्था का एक रोग जो बना चुनौती

पर्किंसन रोग नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता एक डिसऑर्डर है जिससे पूरे शरीर की गतिविधि प्रभावित होती है। शुरू में धीरे-धीरे इसके बढ़ते रहने के कारण आमतौर पर इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं या बमुश्किल किसी हाथ में कंपकंपी महसूस होती है। आम तौर पर हाथों में कंपकंपी से ही पर्किंसन की मौजूदगी की पुष्टि हो जाती है, लेकिन इसके साथ ही जकडन या शारीरिक गतिविधियों में धीमापन या अति संवेदनशीलता जैसे लक्षण भी प्रकट हो सकते हैं। शुरुआती चरणों में चेहरे पर शायद कोई लक्षण न दिखे या टहलते समय बाजुओं में कोई झटका महसूस न हो सके, लेकिन जुबान धीमी या अस्पष्ट हो सकती है और रोग बढने के साथ ही ये लक्षण बदतर होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से तत्काल संपर्क करना जरूरी है।

पर्किंसन रोग में मस्तिष्क के कुछ स्नायु तंत्र (न्यूरॉन) धीरे-धीरे कमजोर या मृतप्राय होने लगते हैं। कई लक्षण उन न्यूरॉन की क्षति के कारण बढ़ जाते हैं जो आपके मस्तिष्क तक रासायनिक संदेशवाहक यानि डोपेमाइन बनाते हैं। डोपेमाइन का स्तर जब कम हो जाता है तो इससे मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य होने लगती है, जिससे पर्किंसन के लक्षण सामने आने लगते हैं। पर्किंसन रोग की वजह अभी तक अज्ञात है, लेकिन इसके पनपने में कई कारक जिम्मेदार माने जाते हैं, जिनमें शामिल हैं- आनुवांशिक, पर्यावरण प्रभाव, लेवी बॉडीज की मौजूदगी। इसके रिस्क फैक्टर्स है:-उम्र, वंशानुगत, लिंग, टॉक्सिन की चपेट में आना: इसके लक्षण और संकेत अलग-अलग तरह के लोगों पर अलग-अलग तरह के हो सकते हैं। शुरुआती लक्षण बहुत मामूली और न पहचाने जाने लायक हो सकते हैं। अक्सर ये लक्षण शरीर के एक हिस्से से शुरू होते हैं और जब तक शरीर के दोनों तरफ लक्षणों का असर होता है, तब तक अमूमन वह हिस्सा बहुत बिगड़ चुका होता है। कंपकंपी, धीमी गतिविधि, सख्त मांसपेशियां, शरीर की असाधारण मुद्रा और संतुलन, स्वाभाविक गतिविधियों पर विराम, बोली में बदलाव, लिखावट में बदलाव। सबसे अच्छा होगा कि मेडिकल स्थिति के आधार पर किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से जांच करवाएं, शारीरिक जांच कराएं और इसके लक्षणों और संकेतों का मूल्यांकन करें। एमआरआई, मस्तिष्क की अल्ट्रासाउंड, एसपीईसीटी और पीईटी स्कैन जैसी इमेजिंग जांच भी दूसरे तरह के डिसऑर्डर का पता लगाने में मददगार साबित हो सकती है।

इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन अक्सर एडवांस स्टेज में पहुंच चुके पर्किंसन पीड़ितों को दिया जाता है, जिन पर दवाइयों का असर खत्म हो जाता है। डीबीएस चिकित्सा स्थिति के उतार-चढ़ाव को स्थिर कर सकता है, अस्वाभाविक गतिविधियों (डिसकिनेसियास) को कम या रोक सकता है, कंपकंपी, अकड़न को कम कर सकता है और सामान्य गतिवधियों में आई कमी को सुधार सकता है। डिसकिनेसियास पर नियंत्रण पाने के लिए ली जा रही दवाइयों का असर प्रभावी बनाने के लिए डीबीएस कारगर होता है। हालांकि डीबीएस उन समस्याओं में मददगार नहीं होता, जिनमें कंपकंपी के अलावा चिकित्सा पद्धति का कोई असर नहीं होता। कंपकंपी यदि दवाइयों से बहुत ज्यादा नियंत्रित नहीं हो पाती है, तो इसे डीबीएस से नियंत्रित किया जा सकता है। पीडी के लक्षणों को कम करने के लिए दवाइयों का तात्कालिक प्रभाव ही होता है। जब किसी व्यक्ति पर दवाइयों का प्रभावी असर रहता है तो उसे ऑन-फेज कहा जाता है और जब दवाइयां उस पर बेअसर हो जाती है तो उसे ऑफ फेज कहा जाता है। एक समय बाद शरीर पर दवाइयों का प्रभाव खत्म हो जाता है और दवाइयां लेने की दर बढ़ जाती है। मरीज को यदि दिन में तीन बार दवाइयां लेने की सलाह दी जाती है तो प्रभाव कम होते रहने के कारण उस पर दिन में आठ से ज्यादा बार भी दवाइयां लेनी पड़ सकती है। इससे उसके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है, क्योंकि उसमें कई बार ऑन और ऑफ प्रभाव की स्थिति में जीना पड़ जाता है। डीबीएस मरीज पर लगातार 24 घंटे तक प्रभावी रहता है। इससे डिसकिनेसियास की स्थिति से भी निपटा जा सकता है जिस कारण अस्वाभाविक गति. विधियां रुक जाती हैं। इसके अलावा डीबीएस कंपकंपी में उतार-चढ़ाव नहीं आने देता है, जैसाकि दवाइयां लेने से होता है। दवाइयां अनिश्चित लक्षणों के प्रभाव को कम कर सकती हैं और काम पर जाने या खरीदारी करने की योजना बनाने वाले मरीजों में अटैक का खतरा बना रह सकता है क्योंकि दवाइयों का असर किसी भी वक्त कम हो सकता है जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।

(साभार प्र.सा.)



**इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन ( डीबीएस ) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं , जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है।**

# EDUCATIONAL INSTITUTIONS CONTINUE NAINITAL's LEGACY AS EDUCATION HUB


ALL SAINTS' COLLEGE NAINITAL
FOUNDED IN 1869



DIOCESE OF AGRA CHURCH OF NORTH INDIA
From Class Nursery to XII (ICSE Board)
A DAY BOARDING SCHOOL
BEST SCHOOL OF SPORTS
Admission Open for Classes 1 to 9 - 2026 Session (GIRLS ONLY)
Admission open for Nursery, L.K.G. and U.K.G. - 2026 Session (Boys and Girls)
Anjina Richards (Principal)
Ph.: 05942-235121
E-mail: principal@allsaintscollege.org
Website: www.allsaintscollege.org


## छात्राओं की विशेष पहचान बनाने में इतिहास रचा है ऑलसेंट्स कालेज ने



अंजिना रिचर्डस

ऑलसेंट्स कालेज का गौरवमय इतिहास ब्रिटिश काल से रहा है। इस विद्यालय से हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में अपना भविष्य सव चुके हैं। इस विद्यालय में वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तम प्रधानाचार्य अंजिना रिचर्डस कुशलतापूर्वक विद्यालय का संचालन कर रही अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1869 में हुई थी तब लेकर आज तक यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। देश विदे के बच्चे इस इस विद्यालय में अध्ययन करने आते है। इस विद्यालय से शि हुई हैं। प्रधानाचार्य अंजिना रिचर्डस कहती है कि शिक्षा के मापदंड ध्यान में रखकर गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने का प्रयास है जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।


The Pine Crest Elementary School
Near Sherwood College, Ayarpatta Hills
Tallital Nainital



Cont. No.: 05942-232245
7579435277
9837052521
www.pinecrestschoolnainital.com
schoolpinecrestnainital@gmailicom



LONGVIEW PUBLIC SCHOOL
25 YEARS OF LPS
Award-Winning Best CBSE School in Nainital
Experiential learning
Excellent Teacher-Student ratio



WE ARE NOW CO-ED AND SENIOR SECONDARY
Nursery to Class 12th!
Join our legacy of excellence and holistic development.
Call Us 6397909778 / 9411110395
For more details, visit www.lpsnainital.edu.in
RAJBHAWAN ROAD TALLITAL NAINITAL UTTARAKHAND - 263002




Rakhi Sah

Vrindavan Public School-Vrindavan Public School was established in 2009 under the C.L. Sah Memorial Education Society with the aim offostering the holistic development of young learners. The school is recognised by the Government of Uttarakhand and, as a Playway and Preparatory School, has successfully nurtured students in both academics and extracurricular activities. The school's clean, green, sunny, and spacious environment provides excellent facilities for the physical and mental growth of children, helping them become bright and confident individuals. This English-medium school is efficiently managed by a dedicated team under the guidance of the Principal, Mrs. Rakhee Sah, who emphasizes a nurturing atmosphere for all-round development. The school has introduced smart classes and projectors to make learning more interactive and engaging. It also promotes activities that develop gross motor skills, such as Origami, Dance, Taekwondo, and games, forming an essential part of its physical education program. Additionally, the school offers a centralized heating and cooling system for the comfort of students.

## आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा पाइन क्रस्ट स्कूल



आयारपाटा की सुंदर वादियों में पाईन क्रस्ट बोर्डिंग स्कूल देश के विभिन्न प्रांतों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय में समस्त सुविधायें उपलब्ध हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह जरूरत के मुताबिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाता है। प्रबन्धक संतोष कुमार कहते हैं कि जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है।

## छात्राओं के लिये खोले लौंगव्यू पब्लिक स्कूल ने द्वार



लौंगव्यू पब्लिक स्कूल वर्तमान में छात्रों के साथ छात्राओं को भी उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान कर रहा है। नि:संदेह इस स्कूल ने अल्प समय में सफलता की सीढ़ियां तय कर शिक्षा की दिशा में नवीन आयाम स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल है कि विद्यालय में दी जा रही उत्कृष्ठ शिक्षा व कुशल संचालन को लेकर देश की कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यह विद्यालय नगर व राज्य में अपना प्रमुख स्थान हासिल करने में कामयाब हुआ है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित लौंगव्यू पब्लिक स्कूल बारहवीं कक्षा तक विद्यालय का संचालन कर रहा है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ भावी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए पठन पठन कार्य किया जाता है। प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिसका लाभविद्यार्थियों को मिलता है। जिसके बल पर विद्यालय प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर है।

## प्रतिभाओं को उभारने के साथ निरंतर प्रगति के पथ पर मदर हार्ट स्कूल



नगर के प्रमुख पब्लिक स्कूलों में सुमार मदर हार्ट पब्लिक स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय पूर्णरूप से शिक्षा के मापदंडों के साथ बच्चों के चहुमुखी विकास करते आ रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा पठन पाठन कार्य संचालित किया जाता है। साथ ही बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नगमा परवेज कहती हैं कि उनका जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित है। जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।

## नैनीताल का गौरव है शेरवुड कालेज



फर्स्ट एयर मार्शल मानेक शाह और मिलेनियम स्टार अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज पुरुषों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में हजारों नामी गिरामी हस्तियों का भविष्य संवारने वाले शेरवुड कालेज को नैनीताल का गौरव कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी और वर्तमान में भी विद्यालय देश के उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने वाले नामचीन स्कूलों में सुमार है। शेरवुड कॉलेज सह शिक्षा (को-एड.) पूर्ण रूप से आवासीय है। जिसमें विद्यार्थियों के भोजन, आवास तथा अन्य समस्त उत्तम सुविधायें विद्यालय प्रदान करता है। वैश्विक शिक्षा क मद्देनजर पठन-पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह सभी सुविधायें विद्यालय में मौजूद है, जो वर्तमान में जरूरत के हिसाब से आवश्यक होती है। अंग्रेजी माध्यम से यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। वर्तमान में प्रधनाचार्य अमनदीप संधू विद्यालय का संचालन कर रहे है। वह कहते हैं कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं और विद्यालय का गौरव बनाये रखने का प्रयास सर्वोपरि रहता है। वर्तमान में देश के तमाम प्रांतों के बच्चे विद्यालय में अध्ययनरत हैं।


VRINDAVAN PUBLIC SCHOOL
(Playway to Class 2)
Recognised By Govt. of Uttarakhand
A Unit Of C.L. SAH Memorial Education Society
Regd. 88/2009



Contact - 05942-237038 E-mail - vrindavanschool09@gmail.com



THE MOTHSER'S HEART SCHOOL
NAINITAL
GOVERNMENT RECOGNISED
A Co-ed English Medium Day/ Residential School
- A reputed school from nursary to V
- Teaching with audio visul play way method
- Preparing children for prestigious Schools in Nainital
- Excellent result since 1999.

Provides day boarding facility also
Shanti Niketan, Near Rikshaw Stand, Mallital, Nainital
Ph.: 9837347989, E-mail: themothersheart123@gamil.com



BIRLA VIDYA MANDIR, NAINITAL
(Sarala Birla Group of Schools) (Estd. 1947)
A Fully Residential English Medium Public School for Boys
Ranked amongst Top - 10 Boys Boarding Schools in India, as per Education World 2024 ranking
Website: birlavidvamandir.com
Phone: 05942 - 238993, 238729, +91 9410338207

Key Features:
- A legacy boarding school campus, founded in 1870.
- 70-acre campus with the greenest environs amongst Indian boarding schools.
- The only school in Nainital with a central heating facility.
- Distinguished old boys include Jim Corbett (Oak Openings High School), Anil Sadgopal (Jamnalal Bajaj awardee), Lt. General J. S. Ahluwalia (PVSM), Dr. Anand Mishra (Professor & Head, Endocrine Surgery, KGMU, Lucknow) and Danny Denzongpa.
- Excellent Board results over the decades, backed by a learning environment which is augmented by an experienced faculty, modern teaching pedagogy, personalised care and well-equipped science, robotics and IT labs.
- A judicious mix of co-scholastic activities through a variety of clubs, societies and hobby centres. Hosts Annual National Inter-School Literary and Sports Conclave, with a wide participation of schools.

Distinguished Knowledge Affiliates


## देश के अग्रणी स्कूलों में सुमार बिड़ला विद्या मंदिर



देश में बिड़ला विद्या मंदिर अग्रणी पब्लिक स्कूलों में अपना अलग नाम व मुकाम हासिल किया है। जिसके फलस्वरूप यह विद्यालय अपना एक अलग स्थान कायम किए हुए है। सीबीएसई से संबंद्ध यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के सर्वाधिक ऊंचाई वाले नैसर्गिक वातावरण में स्थित है। बिड़ला विद्या मंदिर देश के अग्रणी सीबीएसई बोर्ड विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। देश-विदेश के कई हिस्सों से सैकड़ों की संख्या में छात्र वर्तमान में अध्ययनरत हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखकर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ उन्हें एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास रहता है। जिसे ध्यान में रखकर विद्यालय में अनिवार्य विषयों के अलावा तमाम प्रतिस्पधाओं में भी छात्रों को निपूर्ण बनाया जाता है। विद्यालय का इतिहास है कि बोर्ड परिक्षाफल शत-प्रतिशत रहा है। जिसे भविष्य में भी कायम रखा जायेगा।


Sherwood College Nainital
Since 1869




Class III to XII
Cradle of Leadership
AMAR UJALA Education for Bharat Editor's Choice School Excellency Award 2025
Admission Queries +91 9456316655, 9458307729 www.sherwood.edu.in